* ओड़िशा संस्करण
10 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 81

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

WILD WAADI PARK
An Entertainment Hub
एशिया का
तीसरा सबसे बड़ा फ्लावर पार्क
अब रांची में
HAJAM ROAD, RANCHI (JH.)
Contact Now : 9304816880

#HOCKEYINVITES
ENROUTETOPARIS

FIH
HOCKEY INDIA

FREE ENTRY

FIH
## HOCKEY OLYMPIC QUALIFIERS 2024
## RANCHI

### FIH HOCKEY OLYMPIC QUALIFIERS RANCHI 2024
MARANG GOMKE JAIPAL SINGH ASTROTURF HOCKEY STADIUM, RANCHI

| | | | |
|---|---|---|---|
| INDIA | CHILE | CZECH REPUBLIC | GERMANY |
| ITALY | JAPAN | NEW ZEALAND | UNITED STATES |

13-19 JANUARY 2024

# JHARKHAND...
## After Conquering Asia Now Ready to Embrace the World



INDIA
WATCH LIVE ON
sports 18
JioCinema

HEMANT SOREN
Chief Minister, Jharkhand

GLOBAL PARTNERS: ODISHA INDIA'S BEST KEPT SECRET, Nike, Watch Hockey
NATIONAL PARTNERS: ODISHA INDIA'S BEST KEPT SECRET
GLOBAL SUPPLIER: polytan
NATIONAL SUPPLIERS: SHALBY DIVINE, Sportz

P.R. 315577 (IPRD) 23-24
INFORMATION & PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT, JHARKHAND

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# कहानी झारखंड आंदोलन की रीढ़ कहे जाने वाले अग्रणी पंक्ति के योद्धा जस्टिस एलपीएन शाहदेव की

■ संघर्षों से तप कर अपनी और झारखंड की सफल कहानी लिख डाली

■ कैसे लातेहार के बीहड़ गांव में जन्मा बच्चा उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बना

■ कभी खुद बोरा लेकर स्कूल जाते थे, आज वही स्कूल उनके नाम से जाना जाता है

■ विचार: झारखंड की सत्ता यहां के आदिवासियों और मूलवासियों के हाथ होनी चाहिए

जस्टिस एलपीएन शाहदेव जिनका नाम लेते योद्धा की तस्वीर सामने आती है। यह नाम झारखंड ही नहीं, पूरे देश में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। जस्टिस एलपीएन शाहदेव झारखंड का पहला भूमि पुत्र, जिसे उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। कभी बोरा लेकर स्कूल जानेवाला बच्चा, कैसे जज की कुर्सी तक पहुंचता है। यह कहानी अपनेआप में ही प्रेरणा का स्रोत है। गरीबी मेलों कपड़ों से झलकती थी, लेकिन ज्ञान और मेहनत के इतने धनि की झारखंड की आने वाले पीढ़ियों की किस्मत बदल डाली। पढ़ाई के प्रति जूनून इतना और इससे अर्जित ज्ञान से उन्होंने खुद को ऐसा हथियार बना डाला, जिसने झारखंड के आंदोलन को नयी दिशा दे डाली। संघर्ष से उनकी दोस्ती थी, संघर्ष ही उनका हथियार, संघर्ष ही उनका जीवन था और संघर्ष ही उनकी कहानी। जस्टिस एलपीएन शाहदेव की कहानी जितनी रोमांचक है, उतनी ही प्रेरक भी। **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह** ने व्यापक शोध के बाद यह कहानी लिखी है।

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

न्यायमूर्ति लाल पिंगला नाथ शाहदेव, यानी जस्टिस एलपीएन शाहदेव, झारखंड के पहले भूमि पुत्र, जिन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। एक ऐसा नाम, जिन्होंने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन को मजबूती प्रदान की। नयी धार दी। झारखंड आंदोलन के प्रणेता जस्टिस लाल पिंगला नाथ शाहदेव का जन्म तीन जनवरी 1930 को लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के बीहड़ जंगल के रोल गांव में हुआ था। न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव राज परिवार से ताल्लुक रखते थे, लेकिन समय के साथ-साथ परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि संघर्षों के महाजाल में जिंदगी कठिन बनती चली गयी। उनका शुरुआती सफर भी बहुत ही संघर्षों भरा रहा। जब उन्होंने पढ़ाई शुरू की, तब लोगों ने कहा कि राजा के बेटे को पढ़ने की क्या जरूरत। अब यह एक अलग ही सामाजिक संघर्ष था। लेकिन श्री शाहदेव को उनके पिता ने पढ़ाना शुरू किया। उन्हें बखूबी पता था कि ज्ञान से बड़ा खजाना और कुछ नहीं। भले राजपाट और जमींदारी चली गयी थी, लेकिन उस परिवार ने कभी भी बुलंदियों को भी अपने माथे से नहीं लगाया। कहते हैं, संस्कार जीवन का वह अमूल्य रत्न है, जिसे न खरीदा जा सकता है और न बेचा। उसे सिर्फ तराशा जा सकता है। बाल शाहदेव के पिता ने उनके मस्तिष्क में कभी आने ही नहीं दिया कि वह राज परिवार के सपूत हैं। पढ़ो और खूब पढ़ो, इसी मंत्र से उन्होंने बाल शाहदेव का पालन पोषण किया। श्री शाहदेव में संस्कार कूट-कूट कर भरा था। वह शुरू से ही आदर्श पथ पर चलते थे।

## सरकारी स्कूल और खुद का बोरा

उनकी प्रारंभिक शिक्षा लातेहार जिला के बीहड़ जंगलों के आसपास के इलाके में ही हुई। वह जंगल जितना घना था, उतना ही अनोखा था। उस जंगल के घनत्व में कुछ तो बात रही होगी, जिसने श्री शाहदेव के रगों में संघर्षों से लड़ने की शक्ति भर दी। उन्हें पढ़ना था। खूब पढ़ना था। फिर क्या था, बाल शाहदेव ने खुद का बोरा उठाया और जमीन पर बिछा कर सरकारी स्कूल में पढ़ाई शुरू की। कक्षा पांच तक वह उसी सरकारी स्कूल में पढ़े। पढ़ने की ललक इतनी कि बीहड़ से निकल पहुंच गये रांची के रातू रोड। काका का घर था और श्री शाहदेव वहीं रह कर पढ़ने लगे। उन्होंने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई बालकृष्णा स्कूल से पूरी की। उसके बाद उन्होंने रांची कॉलेज से अपनी इंटर और ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की। उनदिनों राज परिवार के लोग अपनी संपत्ति एशो-आराम के लिए बेचा करते थे, लेकिन श्री शाहदेव के हिस्से जो संपत्ति आयी थी, उन्होंने उसे अपने पढ़ाई में लगा दी। शुरू से ही संघर्ष पथ पर चलने वाले श्री शाहदेव की जिंदगी में संघर्ष कम नहीं था कि अब नित दिन और नये-नये संघर्षों से उनका सामना होता गया। अब जब दोस्ती ही संघर्ष से कर ली थी, तो सामना तो होता रहेगा। अपने काका के यहां रह कर जब वह पढ़ा करते थे, उस दौरान वहां काफी संख्या में और भी बच्चे रह कर पढ़ा करते थे। पढ़ाई में फोकस बहुत जरूरी होता है। यह वही समझ सकता है, जो पढ़ता है। लेकिन अपने फोकस से श्री शाहदेव डिगे नहीं। मन लगा कर बस पढ़ते रहे। कभी राज परिवार के सपूत रहे श्री शाहदेव के पिता की जमींदारी छिन जाने से आर्थिक तंगी और संघर्ष जिंदगी का एक हिस्सा बन गया। इस संघर्ष का चरम यह रहा कि उन्हें कई बार मैले कपड़े पहन कर भी स्कूल जाना पड़ता था, लेकिन पढ़ाई का जूनून इस कदर था कि वह डिगे नहीं। उन्हें उनके कपड़ों में कभी मैल दिखा ही नहीं। सिर्फ पढ़ना था उन्हें।

## जब कानून पढ़ने पटना गये तब मिंटू लॉज और लोटा की कहानी भी बड़ी दिलचस्प रही

श्री शाहदेव कानून पढ़ना चाहते थे। उस वक्त रांची में कानून की पढ़ाई नहीं होती थी। फिर क्या था, उन्होंने बैग पैक किया और पटना निकल गये। यहां उनकी मुलाकात एक और नये संघर्ष से हुई। बेस्ट फ्रेंड था संघर्ष। साथ नहीं छोड़ता था। यहां संघर्ष का नाम था मिंटू लॉज। श्री शाहदेव मिंटू लॉज में रहने लगे। मिंटू लॉज की भी अलग कहानी थी। वहां पर 50 बच्चों के लिए एक टॉयलेट हुआ करता था। सुबह-सुबह लोटा ले कर लाइन में लगना पड़ता था। सभी को अपने-अपने लोटे की पहचान भी होती थी। आप समझ सकते हैं कि यह तमाम संघर्षों से भी बड़ा संघर्ष था कि आप सुबह-सुबह एक-दो घंटे लोटा लेकर लाइन में खड़े रहिये। एक राज परिवार का खून हाथ में लोटा लिये टॉयलेट के पास खड़ा हो और अपना नंबर आने का इंतजार कर रहा हो। खैर अगर इंसान जुनूनी है, तो ये सारी तकलीफें मामूली बन जाती हैं। मिंटू लॉज में रहकर और अनेकों कठिनाइयां सहकर उन्होंने पटना लॉ कॉलेज से लॉ की पढ़ाई पूरी की।

## जब कुख्यात धनबाद और गया में दिखाया अपना जलवा

अपने कार्यकाल के दौरान श्री शाहदेव की पोस्टिंग कई जगहों पर हुई, लेकिन साल 1980 में न्यायमूर्ति शाहदेव धनबाद में डिस्ट्रिक्ट जज बने। वह गया में भी डिस्ट्रिक्ट जज रह चुके थे। ये दोनों जगहें उन दिनों बहुत ही कुख्यात थीं। धनबाद तो कोयला तस्करों के लिए पहले से ही कुख्यात था और गया था नक्सलवाद के लिए। न्यायमूर्ति शाहदेव की छवि बहुत ही कड़क जज की रही थी। वह निडर थे। उन्होंने बखूबी अपने कर्त्तव्य का निर्वहन किया।



## झारखंड की सत्ता यहां के आदिवासियों और मूलवासियों के हाथ में होनी चाहिए : जस्टिस एलपीएन शाहदेव

जस्टिस एलपीएन शाहदेव का मानना था कि झारखंड की सत्ता यहां के आदिवासियों और मूलवासियों के हाथ में होनी चाहिए, क्योंकि झारखंड को वही समझ सकते हैं। उसका अपेक्षित विकास कर सकते हैं। उनका कहना था कि पांच दशकों तक झारखंड बिहार के अधीन रहा, लेकिन बिहार ने इसका सिर्फ दोहन ही किया। खनिज संपदा से संपन्न झारखंड को हमेशा उपेक्षित होना पड़ा। यहां के लोगों को तरजीह नहीं दी जाती थी। विकास भी झारखंड से कोसों दूर था। श्री शाहदेव का मानना था कि झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों को उनका हक मिलना चाहिए। उनका स्पष्ट मानना था कि झारखंड के लोग बिहार जाकर चुनाव नहीं लड़ सकते हैं, लेकिन बिहार के लोगों



को यहां के लोग सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। अब समय आ गया है कि झारखंड के लोग भी अपनी किस्मत का फैसला खुद करें।

## जब न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव की गिरफ्तारी से पूरे देश में हड़कंप मच गया



फिर 21 सितंबर का वह दिन भी आ गया। झारखंड में अभूतपूर्व बंद का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति शाहदेव की नेतृत्ववाली 16 राजनीतिक दलों की सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति अब कमर कस चुकी थी। पहले माटी और फिर पार्टी का नारा बुलंद हुआ। हजारों-हजार कार्यकर्ता सड़क पर उतर गये थे। कहीं कोई जोर-जबरदस्ती नहीं हुई। लोग खुद ही स्वेच्छा से बंद को सफल बनाने निकल पड़े। रेल आवागमन भी प्रभावित हुआ। बस, टेंपो और अन्य साधन भी ठप रहे। ऐसा प्रतीत हो रहा था, जैसे पूरा झारखंड एक होकर कह रहा हो कि अब हमें बिहार से मुक्ति दो। आंदोलन के क्रम में 21 सितंबर को झारखंड बंद के दौरान जुलूस का नेतृत्व करते हुए न्यायमूर्ति शाहदेव को पुलिस ने शहीद चौक के पास गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोतवाली ले जाया गया। वहां उन्हें और उनके संग सैकड़ों कार्यकर्ताओं को घंटों रखा गया। न्यायमूर्ति शाहदेव की गिरफ्तारी से पूरे देश में हड़कंप मच गया था, क्योंकि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था कि उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को आंदोलन के क्रम में गिरफ्तार किया गया हो। आंदोलन के इस दौर में न्यायमूर्ति शाहदेव ने एक नयी ऊर्जा का संचार किया था। सदानों का एक बड़ा वर्ग, जो इस आंदोलन को शंका से देखता था, वह भी इस आंदोलन से पूरे तरीके से जुड़ गया था। कई बार ऐसा समय भी आया, जब केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य के आंदोलन को संवैधानिक भूल-भुलैया में उलझाने की कोशिश की थी। तब न्यायमूर्ति शाहदेव ने इसका जबरदस्त प्रतिकार किया था। उन्होंने ही सर्वप्रथम बताया था कि अगर बिहार विधानसभा विरोध भी करे, तो भी अलग राज्य का गठन हो सकता है। श्री शाहदेव ने यह भी स्पष्ट किया था कि अलग राज्य के गठन संबंधी विधेयक को सदन में मामूली बहुमत से भी पारित कराया जा सकता है। इस विधेयक से संविधान संशोधन होने के कारण ज्यादातर लोग यह समझते थे कि इसे पारित करने हेतु दो-तिहाई बहुमत की जरूरत है। न्यायमूर्ति शाहदेव ने विधि विशेषज्ञ के रूप में झारखंड आंदोलनकारियों के प्रतिनिधि के रूप में कई बार केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों से बातचीत की थी। केंद्र भी झारखंड आंदोलन की व्यापकता के कारण इसे नजरअंदाज नहीं कर पाया।

## सपना हुआ साकार, मिल गया झारखंड

न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव झारखंड आंदोलन की रीढ़ थे। झारखंड आंदोलनकारियों का जूनून ही था, जब 1999 में अलग राज्य झारखंड का बिल पास हुआ और 2000 में झारखंड बना। झारखंड बनने के बाद भी न्यायमूर्ति शाहदेव सामाजिक रूप से उतने ही सक्रिय रहे। वह बैठे नहीं रहे। उन्होंने फिर एक और नया लक्ष्य निर्धारित किया। आंदोलनकारियों के हक की लड़ाई की कमान संभाली। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद आंदोलनकारियों के साथ गलत बर्ताव हो रहा था। बहुत से आंदोलनकारियों को पुराने केस में जेल में बंद किया जाने लगा था। उसी क्रम में चाइबासा के एक आंदोलनकारी भी इसका शिकार हुए। न्यायमूर्ति शाहदेव उस आंदोलनकारी के घर पहुंच गये और उसे हर प्रकार की कानूनी सहायता दी। वहीं पर उन्होंने कहा था और अखबार में लिखा भी था कि जिन आंदोलनकारियों को सम्मान मिलना चाहिए था, उन्हें जेल मिल रहा है।

## न्यायिक सेवा में एंट्री और जीवन संगिनी का आगमन

श्री शाहदेव का जन्म एक अहम कार्य के लिए हुआ था और उस कार्य को करने वह निकल पड़े थे। साल था 1958, जब एलपीएन शाहदेव ने न्यायिक सेवा में एंट्री मारी। उनकी नियुक्ति मुंसिफ मजिस्ट्रेट के रूप में हुई। उन्हें पूरे बिहार में सातवां स्थान प्राप्त हुआ था। जब मेडिकल हुआ, तब इन्हे ब्लड-प्रेशर की शिकायत हो गयी। ब्लड-प्रेशर के कारण मेडिकल बोर्ड ने इन्हें रिजेक्ट कर दिया। फिर श्री शाहदेव ने हाइकोर्ट में अपील की। इस बीच उन्होंने डॉक्टर से संपर्क भी किया। इनका बीपी भी कंट्रोल हो गया था। हाइकोर्ट ने कहा कि अगर दवा से बीपी कंट्रोल हो रहा है, तो इन्हें थोड़े मिलिट्री सर्विस में जाना है। फिर से बीपी जांचा गया। बीपी नॉर्मल था। करीब नौ महीने के संघर्ष के बाद श्री शाहदेव को नौकरी में रखा गया। साल 1960 में श्री शाहदेव की शादी प्रभा शाहदेव से हो गयी। प्रभा शाहदेव तत्कालीन डीएसपी शिव प्रसाद सिंह की पुत्री थीं। जैसे ही श्री शाहदेव के जीवन में प्रभा शाहदेव का आगमन हुआ, मानो श्री शाहदेव का भाग्योदय हो गया। प्रभा शाहदेव एमए पास थीं। वह आसानी से लेक्चरर बन सकती थीं, लेकिन उन्होंने परिवार को संभालना ज्यादा उचित समझा। वह जीवन भर जस्टिस एलपीएन शाहदेव की सबसे मजबूत स्तंभ बन कर रहीं। दोनों के पांच बच्चे हुए। चार लड़की और एक लड़का। सबसे बड़ी पुत्री संगीता देव, उसके बाद कृति देव, बबिता देव, शिल्पी सिंहदेव और सबसे छोटे पुत्र प्रतुल शाहदेव। प्रतुल शाहदेव आज जानी-मानी राजनीतिक शख्सियत हैं। वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रदेश प्रवक्ता हैं।

## मुंसिफ मजिस्ट्रेट से हाइकोर्ट के जज तक का सफर

साल 1986 के सितंबर में न्यायमूर्ति एलपीएन शाहदेव हाइकोर्ट के जज बने। एक मुंसिफ मजिस्ट्रेट से हाइकोर्ट के जज तक का सफर आसान नहीं था। उन दिनों यह कोई आम बात नहीं थी कि कोई मुंसिफ मजिस्ट्रेट से अपना सफर शुरू किया हो और सब जज, एडिशनल जज, डिस्ट्रिक्ट जज का रास्ता अख्तियार करते हुए हाइकोर्ट का जज बना हो। यह सिर्फ और सिर्फ न्यायमूर्ति शाहदेव का जुनून और काम के प्रति निष्ठा ही थी, जो कभी खुद का बोरा लिये स्कूल जाने वाला बच्चा आज हाइकोर्ट का जज था। उसके बाद उनका तबादला पटना हाइकोर्ट के रांची बेंच में हुआ। यहीं से वह 1992 में रिटायर भी हुए।

## अलग झारखंड का आंदोलन और जस्टिस शाहदेव का योगदान

लेकिन यह रिटायरमेंट तो न्यायिक सेवा से हुआ था, असल में तो यहां से अब उनकी नयी शुरुआत होनेवाली थी। नयी शुरुआत, मतलब अब जिंदगी के सबसे बड़े संघर्ष से उनकी मुलाकात होनेवाली थी। अब जब उन्होंने यारी ही संघर्ष से कर ली थी, तो आराम तो उनके लिए हराम ही था। निकल पड़े अपने नये सफर की ओर, नये पड़ाव की ओर, एक नये संघर्ष की ओर। संघर्ष अलग राज्य का, संघर्ष झारखंड का। यहां बताना महत्वपूर्ण हो जाता है कि जस्टिस शाहदेव झारखंड के पहले भूमिपुत्र थे, जिन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। जब न्यायमूर्ति शाहदेव सेवानिवृत्त हुए, तो वह बैठे नहीं। उन्होंने कलम उठा ली। अपने लेखों के जरिये, विचारों के जरिये कई सार्वजनिक मंचों और अखबारों से अलग झारखंड राज्य के लिए उन्होंने तपस्या शुरू की। उनके प्रयासों से सदानों का एक बड़ा वर्ग तथा राज्य के बुद्धिजीवी भी अलग राज्य के आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने लगे। न्यायमूर्ति शाहदेव ने 1998-1999 के दौर में अलग राज्य के आंदोलन का नेतृत्व किया था। रिटायरमेंट के बाद वह खुल कर अलग राज्य के आंदोलन से जुड़ गये। इनका हरमू आवास आंदोलनकारियों और नेताओं का अड्डा हुआ करता था। यहां आंदोलन की रूपरेखा से लेकर स्वरूप तक पर व्यापक चर्चा होती थी।

## केंद्र सरकार के सामने तन कर खड़े रहे

जब-जब केंद्र सरकार ने आंदोलन को संवैधानिक भूल-भुलैया में फंसाने की कोशिश की, तो न्यायमूर्ति शाहदेव कानून विशेषज्ञ के रूप में सामने आये। उसी वक्त सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति अस्तित्व में आयी थी। अलग राज्य के प्रबल समर्थक एवं गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने के कारण सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति शाहदेव को सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति का संयोजक चुना गया। 1998 में श्री शाहदेव ने सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति के संयोजक के रूप में आंदोलन की कमान भी संभाल ली। यह वह दौर था, जब झारखंड में भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आजसू, वामदल, जदयू सहित विभिन्न विचारधारा के कुल 16 दल अलग राज्य के गठन के लिए एक मंच पर आये थे। यह झारखंड आंदोलन के बिखराव और ठहराव का दौर था। 1998 में केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य के गठन संबंधी बिल को सदन में पेश कर राय जानने के लिए बिहार विधानमंडल में भेजने की घोषणा की थी। यह वही दौर था, जब बिहार सरकार का दमन चरम पर था। बिहार सरकार अलग राज्य नहीं देना चाहती थी और आंदोलनकारी अलग राज्य के लिए मर-मिटने तक को तैयार थे।



## जब लालू यादव ने कहा, झारखंड मेरी लाश पर बनेगा

इस घोषणा से बौखला कर लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि बिहार का बंटवारा उनकी लाश पर होगा। तारीख 21 सितंबर, साल 1998। बिहार विधानमंडल में झारखंड विधेयक पर वोटिंग होनी थी। बिहार विधानसभा में उत्तर और मध्य बिहार के विधायकों के बहुमत को देखते हुए यह निश्चित था कि झारखंड विधेयक विधानसभा में गिर जायेगा। सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति की संयोजक मंडली ने यह निर्णय लिया कि 21 सितंबर को ही झारखंड बंद का आयोजन हो। इसके पीछे तर्क था कि विधेयक तो विधानसभा में वोटिंग के दौरान गिर जायेगा, लेकिन अगर झारखंड बंद सफल रहा, तो केंद्र को यह स्पष्ट संदेश जरूर जायेगा कि अलग राज्य के मुद्दे पर झारखंड एकमत है। उन दिनों लालू यादव द्वारा यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि झारखंड की मांग सिर्फ मुट्ठी भर आदिवासियों की मांग है। लालू प्रसाद यादव ने बंद को विफल करने के लिए पूरी तैयारी की थी। पूरी रांची पुलिस छावनी में तब्दील हो चुकी थी, लेकिन झारखंड की जनता में भी लालू यादव के खिलाफ जबरदस्त उबाल था। ऐसा प्रतीत होता था कि दक्षिण बिहार उसी समय शेष बिहार से मानसिक रूप से अलग हो गया हो। राजनीतिक दलों के अतिरिक्त झारखंड क्षेत्र के लगभग सभी व्यावसायिक और सामाजिक संगठनों ने बंद का समर्थन किया था। कुछ ऐसा नजारा था कि जनता आगे और नेता पीछे हो गये।

## शिक्षा के क्षेत्र में सुधार

2005 में न्यायमूर्ति शाहदेव को झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया। उनकी यह भी कोशिश रही कि एक कक्षा में उतने ही छात्र होने चाहिए, जितने जरूरी हों। ठूंसनेवाली प्रथा के वह खिलाफ थे। उन्होंने अपने शुरूआती दौर में ही यह पाठ पढ़ लिया था। वह प्राइवेट स्कूल में फीस स्ट्रक्चर को लेकर भी बहुत मुखर रहे। जस्टिस एलपीएन शाहदेव की मृत्यु 10 जनवरी 2012 को हुई। वहीं उनकी पत्नी प्रभा शाहदेव का निधन 11 अप्रैल 2021 में हुआ था। प्रभा शाहदेव जीवन भर अपने पति जस्टिस एलपीएन शाहदेव की ताकत बनी रहीं और उनके साथ एक मजबूत स्तंभ के रूप में खड़ीं रहीं। जिस झारखंड अलग राज्य के लिए जस्टिस शाहदेव सड़क पर उतरे, पुलिस गिरफ्त में आये, उस झारखंड ने भी अपने भूमिपुत्र का मान रखा। उनकी पहचान को अक्षुण्ण रखने के लिए ही जिस स्कूल में एक बालक के रूप में वह टाट का बोरा लेकर पढ़ने जाया करते थे, आज उन्हीं के नाम से वह स्कूल जाना जाता है। उस स्कूल का नामकरण राज्य मंत्रिमंडल ने 2012 में जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय कर दिया। यही नहीं, जिन आंदोलनों की बदौलत झारखंड अलग राज्य बना, उनमें शामिल आंदोलनकारियों को सम्मान देने की परंपरा भी कायम हुई। न्यायमूर्ति शाहदेव का तैल चित्र विधानसभा में लगाया गया है, जिसका अनावरण तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह ने किया था। यही नहीं, मुख्यमंत्री आवास के सामने स्थित चौक का नामकरण जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक किया गया, जिसका उद्घाटन 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। हर साल 10 जनवरी को उस चौक पर हजारों-हजार लोग अपने नायक के सम्मान में सिर नवाते हैं। पुष्प अर्पित करते हैं। यह सच है कि जानेवाले लौट के कभी नहीं आते, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि उनके कर्म बार-बार याद आते हैं और उन कर्मों को याद कर लोग अपने नायक के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। आज उस नायक को श्रद्धासुमन के रूप में मेरे दो शब्द। पेज 6 भी देखें

10 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 81

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

26 खिलाड़ियों को अर्जुन, 5 कोच को द्रोणाचार्य पुरस्कार और तीन को लाइफ टाइम सम्मान से नवाजा गया



**राम मंदिर**
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
12 दिन शेष



## न्यूज रील्स

### पूर्व विधायक पप्पू यादव से इडी ने की पूछताछ

रांची। अवैध खनन मामले में पूर्व विधायक राज किशोर यादव उर्फ पप्पू यादव से मंगलवार को इडी ने पूछताछ की। इडी ने 3 जनवरी को उनके ठिकानों पर छापेमारी के बाद उन्हें समन किया था। सूत्रों के मुताबिक वह कई सवालों का संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाये। इडी ने अवैध खनन मामले में ही साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह को 11 जनवरी, कारोबारी विनोद कुमार सिंह को 15 जनवरी, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू को 16 जनवरी का समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है।

### लक्षद्वीप में एयरपोर्ट बनाने की तैयारी

नयी दिल्ली। लक्षद्वीप-मालदीव विवाद के बीच खबर आ रही है कि भारत सरकार लक्षद्वीप में नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी कर रही है। इसे लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड में बनाया जायेगा। जहां फाइटर जेट्स, मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन और कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट ऑपरेट कर सकेंगे।

### महिला ने चार साल के बेटे की हत्या की

पणजी। बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी की सीइओ ने गोवा के एक होटल में अपने 4 साल के बेटे की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बैग में भरकर टैक्सी से बेंगलुरु के लिए रवाना हो गयी। गोवा पुलिस की जानकारी के बाद कर्नाटक पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके बैग से बेटे की बॉडी बरामद हुई है। महिला की पहचान 39 साल की सूचना सेठ के रूप में की गयी है। वह स्टार्टअप कंपनी माइंडफुल अकलैब की फाउंडर और सीइओ है।

### कानून सही है तो विपक्ष सहयोग करे : बिरला

भोपाल। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को भोपाल में थे। उन्होंने कहा कि कोई भी स्पीकर नहीं चाहेगा कि उसकी अध्यक्षता वाले सदन के सदस्यों का निलंबन हो। संसद की भी कुछ मयार्दा होती है। सदस्यों को इसका ध्यान रखना चाहिए। बिरला ने यह बात विधानसभा में विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से चर्चा में कही। उन्होंने संसद की सुरक्षा पर कहा कि इसको लेकर लोकसभा में चर्चा की जायेगी।

### उत्तरप्रदेश में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए 22 जनवरी को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश का निर्देश दिया है। इस दिन स्कूल-कॉलेज, कार्यालय आदि में अवकाश रहेंगे। इस विशिष्ट अवसर को 'राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा देते हुए 22 जनवरी को प्रदेश में शराब आदि की दुकानें बंद रखने का भी निर्देश दिया गया है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट से 34 प्रस्ताव पास

# अधिकारी बिना अनुमति के बाहर की जांच एजेंसी के समन पर नहीं जायेंगे

## विभागीय प्रमुख के माध्यम से मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग को देनी होगी सूचना

- रांची में बनेगा ताज होटल, गिरिडीह हवाई अड्डा का होगा विस्तार
- एनसीसी कैडेट का भोजन भत्ता बढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के अधिकारी अब राज्य के बाहर की जांच एजेंसियों (इडी-सीबीआइ) के बुलावे पर झारखंड सरकार की अनुमति ले कर जायेंगे। इतना ही नहीं झारखंड सरकार की अनुमति के बिना अधिकारी कोई दस्तावेज भी एजेंसी को उपलब्ध नहीं करायेंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव को मंगलवार को कैबिनेट से मंजूरी दी गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में अधिकारियों के



कंद्रीय जांच एजेंसी को लेकर दिशा-निर्देश के अलावा रांची में ताज होटल निर्माण, गिरिडीह हवाई अड्डे का विस्तार, एनसीसी कैंडिडेट का भोजन भत्ता बढ़ाने समेत 34 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**निगरानी विभाग होगा नोडल विभाग:** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने केंद्रीय (बाहर की) एजेंसियों से प्राप्त समन, अनुपालन के संबंध में दिशा-निर्देश संबंधित प्रस्ताव तैयार किया था। इसके अनुसार राज्य के बाहर की किसी भी केंद्रीय जांच एजेंसी (इडी, आइटी, सीबीआइ आदि) अगर झारखंड के किसी अधिकारी और कर्मचारी को समन या नोटिस करेंगी तो संबंधित व्यक्ति पहले विभाग प्रमुख को जानकारी देगा। विभाग की तरफ से मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को इसकी सूचना दी जायेगी। निगरानी विभाग इस पर विधि विभाग से परामर्श करेगा। इसके बाद निगरानी विभाग तय कर बतायेगा कि आगे क्या करना है। निगरानी विभाग इसके लिए नोडल के रूप में काम करेगा। इस पर कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- संयुक्त और अपर सचिव रैंक के अधिकारियों को लैपटॉप या टैबलेट दिया जायेगा।
- एनसीसी कैडेट्स को शिविर में भोजन भत्ता अब 100 की जगह 150 रुपये प्रति कैडेट प्रति दिन मिलेगा।
- जमशेदपुर स्थित रघुनाथ मुर्मू यूनिवर्सिटी में नियुक्ति के लिए पद स्वीकृत।
- कोर कैपिटेल एरिया में रांची में ताज होटल निर्माण की मंजूरी।
- अजीम प्रेमजी स्कूल के लिए इटकी में फाउंडेशन को 60 लाख 72 हजार 162 रुपये में 99 साल के लिए लीज पर दिया गया।
- रांची, लातेहार, हजारीबाग, दुमका, बोकारो, रामगढ़, चाइबासा और सरायकेला खरसावां में साइबर थाना बनाने की मंजूरी।
- नामकुम-डोरंडा रोड 126 करोड़ में फोरलेन होगा
- राज्य में 2500 आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे।
- धनबाद में गया रेलवे ब्रिज के निर्माण होगा।
- खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा पथ के निर्माण के लिए राशि की मंजूरी।
- पाकुड़ में बाइपास निर्माण की 36.25 करोड़ रुपये की स्वीकृति।
- आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की रिटायरमेंट उम्र में संशोधन की मंजूरी।
- तीन डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति।
- झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका (संशोधन) नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति।
- पूर्व विधायक स्व. जगरनाथ महतो एवं अन्य के विरुद्ध दर्ज मामले के वापसी की स्वीकृति।

# 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' महाअभियान कल

- सोशल मीडिया पर महाअभियान को लेकर हुई बैठक
- हैशटैग पर तस्वीर और वीडियो की जायेगी पोस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित अनूठी पहल 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' के व्यापक एवं सकारात्मक परिणाम को देखते हुए दिनांक 11 जनवरी को महाअभियान चलाया जायेगा। उस दिन सुबह सभी जिलों में स्कूल आते हुए बच्चों की सीटी बजाती हुई तस्वीर या वीडियो सोशल मीडिया पर टैग करते हुए पोस्ट किया जायेगा। इस मामले पर मंगलवार को शिक्षा विभाग की बैठक हुई। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

इस सोशल मीडिया महाअभियान में राज्य के प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, छात्र-छात्रायें, अभिभावक आदि अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। इस महाअभियान में समाज के प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इनके अलावा सरस्वती वाहिनी के सदस्य एवं माता समिति के सदस्य भी इसमें शामिल होंगे। सिक्षा सचिव ने सभी को व्यापक तैयारी का निर्देश दिया। महाअभियान को देखते हुए स्कूलों को पर्याप्त सीटी रखने का निर्देश दिया गया। जिन विद्यालयों ने अबतक सीटी का क्रय नहीं किया है, उन्हें तत्काल इसका क्रय कर लेने का निर्देश दिया गया है। महाअभियान की सफलता के लिए जिला, ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों को जारी दिशा निर्देशों में स्पष्ट किया है कि इस सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए सोशल मीडिया के सभी माध्यमों का प्रचुर इस्तेमाल करें। सिर्फ एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ही नहीं, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और कू एप का भी इस्तेमाल सुनिश्चित करें। सभी माध्यमों द्वारा हैशटैग को पोस्ट करें।

गौरतलब है कि 'सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ' अभियान को सिमडेगा जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। जिले में इसके सकारात्मक परिणाम को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पूरे राज्य में इस अभियान को अभियान के रूप में शुरू करने का निर्णय लिया। इसके तहत प्रतिदिन प्रातः स्कूल में हाउस के कैप्टन और क्लास मॉनिटर सीटी बजाते हुए अपने गांव, कस्बो, टोलो के बच्चों को स्कूल चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

# मोदी ने यूएइ राष्ट्रपति के साथ किया रोड शो

गुजरात में शुरू हुआ ग्लोबल ट्रेड शो, प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** गुजरात वाइब्रेंट समिट से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ रोड शो किया। अहमदाबाद एयरपोर्ट से गांधीनगर तक तीन किमी का लंबा रोड शो हुआ। इससे पहले मोदी ने एयरपोर्ट पर नाहयान का स्वागत किया। सड़क के किनारों लोगों की भीड़ ने हाथों में झंडे लेकर दोनों नेताओं का स्वागत किया। दोनों नेताओं के स्वागत में नारे भी लगाये गये।

विदेश मंत्रालय ने एयरपोर्ट पर यूएइ के राष्ट्रपति का अभिवादन करते हुए पीएम मोदी के साथ की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि 'दोस्ती के मजबूत बंधन की पुष्टि!' वहीं पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा,




आपका हमसे मिलना हमारे लिए सम्मान की बात है। भारत में आपका स्वागत है मेरे भाई, मोहम्मद बिन जायद।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन की पूर्व-संध्या पर 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक व्यापार प्रदर्शनी-2024' का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में कुल 20 देश शिरकत कर रहे हैं। वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन का प्रधानमंत्री बुधवार को उद्घाटन करेंगे। यूएइ के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान मुख्य अतिथि के रूप में शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

### छतरपुर विधायक पुष्पा देवी की गाड़ी पर हमला



पलामू (आजाद सिपाही)। छतरपुर की भाजपा विधायक पुष्पा देवी की गाड़ी पर हमला हुआ है। उनके साथ गाड़ी में पूर्व सांसद मनोज कुमार भी थे। घटना छतरपुर में एनएच 98 पर हुई। गाड़ी में सवार विधायक और पूर्व सांसद बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार, बस चालक संघ ने हिट एंड रन कानून के विरोध में सड़क जाम किया था। वधायक की गाड़ी इस जाम में फंसा था। इस बीच आंदोलनकारी आक्रिशत हो कर उनकी गाड़ी पर हमला किया. विधायक की गाड़ी का शीशा टूट गया है। वे कसी तरह वहां से जान बचा कर भागे। जबकि उनके दोनों अंगरक्षक घायल हो गये हैं। वहीं, आक्रोशित चालकों ने गुजर रही बस को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है।




# लैंड फॉर जॉब केस में इडी की नयी चार्जशीट

हेमा यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती समेत सात लोगों को आरोपी बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/नयी दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब मामले में इडी की तरफ से मंगलवार को एक नयी चार्जशीट दायर की गयी है। इडी की नयी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में हेमा यादव के अलावा राबड़ी देवी, मीसा भारती, अमित कात्याल, हृदयानंद चौधरी समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। सूत्रों की मानें तो इसमें दो कंपनी भी शामिल हैं जिनका नाम फिलहाल अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इडी की तरफ से ये चार्जशीट दिल्ली के राउज एवेन्यू स्थित विशेष कोर्ट में दायर की गयी है। कोर्ट की तरफ से इडी को चार्चशीट की इ-कॉपी भी फाइल करने का आदेश दिया गया है। अब इस मामले पर 16 जनवरी को सुनवाई होगी।

इससे पहले 3 जुलाई को लैंड फॉर जॉब मामले में तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया गया था। इस केस में तेजस्वी के अलावा 17 लोग शामिल हैं। इनमें राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी के साथ कई अन्य नये बिचौलियों के नाम को भी शामिल किया गया है। इस मामले में फिलहाल पूरा लालू परिवार जमानत पर हैं।

# राम मंदिर के 42 दरवाजों पर 100 किलो सोने की परत

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के सोने के दरवाजे की पहली तस्वीर सामने आयी है। यह दरवाजा करीब 8 फीट ऊंचा और 12 फीट चौड़ा है। आने वाले 3 दिनों में 13 और दरवाजे लगाये जायेंगे। राम मंदिर में कुल 46 दरवाजे लगेंगे। इनमें से 42 पर 100 किलो सोने की परत चढ़ायी जायेगी।

गर्भगृह में सिर्फ एक दरवाजा



**8** फीट ऊंचा और 12 फीट चौड़ा है दरवाजा

**3** दिनों में 13 और दरवाजे लगाये जायेंगे

होगा। इसकी चौखट के ऊपर भगवान विष्णु की शयन मुद्रा में चित्र को उकेरा गया है। सीढ़ियों के पास 4 दरवाजे लगेंगे। इन पर सोने की परत नहीं होगी। इन दरवाजों को महाराष्ट्र की सागौन की लकड़ी से बनाया गया है। इन पर हैदराबाद के कारीगरों ने नक्काशी का काम किया है। इसके बाद इन पर तांबे की परत लगायी गयी। फिर सोने की परत चढ़ायी जा रही है। राम लला का सिंहासन भी सोने का बनाया जाना है। यह काम भी 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जायेगा। मंदिर का शिखर भी सोने का होगा, लेकिन इस काम को बाद में किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




# पग पग दीप जलायेंगे, राम आयेंगे...



### पूजित अक्षत का किया गया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आये हुए पूजित अक्षत और निमंत्रण मोरहाबादी में घर-घर बांटा गया। 22 जनवरी सभी अपने-अपने घरों में कम से कम पांच दीये जलाने की अपील की गयी। कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार, सुनील कुमार, विनोद यादव, संगीता कुमारी, लीला देवी, राहुल कुमार मौजूद थे।

## 22 को दीपोत्सव मनाने का किया गया आह्वान

**रांची ।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार से चैती दुर्गा मंदिर के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत का वितरण शुरू किया। इसे लेकर पूरे देश में जोरों से तैयारी चल रही है। भुतहा तालाब के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर मंदिर का चित्र और पत्रक पहुंचाने का अभियान शुरू किया गया है।

इस अवसर पर चैती दुर्गा मंदिर के मुख्य संरक्षक किशोर साहू ने कहा की सभी से आग्रह है कि 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों के नजदीकी मंदिरों में सामूहिक रूप से पूजा करें। साथ ही संध्या में पांच-पांच दीपक जला कर अपने घरों में दीप उत्सव मनाये। इसमें समिति के कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह), प्रवक्ता नमन भारतीय, भैरव सिंह, राजेश कुमार, जीतेंद्र जी, अजय राजगढ़, अभिषेक रजक (बाबू), संतोष सिंह, आयुष सिंह, करण सिंह, मोहित रजक, नमन भारतीय, आकाश रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## एमपी ज्यूडिशियल सर्विस एग्जाम के लिए ऑनलाइन कोर्स 24 जनवरी से

**रांची (आजाद सिपाही)।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ की ओर से मध्य प्रदेश ज्यूडिशियल सर्विस एग्जाम 2024 के लिए ऑनलाइन कोर्स शुरू किया जायेगा। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार इसमें विशेषज्ञ परीक्षा को तैयारी के लिए विभिन्न विषयों के बारे में बतायेंगे। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी होंगे। इसमें अभ्यर्थी अपनी तैयारी का आकलन भी कर सकेंगे। यह कोर्स 24 जनवरी से 24 मार्च 2024 तक चलेगा। इसके लिए 23 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। क्लास शनिवार और रविवार को होगा।

### बाबूलाल मरांडी मिले राज्यपाल से, दिलायी चिट्ठी की याद, कहा-

# गांडेय विधानसभा क्षेत्र का नहीं हो सकता है उपचुनाव

## राज्यपाल चुनाव आयोग को जानकारी दें

### राज्य का सत्ता पक्ष खड़ा करना चाहता है संवैधानिक संकट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की। पिछले दिनों गांडेय विधानसभा उपचुनाव कराये जाने की स्थिति में उत्पन्न होनेवाले संवैधानिक संकट से संबंधित भेजे गये पत्र की चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को अपनी चिट्ठी की याद दिलायी, जिसमें कहा गया है कि गांडेय में उपचुनाव नहीं हो सकता, इसलिए आप इसकी जानकारी चुनाव आयोग को भी दें। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी शामिल थे।

राज्यपाल से मिलने के बाद मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायक सरफराज अहमद, जो गांडेय विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दबाव देकर इस्तीफा दिलवा दिया।



सरफराज अहमद पूरी तरह स्वस्थ हैं। वह देश से बाहर भी नहीं जा रहे हैं। ऐसे में उनका इस्तीफा अकारण नहीं हुआ, बल्कि मुख्यमंत्री अपनी जेल यात्रा के पूर्व लालू प्रसाद की तर्ज पर पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में गांडेय के विधायक द्वारा दिये गये इस्तीफे के तहत उपचुनाव नहीं कराया जा सकता है। सेक्शन 151ए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत अगर सामान्य चुनाव में एक साल से कम का समय शेष हो, तो उपचुनाव नहीं कराये जा सकते हैं।

कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्पष्ट किया गया था कि अगर सामान्य चुनाव एक साल के अंदर होना हो, तो उपचुनाव नहीं कराये जा सकते हैं। 8 जनवरी 2023 को उच्चतम न्यायालय द्वारा बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश, जिसमें एक साल की अवधि से कम समय रहने पर भी उपचुनाव कराने का आदेश दिया गया था, उस पर रोक लगा दी गयी है।

कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दिसंबर 2024 में है। सितंबर-अक्तूबर से प्रक्रिया शुरू हो जाती है। जिस दिन विधानसभा क्षेत्र के नियुक्त रिटर्निंग अफसर चुनाव आयोग को विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित करके यह सार्वजनिक कर देता है कि किस दल से और कितने निर्दलीय विधायक निर्वाचित हुए हैं, वही तिथि विधायक के निर्वाचन की मानी जाती है। सत्ताधारी गठबंधन जनता और चुनाव आयोग को दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि राज्यपाल से उनके द्वारा भेजे गये पत्र को चुनाव आयोग को प्रेषित करने का अनुरोध भी किया है।

# पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक का मिलिंद ने पदभार संभाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** रेल मंत्रालय ने मिलिंद देऊस्कर को पूर्व रेलवे का महाप्रबंधक नियुक्त किया है। मिलिन्द देऊस्कर भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के अधिकारी हैं और मूल रूप से भारतीय रेलवे स्टोर्स सेवा (1987 बैच) से हैं। उन्होंने भारतीय रेल में अपर मंडल रेल प्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक, पुणे मंडल, सचिव/रेलवे बोर्ड जैसे अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्यकारी और प्रबंधन पदों को संभाला है। उन्होंने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आइसीएफ), चेन्नई में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे में मुख्य सामग्री प्रबंधक के अलावा कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड में मुख्य सामग्री प्रबंधक के रूप में भी काम किया है। उन्होंने आइएनएसइएडी, सिंगापुर/मलेशिया से उन्नत प्रबंधन जैसे कई प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद से रणनीतिक प्रबंधन मुद्दों पर कार्यशाला में भाग लिया है।



वह एक मैकेनिकल इंजीनियर हैं और मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (तत्कालीन आरईसी और अब एनआईटी) भोपाल के पूर्व छात्र हैं। उन्हें खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में अत्यधिक रुचि है और उन्होंने हमेशा ऐसी गतिविधियों के विकास को संरक्षण दिया है। पूर्व रेलवे में अपने पहले कार्य दिवस पर महाप्रबंधक मिलिन्द देऊस्कर ने पूर्व रेलवे में गतिविधियों, विभिन्न विभागों के प्रदर्शन और विकास पहलुओं का जायजा लेने के लिए सभी प्रमुख अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

### महाप्रबंधक अनिल खंडेलवाल की पहल

# रेलकर्मी की समस्याओं का किया गया निराकरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने मुख्यालय, हाजीपुर में अपने कक्ष में रेलकर्मी/उनके आश्रित से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना। संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात के लिए प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है । इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं। महाप्रबंधक के इस पहल से रेलकर्मियों में काफी हर्ष है।

# निदेशक के परिजनों को जेसीए ने दी सहयोग राशि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड स्थित अध्ययन कोचिंग सेंटर के निदेशक की गत माह जलप्रपात में डूबने से आकस्मिक निधन हो गयी थी। झारखंड कोचिंग एसोसिएशन (जेसीए) ने सर्कुलर रोड़ स्थित हरिओम टावर के प्रांगण में उनके परिवार के सदस्य को आर्थिक सहयोग के तौर पर पचास हजार रुपये का डीडी की राशि दी गयी। साथ ही उनकी आत्म-शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से शांति की कामना की गयी। इस तरह के कार्य जेसीए के द्वारा 2015 से लगातार किया जा रहा है। इसमें झारखंड के सभी कोचिंग संस्थानों का खासकर रांची के कोचिंगों का सहयोग मिलता रहता है। जेसीए ने 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के दिन सर्कुलर रोड़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस मौके पर जेसीए के अध्यक्ष सुनील जायसवाल, संरक्षक अजय सिंह, उपाध्यक्ष एमके गुप्ता, सचिव डी अजित तिवारी एवं जेसीए के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# गोल प्रतिभा खोज परीक्षा का सम्मान समारोह

### गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जी-टी-एस-इ-)

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जोन का सम्मान समारोह बिरसा मुंडा टाउन हॉल, नवाबगंज में मंगलवार को संपन्न हुआ। हजारीबाग जोन से सभी क्वालीफाइड और अवार्ड विनर्स स्टूडेंट के लिए यह आयोजित किया गया था। विदित है कि गोल संस्थान 26 वर्षों का अपना सफर इस वर्ष तय किया है। पिछले 14 वर्षों से इस परीक्षा का आयोजन 6 राज्यों में किया जाता रहा है। जिसमें बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, वेस्ट बंगाल, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा शामिल हैं। जी-टी-एस-इ- 2023 के दो चरणों के इस परीक्षा के प्रथम चरण में जहां 40,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया वहीं मेन एग्जाम में लगभग 8340 छात्र क्वालीफाई किये थे। सेमिनार के माध्यम से उन चयनित छात्रों को रिजल्ट दिया गया, वहीं जोन लेवल पर चयनित छात्रों को पुरस्कार भी दिया जा रहा है। गोल संस्थान के फाउंडर एमडी बिपिन सिंह का कहना है कि आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में स्कूल की पढ़ाई के साथ कंपीटीशन की भी तैयारी छात्र साथ में करते हैं। सभी सफल हुए छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 13 वर्षों में जी-टी-एस-इ- में सफल हुए हजारों छात्रों ने नीट, जे-इ-इ-, आइ-आइ-टी-, सिविल सर्विसेज तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता हासिल किया है। करियर काउंसिलिंग की विशेष सुविधा वेबिनार के माध्यम से गोल से प्राप्त किया जा सकता है।

सभी छात्रों की सफलता का श्रेय छात्रों के कड़ी मेहनत, लगन, दृढ़ इच्छाशक्ति को दिया साथ ही उन सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया जिनके मेहनत



और सही मार्गदर्शन के कारण आज छात्रों ने जी-टी-एस-इ- में सफलता प्राप्त किया है।

बिपिन सिंह छात्रों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि गोल संस्थान के तरफ से आयोजित की जाने वाली जी-टी-एस-इ- परीक्षा गोल संस्थान का (सी-एस-आर-) प्रोग्राम है जो विगत 13 वर्षों से आयोजित किया जाता रहा है।

गोल धनबाद के सेंटर डायरेक्टर संजय आनंद ने बताया कि वैसे छात्र जो मेडिकल या इंजीनियरिंग की तैयारी करना चाहते हैं उनके लिए जी-टी-एस-इ- के आधार पर स्कॉलरशिप दी जाती है। जिसके आधार पर वह गोल के क्लासरूम प्रोग्राम में एडमीशन ले सकते हैं। साथ ही उन सभी छात्रों के लिए भी एक सुनहरा मौका है कि गोल के स्कॉलरशिप-कम-एडमीशन टेस्ट में भाग लेकर गोल के विभिन्न क्लासरूम प्रोग्राम में एडमिशन लेकर पढ़ाई कर सकते हैं।

गोल के आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने गोल संस्थान की पूरी टीम को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई और धन्यवाद दिया। गोल संस्थान ने पूरे झारखंड के 24 जिलों में जी-टी-एस-इ- 2023 को आयोजित किया था।

**इन्हें मिला टैब** - वर्ग 6 के अभिनव कुमार, वर्ग 7वीं के श्वेता, वर्ग 8वीं के शौनक, वर्ग 9वीं के जूही कुमारी, वर्ग 10वीं के मोहम्मद आशिफ।

**इन्हें मिली कलाई घड़ी** - वर्ग 6 के मोहित सिंह, प्रदीप कुमार, वर्ग 7वीं के पुष्प रंजन, मंशा राज, वर्ग 8वीं के हर्ष आनंद, नीतीश कुमार, वर्ग 9वीं के वैष्णवी कुमारी, अंकिता, वर्ग 10वीं के दीपांशु कुमार, प्रीति कुमारी।

**इन्हें मिला बैग** - वर्ग 6ठीं के सत्यम राज, शिवम कुमार यादव, हर्षिका सोनी, अर्चना, विजय कुमार, नंदनी कुमारी, प्रजीत कुमार, वर्ग 7वीं के दिनकर कुमार भारती, नमन लायक, आशीष कुमार, श्वेता, उत्तम, हर्ष कुमार, आशीष कुमार, वर्ग 8वीं के हर्ष, नैतिक कुमार, मोहित राज, कुमार सूरज, मुकुल देव कुमार, श्वेता, स्मृति रानी, वर्ग 9वीं के सुधांशु कुमार, अक्षय कुमार, ऋषभ राज सुमन, सोनी कुमारी, रोशन कुमार, अमन राज, स्नेहा सिन्हा, वर्ग 10वीं के अभिनव सिंह, रौशन कुमार, सपना कुमारी, कोमल कुमारी, अंकिता गुप्ता, शिवम कुमार, अंबिका कुमारी।

इस समारोह का संचालन गोल रांची के सेंटर हेड अभिषेक ने किया तथा गोल रांची से कालीजी, शुभम, हिमांशु, रंजित तथा अन्य पदाधिकारी ने इस आयोजन को सफल बनाने में पूरा योगदान किया। वैसे सभी सफल छात्र जो आज के सेमिनार में अनुपस्थित थे वो गोल संस्थान के रांची ऑफिस से अपना पुरस्कार एवं सर्टीफिकेट ले सकते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सरला-बिरला संस्थान ने बांटा कंबल



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला पब्लिक स्कूल और सरला बिरला विश्वविद्यालय के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच बढ़ती ठंड को देखते हुए बड़ाम पंचायत भवन और महिलोंग जतरा मैदान में कंबल का वितरण किया गया। प्रत्येक वर्ष जनकल्याण के उद्देश्य से स्कूल और विश्वविद्यालय कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच करती रहा है। महिलोंग पूर्व सरपंच राजेंद्र महतो, बड़ाम मुखिया कृष्णा लोहरा, वार्ड छह की वार्ड सदस्य सुमित्रा मिंज, वार्ड आठ की संध्या देवी, वार्ड पाच की रूनी देवी, विद्यालय की मीरा कुमारी, अंजना कुमारी, विक्रम क्षेत्री, ज्योति कुमारी सिंह, पूनम राजदान और राकेश वर्णवाल सम्मिलित हुए।

### केंद्र की योजनाओं से कराया अवगत



रांची (आजाद सिपाही)। हटिया विधानसभा की साहेब पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ। इसमें उपस्थित ग्रामवासियों को केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान प्रदीप वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत, जिला परिषद की सदस्य पूनम देवी, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, पंचायत की मुखिया परदेशिया उरांव, सरपंच गुलरेज अंसारी, भाजपा कार्यकर्ता बजरंग महतो, अशोक कुमार, विभागीय अधिकारी और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### दीपक बंका ने सफलता पर दी बधाई




रांची (आजाद सिपाही)। चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म एनकेडी एंड कंपनी के दीपक बंका ने हर्ष अग्रवाल, तिथि जैन, रोज गुप्ता और मनीष सिंह को चार्टर्ड अकाउंटेट की प्रोफेशनल परीक्षा पास करके सीए बनने पर बधाई दी है। साथ ही कहा कि आइसीएआइ द्वारा आयोजित सीए की परीक्षा सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, जिसका सक्सेस रेट लगभग मात्र 8.16 प्रतिशत है और इसे पास करने में कई साल भी लग जाते हैं। ऑफिस से सैंकड़ों आर्टिकल सीए की परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं, जो हमारे लिए गर्व का विषय है।

### पासवान समिति का वार्षिक वनभोज 28 को



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर पासवान कल्याण समिति की बैठक सागर पासवान के निवास सुभाष चौक में हुई। इसकी अध्यक्षता राजू राम ने की। इसमें वार्षिक वन भोज सह मिलन समारोह 28 जनवरी को रुक्का डैम में करने पर सहमति बनी। इसमें मनोज कुमार राम, छोटू पासवान, सूरज कुमार पासवान, रोहित पासवान, सागर पासवान, राज कुमार सुनील राम, गुड़न पासवान, संतोष पासवान, बंसत पासवान, विष्णु राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर होगा युवाओं का महासंगम




रांची (आजाद सिपाही)। नेहरू युवा केंद्र की ओर से चयनित हुए युवा कृति प्रतिभागी, अन्य विजेता प्रतिभागी नासिक में हो रहे 12 जनवरी से 16 जनवरी तक 27वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सम्मिलित होंगे। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक सवेंद्र प्रताप सिंह और गौरव चुघ ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना दी। प्रतिभागियों में काफी उत्साह है। मुख्य रूप रजनीश रंजन, रितिक, अमन, गौरव पाल आदि लोग रहे।

### जेएससीए कोचिंग अवेयरनेस कैंप

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा तीन दिवसीय कोच अवेयरनेस प्रोग्राम जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम रांची में मंगलवार से शुरू किया गया। इसमें झारखंड के सभी जिलों के क्लब और जिलों के कोच को नेशनल क्रिकेट अकादमी के कोचिंग पैटर्न के अनुसार बैटिंग, बॉलिंग और स्ट्रैंथ एंड कंडीशनिंग कोच के द्वारा क्रिकेट कोचिंग के तरीकों से अवगत कराया जा रहा है। इस कोचिंग अवेयरनेस कैंप में तीन ग्रुपों में 40-40 की संख्या में जिला के कोच शामिल किये गये हैं।

### आरयू स्नातकोत्तर यूथ फेस्टिवल आज से

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर का यूथ फेस्टिवल 10 से 12 जनवरी तक चलेगा। वहीं विश्वविद्यालय स्तर का यूथ फेस्टिवल 29 से 31 जनवरी तक चलेगा। विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाले यूथ फेस्टिवल में वही टीम हिस्सा ले सकती है, जिस कॉलेज या पीजी डिपार्टमेंट स्तर के कॉलेज ने क्वालीफाई किया है, तो विश्वविद्यालय स्तर पर क्वालीफाई करने वाली टीम को ही जोनल लेवल के लिए भेजा जायेगा। वहीं कॉलेज स्तर पर यूथ फेस्टिवल का कार्यक्रम लगभग पूरा कर लिया गया है। यूथ फेस्टिवल में डांस, ड्रामा, स्टैंड अप कॉमेडी, कविता लेखन, मेहंदी, सांस्कृतिक डांस और एलोकेशन जैसी अन्य प्रतियोगिताएं होती हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.8 °c | 9.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण खबरें

### हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम 12 को, 13 से 21 तक श्री राम कथा

रांची (आजाद सिपाही)। हनुमान सेवा संस्थान रांची के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की याद में हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम पंडित विजय शंकर मेहता के उद्बोधन से प्रारंभ होगा। जो देश नहीं, विदेशों में भी अलग-अलग चैनलों के माध्यमों से प्रसारित होता है। श्री राम कथा आयोजन समिति और हनुमान सेवा संस्थान के संरक्षक राकेश भास्कर ने बताया कि हरमू मैदान में 13 से 21 जनवरी तक श्री राम कथा होगी। महामंडलेश्वर स्वामी डॉ उमाकांतानंद सरस्वती महाराज अमृत वर्षा करेंगे। इस अवसर पर 22 जनवरी को हवन और भंडारा का भी कार्यक्रम होगा। संस्था के अध्यक्ष राकेश भास्कर, संरक्षक राज किशोर सिंह, संरक्षक प्रमोद सारस्वत, मुकेश पांडेय, नवीन झा, अजय सिंह, बिमलेश कुमार, वीरेंद्र नारायण, श्याम झा, धर्मेंद्र तिवारी, इंद्रजीत यादव, डॉ विवेक शर्मा, विकास सिन्हा, ओम प्रकाश, रमेश सिंह, गिरीश सिंह, शंभू शरण, रितेश कुमार, बनारस यादव, गोविंदा बाल्मीकि, मुकुल कुमार, दुर्गेश कुमार, मनोज कुमार, मनोज सिंह आयोजन को सफल बनाने में लगे हैं।

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर आज होगा श्रद्धांजलि का कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलन के प्रणेता, उच्च न्यायालय के प्रथम भूमिपुत्र न्यायाधीश और झारखंड अलग राज्य की अंतिम लड़ाई के नायक जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 12वीं पुण्यतिथि पर सूचना भवन के सामने स्थित जस्टिस शाहदेव चौक पर 10 जनवरी को श्रद्धा सुमन का कार्यक्रम होगा। जस्टिस एलपीएन शाह देव फाउंडेशन के निदेशक एवं जस्टिस शाहदेव के पुत्र प्रतुल शाहदेव ने जानकारी देते बताया कि प्रातः 9 बजे से 11:30 तक इस कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

### मुख्यमंत्री से मिले खीरू महतो

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में बिहार से राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित 21 जनवरी के झारखंड दौरे से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। साथ ही राज्य में चल रहे कई विकासात्मक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। मौके पर राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर नववर्ष की बधाई दी।

### सीएम से मिले ब्रिगेडियर संजय

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में स्टेशन कमांडर रामगढ़ कैंट ब्रिगेडियर संजय कांडपाल और प्रशासनिक कमांडर रामगढ़ कैंट कर्नल विनय रंजन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर नववर्ष की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें नये साल की शुभकामनाएं दीं।

### दो आइपीएस को मिला अतिरिक्त प्रभार

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से दो आइपीएस को अधिकारियों को अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आइजी मुख्यालय मनोज कौशिक को आइजी मानवाधिकार और डीआइजी कार्मिक नौशाद आलम को डीआइजी बजट पद से संबंधित कार्य देखने को कहा गया है।

### सांसद ने 200 गरीबों के बीच बांटा कंबल

रांची (आजाद सिपाही)। सांसद संजय सेठ ने मंगलवार की सुबह आवास पर जरूरतमंद वृद्धजनों के बीच 200 कंबल का वितरण किया। अत्यधिक ठंड के कारण ऐसे असहाय लोग, जिनके पास साधन उपलब्ध नहीं हैं। उनकी समस्याओं को सुना और कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर पंडरा मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडेय सहित मंडल के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रिम्स में कैंसर मुक्त भारत योजना की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी कैंसर मुक्त भारत योजना के तहत रिम्स में तृतीयक कैंसर देखभाल की स्थापना के लिए उपलब्ध फंड से कैंसर के उपचार के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों तथा लिनियर एक्सेलरेटर, ब्रैकीथेरेपी, 4ऊ सीटी सिमुलेटर एवं सह-उपकरणों के तत्काल क्रय एवं फंड के ससमय इस्तेमाल के लिए रिम्स में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वरीय पदाधिकारी सरिता नायर ने की। बैठक में रिम्स के रेडियोथेरेपी विभाग में उपकरणों के क्रय के लिए प्रपत्र तैयार कर केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के प्रोक्योरमेंट सेल को निविदा प्रकाशित करने के लिए समर्पित करने का सुझाव दिया गया। बैठक में झारखंड स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि डॉ लाल मांझी, रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजीव गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, वरीय अधिकारी मौजूद थे।

### हाइकोर्ट का आदेश: रिम्स में लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति रद्द कर नये सिरे से करें नियुक्ति

रांची (आजाद सिपाही)। रांची स्थित राजेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) में हुए लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति को झारखंड हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। दरअसल रिम्स ने साल 2019 में इसकी नियुक्ति निकाली थी, जिसमें जो अहताएँ रखी गई वह अवैध थी। इसे लेकर भुवन कुमार ने याचिका दाखिल की थी। अपने फैसले में अदालत ने यह आदेश दिया है कि नए सिरे से लिखित परीक्षा और अनुभव के आधार पर नियुक्ति करें। अधिवक्ता समीर सौरव ने इस मामले में भुवन कुमार की ओर से बहस की।

### 17 से 19 फरवरी के बीच होगी प्रतियोगिता

रांची (आजाद सिपाही)। देश भर के स्कूलों के बच्चे 17 जनवरी से 19 फरवरी तक 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाने को रांची में होंगे। इस दौरान वे फुटबॉल, कबड्डी वुशु, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसे खेलों में पदकों के लिए जोर आजमाइश करेंगे। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस खेल प्रतियोगिता के लिए शिक्षा विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसमें देशभर के प्रतिभागी शामिल होंगे। सभी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन खेलगांव होटवार में होगा। इसमें खेल विभाग का भी सहयोग मिलेगा। इस मौके पर जेइपीसी के धीरसेन ए सोरेंग, झारखंड ओलंपिक संघ के शिवेंद्र दुबे भी उपस्थित थे। नेशनल लेवल तक हुनरमंदों को सामने लाने की कोशिश : किरण कुमारी पासी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के जरिये राज्य के सुदूरवर्ती गांवों से खेल प्रतिभाओं को निकालकर राष्ट्रीय स्तर तक लाने की कोशिश है। पिछले कुछ समय से खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के जरिये स्कूलों में ड्रॉप आउट रोकने में भी मदद मिलने लगी है। पहले स्कूलों में केवल पढ़ाई की बात होती थी, खेल कहीं चर्चा में विशेष तौर पर नहीं होता था। अब स्कूलों में फिजिकल टीचर भी हैं। खेल उपकरण और आयोजन के लिए स्कूलों को राशि आवंटित की जा रही है। आने वाले समय में खेलों को लेकर और भी कई प्रयास होने हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में किये गये प्रयासों का नतीजा है कि यहां के बच्चे शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अब आगे दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में खेल उपलब्धियों के आधार पर खिलाड़ियों को विशेष अंक दिये जाने का भी प्रयास है।

# बरियातू मंदिर में तोड़फोड़-चोरी की घटना के दूसरे दिन भी सड़क जाम

- आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू इलाके में मंदिर में तोड़फोड़ के बाद लोगों में आक्रोश है। आक्रोशित लोगों ने बरियातू रोड को जाम कर दिया है और इस मामले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी करने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि सोमवार सुबह में बरियातू थाना क्षेत्र के डीएवी स्कूल के नजदीक श्रीराम मंदिर में चोरी और तोड़फोड़ की घटना हुई थी। मंदिर से 7 मुकुटों (चांदी के) की चोरी की गयी। इसके अलावा मंदिर में स्थापित शेषनाग की प्रतिकृति को भी तोड़ा गया है। इसके अलावा राम, सीता और हनुमानजी की प्रतिमा को भी खंडित किया गया। वहीं मां दुर्गा की प्रतिमा को क्षति पहुंचायी गयी।


भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No. 42/SRF/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में ''**जलवायु के अनुकूल कृषि पर राष्ट्रीय पहल**'' **(ईएपी-245)** परियोजना के लिए **एक (01) सिनियर रिसर्च फेलो** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार **दिनांक 23.01.2024** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तें के बारे में जानकारी भाकृअनुप - एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-interview will be held on **23.01.2024** for selection of **One (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"National Innovations in Climate Resilient Agriculture" (EAP-245)**. The Details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in **NRRI website https://icar-nrri.in**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR


## धनबाद में पूर्व विधायक के रिश्तेदार के घर इडी का छापा

- अवैध खनन, मनी लॉड्रिंग मामले में हो रही है छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद में पूर्व विधायक के रिश्तेदार के घर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम छापेमारी कर रही है। मंगलवार को इडी धनबाद के बैंक मोड़ सुपर मार्केट बिल्डिंग हरियाणा में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के रिश्तेदार बिन्नू सरदार के घर छापेमारी कर रही है। यह अभियान पिछले कई घंटों से जारी है। बता दें कि अवैध खनन व मनी लॉड्रिंग मामले में इनेलो नेता अभय चौटाला के समधी और पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों पर इडी की कार्रवाई सोमवार को पांचवें दिन पूरी हुई थी। जिसके बाद इडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। लेसर स्थित उनके फार्म हाउस से विदेशी हथियार मिले थे। इडी की टीम ने उनकी प्रॉपर्टी और बैंक संबंधी डिटेल गहनता से खंगाला था। इडी की टीम मंगलवार सुबह खनन कारोबारी गुरप्रीत सभरवाल के घर पर पहुंची थी। खनन कारोबारी मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। यमुनानगर के जठलाना एरिया में इन्होंने खनन की साइट ली हुई है। यह एरिया अवैध माइनिंग को लेकर हमेशा चर्चा में भी रहता है। ईसी क्षेत्र के रहने वाले एडवोकेट वरयाम सिंह ने हाई कोर्ट में अवैध खनन और ओवरलोड के खिलाफ हाइकोर्ट में जनहित याचिका भी लगायी हुई है।

## 40 पुलिसकर्मियों को मिला राज्यपाल-मुख्यमंत्री पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य स्थापना दिवस के मौके पर झारखंड पुलिस की ओर से बेहतर काम करने वाले आइपीएस मनोज कौशिक, नरेंद्र सिंह, अश्विनी सिन्हा और डीएसपी नीरज कुमार समेत 40 पुलिसकर्मी और अधिकारी को सम्मानित किया गया।

**आइपीएस अश्विनी सिन्हा समेत चार को मिला राज्यपाल पदक :** आइपीएस अश्विनी सिन्हा, इंस्पेक्टर असित मोदी, आरक्षी सचिन सुब्बा, आरक्षी राजू सिंह क्षेत्री।

**पांच पुलिसकर्मी को मिला मुख्यमंत्री पदक :** डीएसपी नीरज कुमार, एसआइ सनोज कुमार चौधरी, आरक्षी प्रकाश कुमार यादव, एसआइ सुभाष चंद्र लकड़ा, एसआइ सोनू कुमार साहू, आइपीएस मनोज कौशिक समेत 31 पुलिसकर्मियों को मिला सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक प्रदान किया गया।

## मूर्ति खंडित करना दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई हो : संजय सर्राफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बरियातू थाना क्षेत्र के डीएवी स्कूल के सामने मंदिर का ताला तोड़ असामाजिक तत्वों द्वारा श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता की प्रतिमा को खंडित किये जाने की घटना की निंदा की। उन्होंने राज्य सरकार से ऐसे अपराधियों पर सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करते हुए कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। संजय सर्राफ ने कहा है कि करीब पांच सौ साल के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर का सपना साकार हो रहा है और 22 जनवरी के राम उत्सव के पूर्व असामाजिक तत्व रांची का माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। एक साजिश के तहत सभी देवी देवताओं की मूर्ति को खंडित कर दिया गया। पूर्व में भी ऐसी घटना शहर के अमन चैन और सौहार्द्र बिगाड़ने का कार्य असामाजिक तत्वों द्वारा किया जा चुका है। लगातार धार्मिक आस्था पर ठेस पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जो की कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हिंदुओं में काफी रोष है। उन्होंने असामाजिक तत्वों को अति शीघ्र चिह्नित कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## पाकुड़ में अमृत भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज

14 जनवरी से रुकेगी मालदा-बेंगलुरू ट्रेन, बाबूलाल मरांडी ने भी लिखा था रेल मंत्री को पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** मालदा से बेंगलुरू जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर भी होगा। 14 जनवरी से यह ट्रेन यहां रुकेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय रेल राज्यमंत्री राव साहिब पाटिल दानवे भी शामिल होंगे। इस संबंध में क्षेत्रीय पदाधिकारी दिलीप कुमार चौहान और विश्वजीत मंडल ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के दौरान रेल राज्यमंत्री के अलावा रेल और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के लिए मंच, सुरक्षा को लेकर मुआयना किया गया।

उल्लेखनीय है कि पाकुड़ में रेल यात्रियों के लिए लंबी दूरी के ट्रेनों के ठहराव को लेकर रेलमंत्री सहित अधिकारियों को वर्षों से पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था। हाल में ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्री को अमृत भारत एक्सप्रेस के पाकुड़ रेलवे स्टेशन में ठहराव को लेकर पत्राचार किया था और रेलवे मंत्री ने स्वीकृति दे दी।

## फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जीबिशन का आगाज



सांसद डॉ महुआ माजी ने मेले का किया उद्घाटन

फैशन प्वाइंट का प्रीमियम शो आपके लेकर आया है मेट्रो सिटी के डिजाइनर कलेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दो दिवसीय फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जीबिशन 2024 का आगाज मंगलवार को होटल कैपिटॉल हिल में हुआ। दो दिवसीय इस प्रीमियम एग्जीबिशन का उद्घाटन सांसद डॉ महुआ माजी ने किया।

वहीं मेले में वीपीएस स्कूल की प्रचार्या डॉक्टर मनीष तिवारी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। मेले में मेट्रो सिटी के विशेष डिजाइनरों का शानदार कलेक्शन और नामी गिरामी बड़े डिजाइनर उपस्थित हुए हैं। जहां आप उनके डिजाइनर एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, हैंड मेड ज्वेलरी, लक्जरी होम डेकोर देख सकते हैं। वहीं बनारस की एक्सक्लुसिव साडियों और लखनऊ के चिकनकारी स्पेशल ड्रेसेस भी देखे जा सकते हैं। लग्जरी होम डेकोर, रियल ज्वेलरी, कश्मीरी पशमीना शॉल स्वेटर, एसेसरीज, फुटवेयर के साथ शादी के सभी ओकेजन के लिए आप खरीदारी कर सकते हैं। साथ ही दिल्ली, कश्मीर, बम्बई, लुधियाना, लखनऊ, कानपुर के कलेक्शन उपलब्ध है। संचलिका रीना अग्रवाल ने बताया कि एग्जीबीशन तीज त्योहार विंटर और वेडिंग सीजन को देखते हुए लगाया गया है। एग्जीबिशन में इस बार बिल्कुल कुछ नया देखने को मिलेगा। सूरत और मुंबई के बेस्ट ज्वेलर्स अपनी सर्टिफाइड प्रोडक्ट लेकर खास रांची वासियों के लिए लेकर आये हैं।

## कांग्रेस प्रवक्ताओं की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दिया मूल मंत्र

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अप्रूवल के बाद 17 प्रवक्ताओं को नियुक्त किया गया है। सभी प्रवक्ताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की पहली बैठक मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। इसमें संगठन और सरकार के विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं को आम लोगो को अवगत करने के लिए पार्टी प्रवक्ताओं को मूल मंत्र दिया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नये प्रवक्ताओं को जवाबदेही तय की गयी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, प्रभारी गुलाम अहमद मीर के दिये मार्गदर्शन पर राज्य सरकार की सफल नीतियों और 10 सालों से केंद्र में बैठी एनडीए सरकार की विफलताओं को लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। इससे कांग्रेस संगठन मजबूत हो, उसके लिए काम करने का मूल मंत्र दिया गया।

## झामुमो के लिए पंचायत समिति ही सबसे बड़ी पंचायत: विनोद पांडेय




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक रातू रोड स्थित आरआर टावर में जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के नेतृत्व में हुआ। संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि पार्टी के लिए सबसे महत्वपूर्ण इकाई पंचायत समिति है। पंचायत समिति के बिना हम सभी नेता अधूरे हैं। सभी समितियों का पिलर पंचायत समिति ही है। सभी चुनावी मोड़ में आ जायें, घोषणा कभी भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी संविधान में किसी तरह के प्रभारी का कोई प्रावधान नहीं है। कहा कि अब समय नहीं है, यथाशीघ्र संवैधानिक प्रक्रिया को पूरा कर लें। सांसद महुआ माजी ने कहा कि राज्य के तमाम कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में लग जायें। राज्यसभा सांसद होने के नाते दावे के साथ कह सकती हूं कि 2024 में भी हेमंत सोरेन ही मुख्यमंत्री बनेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गुरुजी का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया जायेगा। बैठक में केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कलाम आजाद, बीरु साहू, रामानंद बेदिया, जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, संयुक्त सचिव विजय आनंद नायक, विक्की यादव, कुदुस अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।


दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी15-पीआईएसडीएटीए-1111, दिनांक 08.01.2024,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** :निम्नलिखित कार्य के सिलसिले में एस एंड टी कार्यों का निष्पादन (1) राँची मंडल-राँची मंडल के एबीएसएस के अधीन चिह्नित पिस्का स्टेशन पर 12.0 मी. चौड़े एफओबी का प्रावधान। (2) पिस्का: एमईए के प्रावधान सहित वर्तमान ट्रैक 3 से 4 मी. के रिलोकेटिंग द्वारा पिस्का स्टेशन के वर्तमान एचएल पीएफ का विस्तार (पीएफ शेड, वाटर बूथ आदि)। (3) पिस्का: पिस्का में नए हाई लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण (4) राँची मंडल के अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अधीन लोहरदगा (एलएडी), रामगढ़ कैंट. (आरएमटी), पिस्का (पीआईएस), बालसिरिंग (बीएलआरजी), गोविंदपुर रोड (जीबीएक्स), ओरगा (ओआरजीए), बानो (बीएनओ) में प्रत्येक में दो अदद, 14 लिफ्ट का प्रावधान (5) राज्य प्राधिकरण की मांग के अनुसार राँची-टीओआरआई में एलसी नं. आरटी-13 को बंद करने के लिए अतिरिक्त बेंट का प्रावधान (6) यूटीएस आरंभ करने के लिए राँची मंडल के तहत चार नए ब्लॉक स्टेशनों (पिस्का, नागजुआ, बड़कीचंपी और बोदाग्राम) में डेटाकॉम इक्विपमेंट का प्रावधान। **विज्ञापित लागत:** रु.56,10,641.17, **बयाना राशि:** रु. 1,12,200/-**निविदा कागजात की लागत:** 0, **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.01.2024, 11.00 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 16.01.2024, वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन: www.ireps.gov.in
(PR-1009)


## राज्यवासियों के सम्मान को नेतृत्व देने की है तैयारी : सुदेश

- सामूहिक नेतृत्व से महानगर को मजबूत करना है
- रांची के सभी वार्ड में हेल्पडेस्क बनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी तैयारी राज्य एवं राज्यवासियों के सम्मान को नेतृत्व देने की है। इसी कड़ी में रांची महानगर की बैठक में शामिल हुए हैं। सामूहिक नेतृत्व से महानगर को मजबूत और असंगठित लोगों को संगठित करना है। सुदेश कुमार महतो मंगलवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित रांची महानगर की बैठक में बोल रहे थे। इसमें रांची महानगर की सभी इकाइयों के सदस्यों ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम क्षेत्र के सभी 53 वार्ड के 15 लाख लोगों के दिल में बसना ही हमारा लक्ष्य है। इसके लिए हर वार्ड में जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। हर प्रखंड के साथ ही रांची के सभी वार्ड में हेल्पडेस्क की स्थापना होगी। यह हेल्प डेस्क 24 घंटे कार्य करेगा। इस बैठक में भारत काशी, वर्षा गाड़ी, पारस उरांव और प्रो अशोक नाग को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में आने वाले नगर निगम वार्ड क्षेत्र का संयोजक बनाया गया है।

**विभिन्न वर्गों से जुड़ाव :** सुदेश महतो ने कहा कि महिलाओं, ऑटो चालकों, विभिन्न संगठित समूहों, बुद्धिजीवियों, वकीलों, सब्जी विक्रेताओं आदि का अलग-अलग विंग बनाकर पार्टी संगठन को व्यापक बनाया जायेगा। सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में झुग्गी-झोपड़ी की सूची तैयार करेंगे और वहां पेंशन का वितरण, मतदाता सूची में सदस्यता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान देंगे।



**नये सदस्यों को जोड़ने की जिम्मेदारी :** बैठक में हरेक वार्ड के लोगों तक पार्टी की नीति को पहुंचाने और पार्टी में नये सदस्यों को जोड़ने के लिए महानगर के सदस्यों को सभी 53 वार्ड की जिम्मेदारी दी गयी है। हर घर आजसू, घर-घर आजसू के नारे के साथ पार्टी के हर सदस्य घर-घर जाकर पार्टी का संदेश पहुंचायेंगे। साथ ही हर वार्ड में सम्मेलन का आयोजन भी किया जायेगा।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस बैठक में पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ डोमन सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, महासचिव राजेंद्र मेहता, अनुशासन समिति के प्रमुख सुबोध प्रसाद, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, जिला परषिद की निवर्तमान अध्यक्ष निर्मला भगत, नगर अध्यक्ष सीमा सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।


## सूचना

संबंधित लोगों को सूचित किया जाता है कि मे. अनिन्दिता स्टील्स लि. को सेनेगढ़ा ग्राम, पो0 रबोध, जिला - हजारीबाग स्थित 4x100 टी पी डी स्पंज आयरन प्लांट में ए एफ बी सी एवं डबल्यू एच आर बी आधारित 15 मेगावाट के पावर प्लांट को जोडने के माध्यम से विस्तार करने के लिए भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

अनिन्दिता स्टील्स लिमिटेड,
ग्राम - सेनेगढ़ा, पो0 -रबोध, जिला - हजारीबाग पिन - 825330

## कोर्ट नोटिस

न्यायलय,
अवर न्यायधीश प्रथम, लातेहार
मूल वाद संख्या 13/16
इस्लाम मियां वगेरह .................. वादी गण
बनाम्
त्रिवेणी प्रसाद वगेरह ............. प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम्
1. मदन साव
2. शिव साव
3. गुलेश्वर साव
सभी के पिता स्व0 प्रमेश्वर साव,
सभी बारियातु, पो0 बारीखाप थाना - बालूमाथ, जिला - लातेहार, एतद द्वारा आप सबों को सूचित किया जाता है, की वादी के द्वारा मूल वाद संख्या 13/16 दायर किया गया है जिसकी सूचना आप सबों को नजारत एवं निबंधन डांक के द्वारा दी गई परन्तु आप सब वादी के दावे के जावाब देने के लिए इस न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।
बजरिये इस नोटिस के स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06-02-2024 को उपस्थित होकर अपना - अपना पक्ष रखें अन्यथा इस वाद में एक पक्षीय कार्रवाई शूरू कर दी जाएगी ।
इसे सख्त ताकिद जाने ।
आज दिनांक 02-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी की जाती है ।

अवर न्यायाधीश, प्रथम
लातेहार

# रिश्तों पर आंच

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों और विडियो को लेकर मालदीव में जिस तरह का अप्रिय विवाद खड़ा हुआ, वह दो देशों के राजनयिक संबंधों में कम ही देखने को मिलता है। यह प्रकरण इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जायेगा कि इसने कूटनीति के फैलते आयाम के साथ ही इसमें सोशल मीडिया की भूमिका को भी रेखांकित किया है। यह विवाद ऐसे समय उभरा, जब भारत और मालदीव के रिश्ते कुछ महीनों से तल्ख हुए हैं। नवंबर में सत्ता में आये राष्ट्रपति मुइज्जू चीन के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने आते ही कहा कि भारतीय सेना को मालदीव से जाना होगा। साथ ही, यह भी ऐलान कर दिया कि पिछली सरकार के दौरान भारत से हुए सभी समझौतों पर उनकी सरकार पुनर्विचार करेगी। मालदीव और भारत के ऐतिहासिक तौर पर करीबी रिश्तों के मद्देनजर अब तक वहां के तमाम राष्ट्रपति अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत ही आते थे। मगर राष्ट्रपति मुइज्जू ने तुर्किये को अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पड़ाव बनाया। अब एक सप्ताह की यात्रा पर चीन गये हैं। हालांकि भारत ने इसे तूल न देते हुए कहा है कि यह उन पर निर्भर करता है कि वे कहां जाते हैं और अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का निर्धारण किस तरह करते हैं। संभवतः नये राष्ट्रपति की इन बदली प्राथमिकताओं के कारण मालदीव के बदले राजनीतिक माहौल का ही नतीजा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के एक हिस्से की यात्रा के दौरान ली गई ली गयी तस्वीरें और विडियो मालदीव के मंत्रियों के निशाने पर आ गयीं। तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन तस्वीरों के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओछी टिप्पणियां कीं। दिलचस्प है कि इस पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया तो बाद में आयी, पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर ही हैशटैग #बायकॉटमालदीव ट्रेंड करने लगा। इंडियन सिलेब्रिटीज भी खुल कर सामने आ गयीं। मालदीव की बुकिंग कैंसल कराने के स्क्रीनशॉट शेयर किये जाने लगे। टूरिज्म बेस्ड इकॉनमी वाले मालदीव के लिए गंभीर हालात बनते जा रहे थे। 4 लाख की आबादी वाले इस देश के जीडीपी में 25 प्रतिशत का योगदान पर्यटन क्षेत्र का है। इसमें भी सबसे अधिक भारतीय पर्यटकों का है। मालदीव के अंदर से भी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। पूर्व राष्ट्रपतियों समेत कई प्रमुख लोगों ने इन बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की। मौके की नजाकत समझते हुए मुइज्जू सरकार ने न सिर्फ इन बयानों से खुद को अलग किया, बल्कि तीनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित भी कर दिया। इससे तात्कालिक तौर पर यह विवाद निपटता लग रहा है, लेकिन मालदीव सरकार को अपने दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखते हुए भारत की चिंताओं को समझना होगा और उसे अपनी नीतियों में जगह देनी होगी।

**टूरिज्म बेस्ड इकॉनमी वाले मालदीव के लिए गंभीर हालात बनते जा रहे थे। 4 लाख की आबादी वाले इस देश के जीडीपी में 25 प्रतिशत का योगदान पर्यटन क्षेत्र का है। इसमें भी सबसे अधिक भारतीय पर्यटकों का है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय कृषि ने पहले ही पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी आधारित होने से ट्रैक्टर आधारित होने तक का सफर तय किया है। मैं अब कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को कृषि क्रांति की तीसरी लहर के रूप में देख रहा हूं। कृषि-ड्रोन तकनीक हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और बदलने में एक वास्तविक सफलता साबित हो रही है।**

# भारतीय कृषि का ड्रोन क्षण



डॉ मनसुख मांडविया



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना और देश के विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाना है। उन्होंने 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान नमो ड्रोन दीदी का प्रारंभ स्वयं किया। इसका उद्देश्य आसान वित्तीय समाधान प्रदान करके कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराये पर ड्रोन उपलब्ध कराना है।**

पंजाब के हरे-भरे खेतों की हरियाली से गुजरते हुए, मेरा ध्यान कहीं दूर गूंजती एक आवाज ने आकर्षित किया। स्वाभाविक मानवीय जिज्ञासा हुई कि इस आवाज का स्रोत क्या है। उतरते ही मेरा स्वागत दो किसानों ने किया। वे ड्रोन के जरिए नैनो यूरिया का छिड़काव कर रहे थे। देश के एक ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा एक नयी तकनीक को इतने उत्साहपूर्वक स्वीकार किये जाने को देख कर मुझे सुखद अनुभूति हुई। मुझे लगा कि यह भारत के कृषि क्षेत्र के लिए वह 'ड्रोन क्षण' था, जिसने हमारे देश में 'ड्रोन आंदोलन' की शुरुआत की। किसानों ने मुझे बताया कि उन्हें कृषि-ड्रोन के बारे में जानकारी उनके गांव में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान मिली और यह नयी तकनीक उनके खेतों में सबसे कुशल तरीके से तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए बेहद उपयोगी है।

भारतीय कृषि ने पहले ही पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी आधारित होने से ट्रैक्टर आधारित होने तक का सफर तय किया है। मैं अब कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को कृषि क्रांति की तीसरी लहर के रूप में देख रहा हूं। कृषि-ड्रोन तकनीक हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और बदलने में एक वास्तविक सफलता साबित हो रही है। हैंड पंपों के माध्यम से कीटनाशकों और तरल उर्वरकों के थकाऊ और समय लेने वाले हाथ से छिड़काव के दिन चले गये। अब इसकी जगह ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की अधिक कुशल और उत्पादक तकनीक ले रही है। कृषि क्षेत्र की दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए कृषि पद्धतियों का आधुनिकीकरण आवश्यक और अपरिहार्य है, ताकि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, जो कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का एक महत्वपूर्ण तत्व है।

**15 नवंबर 2023 से शुरू हुई देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन एक प्रमुख आकर्षण बन गये हैं।**

1960 के दशक की हरित क्रांति में नये कृषि उपकरण, एचवाइवी (उच्च उत्पादकता किस्में) बीज, कीटनाशक और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग की शुरुआत देखी गयी। पिछले कुछ वर्षों में हमारे पर्यावरण, मिट्टी के स्वास्थ्य और मिट्टी की उर्वरता की दीर्घकालिक स्थिरता बनाये रखने के लिए, उर्वरकों के अधिक संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता महसूस की गयी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका आह्वान 2019 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किया। इससे प्रेरित होकर सरकार ने जैव, नैनो और जैविक उर्वरक जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम और गोबरधन जैसी कई पहल शुरू की हैं। इन नयी पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और किसानों को एक ही छत के नीचे एकीकृत समाधान प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) की स्थापना की गयी है।

स्वदेशी रूप से विकसित नैनो उर्वरक बेहतर हैं, क्योंकि वे पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी विकल्प प्रदान करते हैं। अब पारंपरिक यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी की जगह नैनो यूरिया की आधा लीटर की बोतल ने ले ली है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बनाये रखने और फसल की उपज में सुधार करने में सहायता मिल रही है। साथ ही बेहतर पोषक तत्व उपयोग दक्षता और आसान प्रबंधन जैसे कई फायदे भी हैं। इसकी व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित करने में अगली चुनौती कुशल अनुप्रयोग प्रणाली की एक विधि विकसित करना, आसानी से अपनाने के लिए एक इको-सिस्टम का निर्माण करना और कृषक समुदाय को लाभों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करना था।

भारत के युवा और गतिशील स्टार्टअप्स द्वारा किसान ड्रोन का विकास तरल उर्वरकों के इस्तेमाल के लिए एक प्रभावी और कुशल तकनीक प्रदान करता है। मिनटों में एक एकड़ कृषि भूमि पर छिड़काव करने की क्षमता अपने खेतों में घंटों मेहनत करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित हुई। अपने पास अधिक खाली समय होने से, किसान अपनी कमाई बढ़ाने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अधिक उत्पादक कार्यों में लग सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना और देश के विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाना है। उन्होंने 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान नमो ड्रोन दीदी का प्रारंभ स्वयं किया। इसका उद्देश्य आसान वित्तीय समाधान प्रदान करके कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराये पर ड्रोन उपलब्ध कराना है। इसके लिए नमो ड्रोन दीदी के तहत 15,000 चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान किया जा रहा है। यह अनूठी पहल न केवल किसानों को तरल उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन आसानी से उपलब्ध करायेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान देगी। यह भारत के ड्रोन वैमानिकी को बढ़ावा देगा और ड्रोन निर्माण स्टार्टअप को विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में मदद करेगा। यह देश के दूरदराज के इलाकों में ड्रोन पायलटों और ड्रोन मैकेनिकों के लिए रोजगार उद्यम बना कर महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ायेगा और साथ ही ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। प्रभावी संवाद किसी भी नयी पहल के सफल क्रियान्वयन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। 15 नवंबर, 2023 से शुरू हुई देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन एक प्रमुख आकर्षण बन गये हैं। यात्रा के दौरान सभी राज्यों में 50,000 से अधिक ड्रोन प्रदर्शन हुए हैं। इन प्रदर्शनों ने किसानों के भीतर अपनी खेती में इस नयी उच्च स्तर तकनीक को अपनाने के लिए रुचि जगायी है।

**(लेखक : केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री हैं।)**

# जस्टिस एलपीएन शाहदेव सही मायने में एक झारखंडी मानसिकता से ओत-प्रोत व्यक्ति थे



लाल सूरज नाथ शाहदेव

**न्यायमूर्ति लाल पिंगला नाथ शाहदेव की 12वीं पुण्यतिथि पर विशेष**



माटी की पुकार को कहां कोई रोक पाता है। झारखंड की माटी जब कभी भी नागवंशियों को पुकारा है। नागवंशी समाज के योद्धा अपना सबकुछ त्याग कर माटी की पुकार को सुना है। चाहे 1857 विद्रोह के समय में झारखंड की नागवंशी राजा अमर शहीद विश्वनाथ शाहदेव के द्वारा अपना राजपाठ की बिना चिंता किये अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व करने की बात रही हो या फिर झारखंड अलग राज्य की मांग को लेकर जस्टिस एलपीएन शाहदेव जी की भूमिका रही हो। हमेशा झारखंड की मान सम्मान को बचाने की खातिर नागवंशी परिवार के सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। संभवतः देश के इतिहास में पहली घटना रही होगी जब कोई अवकाश प्राप्त जज को एक थाना की पुलिस आंदोलन के कारण गिरफ्तार की होगी। जी हां, हम बात कर रहे है जस्टिस एलपीएन शाहदेव की। वे देश के पहले अवकाश प्राप्त जज रहे हैं, जिनको पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आज न्यायमूर्ती स्व. शाहदेव की 12वीं पुण्यतिथि है।

**कौन थे जस्टिस एलपीएन शाहदेव**

स्व. न्यायमूर्ति शाहदेव एक मेधावी छात्र, कुशल अधिवक्ता, न्यायप्रिय न्यायधीश, समाजसेवी, कुशाग्र बुद्धि, मृदुभाषी, मिलनसार एवं आंदोलनकारी व्यक्ति थे। उनका जन्म 3 जनवरी 1930 को नागवंशी राजपरिवार में लातेहार जिला के कामता गांव में हुई थी। उनके पिता का नाम स्व नवालाल चंडी प्रसाद नाथ शाहदेव था। जस्टिस शाहदेव की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही महुआमिलान स्कूल में हुई थी। हाई स्कूल की पढ़ाई बालकृष्ण हाई स्कूल से हुई। जस्टिस शाहदेव फिर आगे की पढ़ाई के लिए रांची आ गये और रांची कॉलेज से अपनी स्नातक की पढ़ाई की। उसके बाद कानून में रुचि होने के कारण वे एलएलबी की पढ़ाई पटना के एलएलबी कॉलेज से 1954 में पूरी की। उन्होंने उसके बाद लॉ की प्रैक्टिस शुरू कर दी। 1958 में वे न्यायिक सेवा में आ गये। उनकी पहली पोस्टिंग हजारीबाग में मुंशफ के पद पर हुई। 1980 में ये धनबाद जिला के जिला एवं सत्र न्यायाधीश बने। वे गया, मुंगेर, जमुई जैसे कई जिलों में अपनी सेवा दी। जस्टिस शाहदेव की नियुक्ति 1986 से 1992 तक पटना हाई कोर्ट रांची पीठ के न्यायधीश के रूप में हुई और यहां उन्होंने अपनी सेवा दी। जस्टिस शाहदेव झारखंड के प्रथम धरती पुत्र थे, जो न्यायधीश बनने का गौरव प्राप्त किया था। वे 1992 में न्यायिक सेवा से अवकाश प्राप्त किये। जस्टिस शाहदेव सही मायने में एक झारखंडी मानसिकता से ओत प्रोत व्यक्ति थे। जब वे न्यायिक सेवा में थे और झारखंडियों की स्थिति को देखते, सुनते और पढते थे, तो उनके अंदर का झारखंडी मन अंदर से व्याकुल रहता था। वे शुरू से ही अलग झारखंड राज्य के पक्षधर थे। चूंकि वे एक संवैधानिक पद पर आसीन थे। अतः वे खुलकर कुछ कर नहीं पा रहे थे, परंतु उनके अंदर भी झारखंडियों की मान सम्मान, हक, अधिकार को लेकर दिल मे एक चिंगारी धधकती थी।

**झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में जस्टिस एलपीएन शाहदेव की भूमिका**

जब वे अवकाश प्राप्त किये तो वे विभिन्न समाचार पत्रों में अपने आलेख के माध्यम से अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर इसे जायज ठहराते हुए अपनी प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया। उनके इस प्रयास से झारखंड के कई बुद्धिजीवी लोग, समाज के सभी जाति धर्म के लोग उनसे जुड़ने लगे और आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनाने लगे। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ रहे कई राजनीतिक दल के कार्यकर्ता, आंदोलनकारी उनसे कानूनी सलाह लिया करते थे। एक समय ऐसा आया कि जब झारखंड अलग राज्य की मांग का आंदोलन में ठहराव एवं बिखराव आ गया। तब 1998 में जस्टिस शाहदेव इस आंदोलन को एक नेतृत्व प्रदान किया। उस समय इस आंदोलन को और तेज करना कठिन कार्य था। क्योंकि तत्कालीन बिहार राज्य के मुखिया अलग राज्य के पक्षधर नहीं थे। वे किसी भी सूरत में झारखंड को बिहार से अलग करना नहीं चाहते थे। राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने यहां तक कह दिया था कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगी। मतलब साफ था कि अलग राज्य बनने की राह में अनेक रोड़ा था, तब जस्टिस शाहदेव जी के नेतृत्व में एक अलग राज्य निर्माण समिति का गठन किया गया। इस समिति में झारखंड आंदोलन कर रहीं 16 पार्टियां शामिल थीं। जिसमे झामुमो, जेपीपी, झारखंड पार्टी, आजसू, राजद की स्थानीय इकाई सहित अन्य दल शामिल थीं।

जस्टिस शाहदेव आंदोलनकारियों के साथ मिलकर तत्कालीन केंद्र सरकार को इस बात पर सहमत कराने में सफल हो गये कि बिहार सरकार के विरोध के बावजूद भी अगर केंद्र सरकार चाहे तो अलग राज्य का निर्माण कर सकती है। केंद्र की भाजपा सरकार को यह बात समझ मे आ चुकी थी। अतः देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी एवं गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड के साथ-साथ झारखंड को भी एक अलग राज्य बनाने का निर्णय ले चुके थे। जब तत्कालीन बिहार सरकार के द्वारा 1998-99 में वनांचल बिल को नामंजूर करने तथा झारखंड अलग राज्य की प्रस्ताव को वापस लेने की कई नकारात्मक कार्य की गयी। जब झारखंड अलग राज्य का एक बिल 21 सितंबर 1998 को बिहार विधानसभा में लायी गयी थी और उस पर वोटिंग होनी थी। बिल को गिराने में बिहार सरकार सफल हो जाती यह निश्चित था, तब जस्टिस शाहदेव जी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर झारखंड बंद का आह्वान किया। वे जानते थे कि बिल को बिहार सरकार गिराने में सफल हो जायेगी, लेकिन जब झारखंड बंद सफल होगा तो केंद्र सरकार तक संदेश यह चला जायेगा कि झारखंड की जनता अलग राज्य की मांग पर एक है। अलग राज्य निर्माण समिति में शामिल सभी 16 दल जस्टिस शाहदेव के नेतृत्व में बंद को अभूतपूर्व एवं सफल बनाया। पूरा झारखंड उस दिन बंद रहा। सड़कों में सिर्फ आंदोलनकारी ही नजर आने लगे थे। रांची में जस्टिस शाहदेव के नेतृत्व में आंदोलनकारी सड़क पर उतर गये। जस्टिस शाहदेव सहित हजारों आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया गया।

देश की इतिहास में शायद यह पहली घटना रही होगी जब किसी अवकाश प्राप्त न्यायधीश को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया हो और उन्हें सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक कोतवाली थाना में बैठाकर रखा गया हो। केंद्र तक जो संदेश यह समिति देना चाहती थी, वह पहुंच चुकी थी। तब तत्कालीन बाजपेयी की केंद्र सरकार ने लोकसभा से 2 अगस्त 2000 को बिहार राज्य पुनर्गठन विधेयक पास कर दी। 11 अगस्त को राज्यसभा से स्वीकृति मिली एवं 25 अगस्त 2000 ई को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली और झारखंड देश के मानचित्र में 28 वां राज्य बना। जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 12वीं पुण्यतिथि पर शत शत नमन।

**(लेखक : बड़कागढ़ रैयत मंच के महासचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# ग्रामीणों ने निर्माणाधीन नेताजी सुभाष अस्पताल के मजदूरों पर लगाया छेड़खानी का आरोप, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** बीते रात आदित्यपुर के निर्माणधीन नेताजी सुभाष अस्पताल में काम करने वाले मजदूरों ने एक महिला के साथ छेड़खानी करने पर ग्रामीण उग्र हो गया। ग्रामीणों का आरोप है अस्पताल निर्माण में मुर्शिदाबाद के मजदूरों से काम लिया जा रहा। जो आये दिन सड़क पर आती-जाती महिलाओं एवं छात्राओं के साथ छेड़खानी करते हैं। इनमें से ज्यादातर मजदूर नाबालिग हैं। मौके पर जेबीकेएसएस के प्रेम मार्डी सहित अन्य कार्यकर्ता आरोपियों पर कारवाई की मांग की। मजदूरों पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए बीती रात आक्रोशित सैकड़ों ग्रमीण कैंपस में छेड़खानी के आरोपियों को ढूंढने लगे। उधर मामले की जानकारी मिलते ही आदित्यपुर पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और मामले को सुलझाने में जुट गयी। लेकिन तब तक हालात बेकाबू होने लगा। ग्रामीणों का आक्रोश फूटते ही मजदूरों के साथ सिक्योरिटी गार्ड भी इसका शिकार हो गये। वही कई मजदूरों के सर पांव एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आयी। मौके पर डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स, चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, गम्हरिया प्रभारी आलोक कुमार दुबे, कांड्रा प्रभारी पास्कल टोप्पो, गम्हरिया बीडीओ प्रवीण कुमार नीमडीह, कपाली सहित अन्य प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे। किसी तरह ग्रामीणों के आक्रोश को शांत कराने में जुट गये। वही सूचना मिलने पर एसडीओ पारुल सिंह मौके पर पहुच कर सूझबूझ से मामला को शांत कराया। डीएसपी हेड क्वार्टर ने महिलाओ के साथ वार्ता कर पीड़ित बेहुला देवी से आवेदन प्राप्त कर आरोपियों की शिनाख्त करने का निर्देश दिया।

उधर नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन की ओर से भी शिकायत की गयी। उन्होंने बताया ग्रामीणों के हमले में आधा दर्जन मजदूर घायल है। सभी का इलाज चल रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर मंगलवार को ग्रामीणों ने फिर से संस्थान के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसडीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस लौट गये।

### राम मनोहर लोहिया नेत्रालय-रेडक्रॉस सोसाइटी का आइ कैंप

# राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रयासों को सराहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी अपनी निःस्वार्थ सेवा के लिए जानी जाती है और यह संकट के समय जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान ने इस नेत्र शिविर को आयोजित करके अंधापन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्था का यह प्रयास सराहनीय है। राज्यपाल मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम के राम मनोहर लोहिया नेत्रालय और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा आइ कैंप-2024 कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर के साथ ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाता रहा है, जो प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन युद्ध में घायल सैनिकों के लिए किया गया था, लेकिन अब इस संस्था की गतिविधियां अत्यंत बढ़ गयी हैं। अब प्राकृतिक आपदा के समय में भी यह संगठन तत्पर होकर कार्य करता है। राज्यपाल ने चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और इस कैंप को आयोजित करने में सहायता करनेवाले लोगों को सम्मानित भी किया।

# नेशनल बॉक्सिंग में विश्वजीत ने ब्रांज मेडल जीत रचा इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गढ़वा के विश्वजीत सिंह ने 50 किलो ग्राम भार वर्ग में ब्रांच मेडल जीतकर रचा इतिहास, विश्वजीत सिंह के इस जीत पर संघ के संरक्षक मोहम्मद मुमताज राही अध्यक्ष शिव शंकर पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी, पुनीत जायसवाल खेलकूद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता धीरज दुबे ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक के साथ-साथ बॉक्सिंग खिलाड़ी मुस्कान कुमारी, विजेता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पवल कुमार, अजय बाल्मीकि, दिव्या तिवारी, आराध्या कुमारी, अनन्या कुमारी, गौतम तिवारी, राजुला अंसारी,विकास, सूर्य, नौशाद, ऋषि बाबू, अभिजीत आदि खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी।

## मुखिया ने कापी सेट का किया वितरण



**केतार (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में मुखिया मूंगा साह के द्वारा विद्यालय के बच्चों को कापी सेट दिया गया। मौके पर उपस्थित मूंगा साह ने बच्चों को समय पर साफ ड्रेस पहनकर विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा सरकार के द्वारा विद्यालय में कॉपी, जूता, बैग, ड्रेस और मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा हासिल कर सके। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, उदय शंकर वैध, लता सिंह सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## महिला का फंदा से लटकता शव मिला, हत्या का आरोप

**गढ़वा(आजाद सिपाही) ।** गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुवा गांव निवासी मकबूल अंसारी की पत्नी रुखसाना बीवी 35 वर्ष का संदिग्ध अवस्था में उसके घर से बरामद किया गया है। सूचना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना की जानकारी देते हुए मृतिका का भाई सरताज अंसारी ने बताया कि उसकी बहन रुखसाना बीवी को ससुराल के लोगों के द्वारा मारपीट कर हत्या कर दिया गया है। साक्ष्य छुपाने के नियत से उसे फांसी का रूप देकर आत्महत्या बताना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि शादी के कुछ दिनों के बाद से ही लगातार ससुराल के लोगों के द्वारा मेरी बहन को प्रताड़ित किया जा रहा था। इसे लेकर समाज में कई बार पंचायती भी किया गया है। घटना के बाद गढ़वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पुलिस प्राथमिक दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। इधर शव को पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## अवधेश राम के परिजन को सहयोग राशि दी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एआईएमआईएम के नेताओं ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड सोनदाग गांव के निवासी लकवाग्रस्त अवधेश राम के परिजन को सहयोग राशि प्रदान किया। इस अवसर पर बताया गया की रीना देवी के पति लकवाग्रस्त अवधेश राम का निधन एक सप्ताह पहले हो गयी थी। इसकी खबर मिलने के बाद एआईएम आईएम के प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन अंसारी, प्रखंड सचिव सुदामा कुमार रवि, प्रखंड महासचिव मोबिन अंसारी, प्रखंड सचिव शमशाद खान आदि अवधेश राम के घर पर पीड़ित परिवार को गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह एआईएमआईएम के प्रभारी डॉ. एमएन खान की ओर से 25 किलोग्राम चावल दिया गया। वहीं तत्काल सहयोग राशि भी दिया गया।

## जायरीनों का जत्था अजमेर शरीफ के लिए रवाना




**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड से सैकड़ों जायरीन का जत्था मंगलवार को अजमेर शरीफ के लिए रवाना हुआ। सभी जायरीन अजमेर शरीफ उर्स में शामिल होंगे। जहां सभी दरगाह में चादरपोशी कर दुआ की दरख्वास्त करेंगे। करकोमा और मेराल के जायरीनों के जत्थे को प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी मेराल पूर्वी के मुखिया राम सागर महतो तथा स्थानीय सदर, सेक्रेटरी सहित अन्य समाजसेवियों में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर सदर प्रमुख दीपमाला कुमारी ने सभी जायरीन से दरगाह में मेराल प्रखंड क्षेत्र के अमन और तरक्की के लिए दुआ की दरख्वास्त करने की अपील करते हुए सभी की यात्रा मंगलमय होने की कामना की।

## तीर्थयात्रियों की टोली गंगासागर के लिए रवाना



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल से मंगलवार को तीर्थयात्रियों की एक टोली गंगासागर के लिए रवाना हुए। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों की बस को रवाना किया। उन्होंने सभी 21 तीर्थयात्रियों को अंगवस्त्र और नारियल देकर समानित किया। इससे पूर्व सभी तीर्थयात्रियों ने सतबहिनी झरणा स्थित मां भगवती की मंदिर में पूजा अर्चना भी किये। सभी तीर्थ यात्री राजगीर, बैजनाथ धाम, बासुकीनाथ, तारकेश्वर नाथ, कोलकाता, गंगासागर, लिंगराज, कोणार्क सूर्य मंदिर, जगरनाथ पूरी, रजरप्पा का दर्शन करते वापस कांडी आयेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, जेपी सोनी, गुड्डू मेहता, पिंटू सहित उनके परिजनों ने अपने लोगों को विदा किया।

## स्थापना समारोह ज्ञान निकेतन स्कूल में संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा सहेली का पद स्थापना समारोह स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में संपन्न हुआ। सत्र 2024 के लिए नये अध्यक्ष के रूप में रंजना जायसवाल, उपाध्यक्ष आंतरिक रीना अग्रवाल, उपाध्यक्ष बाह्य संध्या केसरी, प्रशासनिक निर्देशक रीमा स्वरूप और वित्त निदेशक बिना केसरी के अलावा निदेशक मंडल के सदस्य संगीता गुप्ता, पल्लवी पुंज, वंदना सोनी, रीना केशरी, वर्षा अग्रवाल को शपथ दिलायी गयी। साथ ही आज एक नये सदस्य करुणा सिंह को भी शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली ग्रुप के अध्यक्ष रितु जायसवाल ने की। इस अवसर पर जायंट्स गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पुर्व अध्यक्ष गायत्रि गुप्ता, रीता केशरी, लता गुप्ता, माला केसरी, सुनीता केशरी आदि सदस्य विषेश रुप से उपस्थित थी।

# शराब दुकान की स्टॉक पंजी में बड़ी हेराफेरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** केतार स्थित शराब दुकान में मंगलवार को मधनिषेध विभाग गढ़वा द्वारा अंग्रेजी शराब दुकान के स्टॉक पंजी की जांच किया। जिसमें हेराफेरी का मामला प्रकाश में आ रहा है। जांच दल के लोगों ने बताया कि सेल्स मैन द्वारा 9,99,915 रुपये की शराब उठाया गया था। शेष शराब स्टॉक में बताया जा रहा था। लेकिन जांच किया गया तो मात्र 62915 रुपये दुकान से प्राप्त हुआ। साथ ही स्टॉक जांच किया गया तो स्टॉक में शराब नहीं मिला। हिसाब के अनुसार 937000 रुपये शेष बचे का कुछ पता नहीं चल पाया है। दुकान से बिक्री के दौरान शराब को बिक्री रजिस्टर में नहीं लिखा जा रहा था। बल्कि बिक्री कम दिखाकर रुपये की हेराफेरी का खेल किया जा रहा था। इसी के साथ दुकान में मौजूद स्टॉक में भी गड़बड़ की जाने की आशंका जताई जा रही थी। वहीं कोर्डिनेटर रोहित सिंह और एक्साइज सबइंस्पेक्टर विक्रम साह ने दुकान का जांच किये और सेल्समैन प्रदीप कुमार को अपने साथ लेकर गढ़वा चले गये। वहीं इस मामले में एक्साइज सबइंस्पेक्टर विक्रम साह से पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर हेराफेरी का मामला सही पाया जाता है तो दुकानदार को जेल जाना पड़ेगा। हालांकि अभी सिर्फ आशंका जतायी जा रही है। सभी रजिस्टर पंजी की जांच करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जांच के पश्चात प्रतिवेदन तैयार कर इंस्पेक्टर अपकारी विभाग को सौंप दिया जायेगा।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** प्रखंड अंतगर्त ग्राम पंचायत भोजपुर और कधवन में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उपस्थित थे। मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक सभी के प्रयासों से देश को विकसित भारत बनाने के उद्देश्य से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं यथाः प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, पीएम उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 48 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। उज्वला योजना के तहत गैस चुल्हा और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर और आयुष्मान योजना बनाने सहित अन्य योजनाओं का स्टाल लगाया गया था। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा नशा मुक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का नाट्य कला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मुकेश चौबे, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, कनिष्क कुमार, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, प्रखंड पदाधिकारीगण और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## भंडारा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का शुभारंभ अनुमंडल अस्पताल के उपाधिक्षक डॉ गोखुल प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे और विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे ने भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खीर को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिषद विश्व हिंदू परिषद गढ़वा राजेश प्रताप देव अस्पताल के प्रधान सहायक राजेश सिन्हा आदि थे।

## नितेश सिंह ने अजमेर शरीफ जाने वाले जायरिनों को माला पहनाकर किया स्वागत




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से मंगलवार को अजमेर शरीफ जाने वाले जायरिनो को गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं गढ़वा विधायक सह सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से जायरिनों को प्रति गाड़ी 50 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान किया गया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जायरिनो से मिलकर क्षेत्र राज्य और देश में अमन शांति के लिए दुआ करने की अपील की। इस मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पाडेय, जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम, जिपस प्रतिनिधि सह अनुमंडल उपाध्यक्ष रतन सिंह खरवार, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता सहित जायरिन उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने लिया वनभोज का आनंद

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के दूधवाला पंचायत के झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा मंगलवार को बाराडीह कनहर नदी छठ घाट पर वनभोज का आनंद उठाया। इस वनभोज कार्यक्रम में गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह सहित रंका अनुमंडल प्रखंड कमेटी के झामुमो पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमें दूधवाला पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी, मजहर अंसारी, जिला युवा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन और पर्यावरण विभाग संजय सिंह छोटू, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीपीडीएवी ने शांति निवास को हराकर फाइनल में किया प्रवेश

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के सेमी फाइनल में बीपीडीएवी ने शांति निवास को 11रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। शांति निवास हाई स्कूल ने टॉस जीतकर बीपीडीएबी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बीपीडीएवी ने नैतिक के 46 और सत्यम को 15 रन की बदौलत निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 107 रन बनाएं। शांति निवास की और से आयुष ने तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम श्रीजीत के 34 रनों के सहयोग से नौ विकेट खोकर 96 रन ही बना सकी। बीपीडीएवी के चेतन ने चार विकेट झटके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीपीडीएवी के चेतन को गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, आशुतोष रंजन ने प्रदान किया। इस मौके पर राकेश पाल ने कहा की सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से ही खेलना चाहिए। यदि किसी खिलाड़ी में हीन भावना है तो वह सफल खिलाड़ी नही बन सकता। विद्यार्थियों को जीवन में काफी तनाव रहता है, लेकिन इस तरह के खेल उन्हें मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। इस मौके पर अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, नवनीत , दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय रणजीत तिवारी, नैतिक, आलोक, आदित्य तिवारी, अनिल कुमार, धीरज दुबे, प्रवीन मिश्रा, प्रिंस दुबे शामिल थे।

# सुकुलडीह, शिवनाला और रंका बाल विवाह मुक्त घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता




**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत रंकाकला पंचायत के सुकुलडीह, शिवनाला और रंका को स्थानीय जन प्रतिनिधि, सरकारी कर्मी और समस्त ग्रामीणों ने ग्राम सभा में सर्वसम्मति से बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। अब से इन तीनों बाल विवाह मुक्त क्षेत्रों में कहीं भी या किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह नहीं हो, इसकी जबाबदेही स्थानीय पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, शिक्षक और समाजसेवियों को होगी। बताते चले कि रंका स्वयंसेवक सह लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के फील्ड फैसिलिटेटर अमरेंद्र कुमार ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए प्रयासरत है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता का भी साथ अमरेंद्र कुमार को मिला है, जिन्होंने इनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों ने बच्चों को विद्यालय में नामांकन करा कर शिक्षित करने, बाल मजदूरी नहीं कराने, लड़की की शादी 18 और लड़का की शादी, 21 वर्ष के बाद करने का संकल्प लिया गया है। इस ग्राम सभा में मुखिया सविता गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, पंचायत सचिव महावीर महतो, वार्ड सदस्य शोभा देवी, लक्ष्मी देवी, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंहा सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे।


**न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–**
**वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

**न्यायालय सूचना**

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध विभिन्न थाना में थाना काण्ड में जप्त वाहनों / जप्त वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों / वन पदार्थो के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारंभिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी–किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं ।

अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि 24.01.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0 | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | केरेडारी थाना काण्ड सं0 27 / 2013 | 28/2013 | महेन्द्रा ट्रैक्टर 295 DI ई0 नं0 RAGW08738 चे0 सं0– 06505439C1 कोयला – 03 टन | 24.01.2024 |
| 2 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 45 / 2013 | 31/2013 | 1. ट्रैक्टर सं0– JH-01AG-8312 कोयला – 2½ टन 2. डीसकभर मोटर साईकिल नं0– JH-02V-9829 | 24.01.2024 |
| 3 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 47 / 2013 | 32/2013 | महेन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ई0 नं0 NGNL1541 कोयला – 02 टन | 24.01.2024 |
| 4 | गोरहर थाना काण्ड सं0 17 / 2013 | 35/2013 | 1. मारूती भान सं0– WB-02C-5114 2. मेटाडोर – बिना नम्बर का 120 बोरा कोयला | 24.01.2024 |
| 5 | बरही थाना काण्ड सं0 352 / 2014 | 11/2015 | ट्रक सं0– JH-10G-4397 कोयला – 15.300 टन | 24.01.2024 |
| 6 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 83 / 2015 | 38/2015 | महेन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ई0 नं0 RENW02144 कोयला – 02 टन | 24.01.2024 |
| 7 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 42 / 2014 | 45/2015 | कोयला – 08 टन | 24.01.2024 |
| 8 | केरेडारी थाना काण्ड सं0 89 / 2014 | 48/2015 | कोयला – 14 टन | 24.01.2024 |
| 9 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 180 / 2014 | 58/2015 | 1.महेन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ई0 नं0 RENW021376E 2.महेन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ई0 नं0 RENW01305GD कोयला – 05 टन | 24.01.2024 |
| 10 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 26 / 2014 | 73/2015 | डम्फर नं0 JH-02X-1745 कोयला – 10 टन | 24.01.2024 |
| 11 | मुफ्फसिल (सदर) थाना काण्ड सं0 1151 / 2015 | 78/2015 | सुमो विक्टा सं0– JH-01Q-5624 18 बोरा कोयला | 24.01.2024 |
| 12 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 211 / 2015 | 09/2016 | लकडी बोटा– 25 पीस | 24.01.2024 |
| 13 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 225 / 2015 | 17/2016 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर ई0 नं0 E3276039 चे0 सं0 T053249274 कोयला – 03 टन | 24.01.2024 |
| 14 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 253 / 2015 | 18/2016 | 1.स्कौट ट्रैक्टर 435 ई0 नं0 E3215/175437 चे0 सं0 3466002 2.पावर ट्रैक ट्रैक्टर ई0 नं0 T3108422 चे0 सं0 B3108148 3.जौन डियर ट्रैक्टर चे0 सं0 PY5103B003085 कोयला – 06 टन | 24.01.2024 |
| 15 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 249 / 2015 | 20/2016 | 1.महेन्द्रा ट्रैक्टर 265DI ई0 नं0 NS-2219 2. हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल सं0 MP-54B-7724 कोयला – 1½ टन | 24.01.2024 |
| 16 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 27 / 2016 | 21/2016 | हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल ई0 सं0 00HI-8631287 चे0 सं0 00J20F02026 कोयला – 05 क्विंटल | 24.01.2024 |
| 17 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 258 / 2015 | 22/2016 | 1.न्यू हॉलैण्ड ट्रैक्टर 4010 ई0 नं0 325/E-44364 चे0 सं0 623533L302 2. न्यू हॉलैण्ड ट्रैक्टर 4010 ई0 नं0 L302E51953 चे0 सं0 623575L 3महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0 RBT11738 4महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0 RENB02325HD 5महेन्द्रा ट्रैक्टर चे 0 नं0 530FB2843 कोयला – 10 टन | 24.01.2024 |
| 18 | बरही थाना काण्ड सं0 230 / 2015 | 24/2016 | बोलेरो पिकअप भैन JH-02E-3669 लकडी– 500 पीस | 24.01.2024 |
| 19 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 26 / 2016 | 26/2016 | कोयला – 14 टन | 24.01.2024 |
| 20 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 19 / 2016 | 51/2016 | कोयला – 10 टन | 24.01.2024 |
| 21 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 05 / 2016 | 55/2016 | साल बोटा 11 पीस | 24.01.2024 |
| 22 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 111 / 2016 | 66/2016 | पिकअप भान सं0 BR-27A-1295 साल बोटा– 11 पीस | 24.01.2024 |
| 23 | केरेडारी थाना काण्ड सं0 99 / 2014 | 68/2016 | कोयला – 04 क्विंटल | 24.01.2024 |
| 24 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 130 / 2016 | 69/2016 | सेनालिका ट्रैक्टर– ई0 सं0 DI730118C200L, 3092F2H21929, 02082F21560 कोयला – 3.5 टन | 24.01.2024 |
| 25 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 256 / 2016 | 26/2017 | कोयला – 12 टन | 24.01.2024 |
| 26 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 32 / 2017 | 30/2017 | 1. महेन्द्रा ट्रैक्टर 265डी0आई0 ई0सं0 NGB13931 2. इण्डो फार्म ट्रैक्टर 2030 ई0सं0 P2401930 3. स्कौट ट्रैक्टर 433 ई0सं0 321517496F कोयला – 09 टन | 24.01.2024 |
| 27 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 33 / 2018 | 68/2018 | ट्रैक्टर– ई0 सं0 P2416290 कोयला – 02 टन | 24.01.2024 |
| 28 | कटकमदाग थाना काण्ड सं0 45 / 2018 | 69/2018 | 1. स्कौट ट्रैक्टर– ई0 सं0 E327320699 2. जॉन डियर ट्रैक्टर– ई0 सं0 PY3029D109187 कोयला – 03 टन | 24.01.2024 |
| 29 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 74 / 2018 | 70/2018 | ट्रैक्टर– सं0 JH-02X-8306 कोयला – 03 टन | 24.01.2024 |
| 30 | कटकमदाग थाना काण्ड सं0 111 / 2015 | 72/2018 | टाटा 407 सं0 JH-13A-0708 अबरख– 2.5 टन | 24.01.2024 |
| 31 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 276 / 2013 | 73/2018 | कोयला – 40 टन | 24.01.2024 |
| 32 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 139 / 2016 | 74/2018 | कोयला – 5.5 टन | 24.01.2024 |
| 33 | मुफ्फसिल थाना काण्ड सं0 25 / 2015 | 75/2018 | कोयला – 08 टन | 24.01.2024 |
| 34 | कटकमदाग थाना काण्ड सं0 112 / 2017 | 78/2018 | षक्तिमान ट्रैक्टर– ई0 सं0 53531805074 कोयला – 02 टन | 24.01.2024 |
| 35 | कटकमदाग थाना काण्ड सं0 22 / 2019 | 04/2020 | 1. महिन्द्रा ट्रैक्टर– ई0 सं0 C0-5552888 2. स्कौट ट्रैक्टर– ई0 सं0 T7321001108 कोयला – 04 टन | 24.01.2024 |
| 36 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 114 / 2018 | 05/2020 | महिन्द्रा ट्रैक्टर– सं0 JH-08D-0273 पत्थर– 80 सी0एफ0टी0 | 24.01.2024 |
| 37 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 02 / 2019 | 08/2020 | डम्फर– सं0 JH-02P-0456 कोयला– 10 टन | 24.01.2024 |
| 38 | कटकमदाग थाना काण्ड सं0 45 / 2018 | 10/2020 | 1. स्कौट ट्रैक्टर– ई0 सं0 E327320699E 2. जौन डियर ट्रैक्टर– ई0 सं0 PY3029D109187 कोयला – 03 टन | 24.01.2024 |
| 39 | चौपारण थाना काण्ड सं0 348 / 2019 | 45/2020 | ट्रक सं0 CG-04DM-7536 कोयला – 25 टन | 24.01.2024 |
| 40 | बरही थाना काण्ड सं0 82 / 2020 | 53/2020 | ट्रक 407 सं0 JH-012-6042 PY3029B109187 कोयला– 100 बोरा | 24.01.2024 |
| 41 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 58 / 2020 | 54/2020 | कोयला – 03 टन | 24.01.2024 |
| 42 | ईचाक थाना काण्ड सं0 22 / 2020 | 56/2020 | बजाज टेम्पु – ई0 सं0 BBYWJD35551 चे0 सं0 MDZA95AY6JWB81232 कोयला 11 बोरा | 24.01.2024 |
| 43 | चलकुशा थाना काण्ड सं0 29 / 2015 | 66/2020 | पिकअप भान सं0 JH-05A-3259 कोयला – 80 बोरा | 24.01.2024 |
| 44 | बरही थाना काण्ड सं0 51 / 2020 | 76/2020 | सवारी गाडी सं0 JH-21B-9301 कोयला – 11 बोरा | 24.01.2024 |

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 315528 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

### भगवान बिरसा मुंडा की संघर्ष स्थली डोंबारी बुरू में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

# बिरसा मुंडा के आदर्शों का अनुसरण करते हुए विकास के प्रति जागरूक बनें: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा की संघर्षस्थली डोंबारी बुरू में मंगलवार को शहादत दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर खूंटी के सांसद और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों से जुड़े लोगों, विभिन्न गांवों के आदिवासी महिला-पुरुषों तथा बिरसाइत पंथ मानने वाले बड़ी संख्या में डोंबारी बुरु पहुंचे और नौ जनवरी 1899 को अंग्रेजों के साथ संघर्ष में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अपनी आहुति देनेवाले अपने पूर्वजों का इतिहास याद रखना चाहिए। अंग्रेजों के उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य शहीदों को लोग हमेशा याद रखे। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया, जो संपूर्ण भारत में संकल्प दिवस के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों से समाज, क्षेत्र व राज्य के विकास के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरुद्ध झारखंड में उलगुलान छेड़कर हम आदिवासियों को जीने एवं विकास का रास्ता दिखाया था। अब हमें अपने हक व अधिकार के प्रति जागरुक होकर संवैधानिक तरीके से अपने समाज, गांव एवं राज्य के लिए विकास की दिशा में प्रगति के रास्ते का चुनाव करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा, रीति-रिवाज, संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए राज्य व राष्ट्र के विकास के लिए प्रगति का मार्ग व्यवस्थित करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। यही भगवान बिरसा के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विकास के प्रति केंद्र सरकार कृतसंकल्पित है। पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने लोगों से भगवान बिरसा मुंडा, शहीद सरदार गया मुंडा, मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा सहित अन्य महापुरुषों के आदर्शों का अनुकरण करते हुए अपने अधिकार के लिए जागरूक होकर संवैधानिक तरीके से आगे आने का आह्वान किया।



## आदिवासियों का विकास ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: कोचे मुंडा



खूंटी। तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने मंगलवार को अपने ममरला स्थित आवसीय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया और डोंबारी बुरू के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि जलियांवाला बाग नर संहार के पहले झारखंड में एक और नर संहार हुआ था। कायर अंग्रेजों ने आज ही के दिन नौ जनवरी 1899 को सैकड़ों निहत्थे आदिवासियों का मार डाला था। उन्होंने कहा कि जब भगवान बिरसा मुंडा डोंबारी पहाड़ पर अपने समर्थकों के साथ बैठक कर रहे थे, उस समय अंग्रेज सिपाहियों ने चारों और से घेर कर निहत्थे आदिवासियों को गोलियों से भून दिया था। कहा कि उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम सभी आदिवासियों को विकास के साथ जोड़ संकेगे। मौके पर गौंझू प्रधान, भगीरथ राय, महावीर साहू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदिवासियों की क्रांति की प्रतीक है डोंबारी बुरू : नीलकंठ सिंह मुंडा



विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि डोंबारी बुरू झारखंड की अस्मिता, संघर्ष एवं ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने के लिए आदिवासियों के क्रांति की प्रतीक है। खूंटी जिला का यह पहाड़ धरती आबा बिरसा मुंडा के सहयोगियों के बलिदान की कर्मभूमि है। यह वह स्थान है जहां से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेंगी। भगवान बिरसा के उलगुलान के इतिहास को अपने अंदर समेटे हुए डोंबारी बुरु आज भी अटल, अक्षुण्ण और प्रेरणाश्रोत बनकर खड़ा है। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए हुए मार्ग पर चलें। दूसरी ओर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेसियों और झारखंड पार्टी के जिला महासचिव योगेश वर्मा के नेतृत्व में झारखंड पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी डोंबारी बुरू पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, ज्योतिष भगत, विनोद नाग, जगन्नाथ मुंडा, जितेंद्र कश्यप, अनूप साहू, लव चौधरी, रूपेश जायसवाल, संजय साहू, जयप्रकाश भाला, परमेश्वर प्रसाद, अर्जुन पहान, सुरेश जायसवाल, राम बिहारी लाल, सुरेश जायसवाल, मदन मोहन गोप, प्रशांत कुमार,सत्यनारायण सिंह, जगन्नाथ मुंडा, अरुण चंद गुप्ता, परमेश्वर प्रसाद, जोनिका गुड़िया सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विद्यार्थी परिषद का पुनर्गठन, डॉ मुदित झा बने खूंटी नगर अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी नगर इकाई का मंगलवार को पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला संयोजक कमलेश महतो ने कहा कि देश के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कार्य केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना भी है। जिला प्रमुख डॉ चंद्रकिशोर भगत ने कहा कि सभी छात्रों को अपने जीवन में विद्यार्थी परिषद का सदस्य जरूर बनना चाहिए। परिषद शिक्षा के साथ ही अनुसासन और चरित्र निर्माण का कार्य करती है। मौके पर विद्यार्थी परिषद की नयी कार्यकारिततणी का गठन किया गया। इसमें नगर अध्यक्ष डॉ मुदित झा, नगर उपाध्यक्ष डॉ उज्ज्वल मिश्रा, नगर मंत्री राहुल महतो, नगर सह मंत्री माया कुमारी, अरुण महतो, रविशंकर साहू, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार, सह कोषाध्यक्ष निखिल कुमार, कार्यालय मंत्री धर्मेंद्र साहू, सह कार्यालय मंत्री सोनू राम, सोशल मीडिया प्रभारी नितेश कुमार, सह प्रभारी निखिल कुमार शर्मा, कला मंच संयोजक अमन सिंह, सह संयोजक आशुतोष कुमार राम, खेल संयोजक सुमित मुंडा, सह संयोजक सुमित गोप, एसएफडी प्रमुख, रमेश महतो सह प्रमुख अमित कुमार एसएफएस प्रमुख, सुमित कुमार, सह प्रमुख राहुल ठाकुर का चयन किया गया।

## एसीबी ने खूंटी थाना के एसआइ को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**खूंटी।** खूंटी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक श्रीकांत कुमार को एसीबी की टीम ने मंगलवार को एक व्यक्ति से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माइनिंग एक्ट के एक मामले में पकड़े गये बालू लदे एक ट्रैक्टर को छोड़ने के एवज में एसआइ ने एक व्यक्ति से रिश्वत की मांग की थी। बताया गया कि उक्त व्यक्ति ने इसकी जानकारी एसीबी को दे दी। मंगलवार दोपहर जब पुलिस अधिकारी को जैसे रिश्वत के रूप में 10 हजार रुपये, सौंपे, तो पहले से जाल बिछाए एसीबी की टीम ने घूस के रकम के साथ पुलिस अधिकारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसकी पुष्टि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने की है।

## राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में डीएवी खूंटी के शूटरों का शानदार प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीएवी फरीदाबाद सेक्टर 14 में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में डीएवी खूंटी के शूटरों रचित रंजन को गोल्ड और प्रवीण को सिल्वर मेडल जीत कर विद्यालय के साथ ही जिले का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही टीम इवेंट में विजेता का खिताब जीत कर डीएवी खूंटी का परचम लहराया और खूंटी राइफल शूंटिंग क्लब का झंडा बुलंद किया। इस सफलता पर खेल शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, कोच अनुज कुमार, टीम मैनेजर चंदन कुमार को प्राचार्य टीपी झा ने उन्हें बधाई दी।

## अफसर अली की बेल पर अब 22 को सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड स्थित एक भूखंड की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अफसर अली की जमानत अर्जी पर ईडी की विशेष अदालत में 23 जनवरी को सुनवाई होगी। मंगलवार को अफसर अली की जमानत याचिका पर ढटछअ (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने बेल पर बहस के लिए 23 जनवरी की डेट तय की है। अभी कोर्ट जिस केस में सुनवाई कर रहा है, वह चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद-बिक्री से जुड़ा हुआ केस है। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 5/2023 दर्ज किया है। इससे पहले कांड संख्या 1/2023 में कोर्ट अफसर अली को बेल देने से इंकार कर चुका है। जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है।

# नर्सिंग होम संचालक गोलीकांड की जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** नर्सिंग होम संचालक पर चली गोली मामले की जांच करने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह विष्णुगढ़ पहुंचे। घटनास्थल और विष्णुगढ़ में संचालित लक्ष्मी नर्सिंग होम आकर मामले की जांच की और सभी स्टाफ से पूछताछ की गयी। इस दौरान कई बिंदुओं पर गहन जांच की। बताते है कि गत सोमवार की शाम नर्सिंग होम के संचालक परशुराम प्रसाद को भेलवारा में अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल किया था। घायल संचालक का इलाज रांची में किया जा रहा है, जो खतरे से बाहर बताया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह से पूछे जाने पर बताया कि मामले की जांच ओर अपराधियों की धर पकड़ में पुलिस लगी है बहुत जल्द अपराधी पुलिस गिरफ्तार में होंगे।

# पीएम मोदी की सहृदयता से बिंझिया समाज को मिला न्याय: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सूरजपुर जिले के जमदेई में आयोजित अखिल भारतीय बिंझिया समाज के महासम्मेलन और अभिनंदन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहृदयता से बिंझिया जाति सहित 12 जातियों को जनजाति का दर्जा मिला। वर्षों से बिंझिया समाज जनजाति का दर्जा प्रदान करने के लिए मांग कर रहा था। उन्होंने कहा कि मांग के प्रति संवेदनशीलता दिखते हुए प्रधानमंत्री ने बिंझिया समाज सहित बारह जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल किया, इन जातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिला। आज बहुत खुशी है कि बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बन रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ इन वर्गों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, सांसद रहते हुए मैंने स्वयं और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि आज इन वंचित समुदायों को उनका हक मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वे जब केंद्र में राज्यमंत्री थे। तब उन्होंने लगातार बिंझिया समाज सहित 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए लगातार प्रयास किए थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा व राज्यसभा में इस वर्ग की पीड़ा और समस्याओं को संसद में उठाया गया ताकि आदिवासी भाई-बहनों के साथ न्याय हो सके। उन्होंने 12 जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर मां कुदरगढ़ी मंदिर में रोप वे की स्वीकृति की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने देवीपुर महामाया मंदिर से पंपापुर रोड चौड़ीकरण के लिए 4.5 करोड़ रुपए, देवीपुर से नौवापर मार्ग में जोगीगुड़ा नाले में पुलिया निर्माण के लिए 3 करोड़ रूपए की स्वीकृति, 50 सीटर बालिका छात्रावास की मंजूरी तथा जमदेई में 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मोदी जी की गारंटी में किए गए हर वायदे को पूरा करेंगे। हमने शपथ ग्रहण करने के बाद केबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को पक्का मकान देने की स्वीकृति का ऐतिहासिक निर्णय लेकर मोदी जी की गारंटी को पूरा करने की शुरूआत की। दूसरा वायदा पूरा करते हुए सुशासन दिवस के अवसर पर 12 लाख से अधिक किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस की 3716 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया। मोदी जी की गारंटी के तहत किसानों के धान को 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से 3100 रुपये प्रति किवंटल की दर से खरीद रहे हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरगुजा अंचल ने एक इतिहास रचा है, यहां की जनता ने जो आशीर्वाद दिया, आज सरगुजा का बेटा प्रदेश का मुखिया बना है, यह गर्व की बात है। डॉ सिंह ने कहा हमारे कार्यकाल में बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के मात्रात्मक त्रुटि के निराकरण करने के लिए विशेष प्रयास किए थे और उसी का परिणाम रहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2022 में इन वर्गों के साथ न्याय करते हुए इन जातियों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल किया। कार्यक्रम में विधायक भूलन सिंह मरावी, उद्देश्वरी पैकरा, राजेश अग्रवाल, शकुन्तला पोर्ते, पूर्व विधायक राम सेवक पैकरा, पूर्व सांसद कमल भान सिंह, बिंझिया समाज के अध्यक्ष भुवाल सिंह सिरदार उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण खबरें

### फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब परासी टीम विजयी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड में प्रखंडस्तरीय फुटबॉल और कबड्डी मैच का आयोजन लिंग आधारित हिंसा के विरोध में किया गया। राष्ट्रीय अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में तमाड़, नावाडीह, मारधान परासी, पुंडीदीरी सीएलएफ के बीच फुटबॉल-कबड्डी मैच का प्रदर्शन किया गया। इसमें फाइनल राउंड में परासी और मारधान के बीच फुटबॉल मैच खेला गया, जिसमें 1-0 से परासी की टीम विजयी रही। उपविजेता मारधान सीएलएफ बना। कबड्डी फाइनल राउंड में तमाड़ और पारसी के बीच खेला गया, जिसमें तमाड़ की टीम विजयी रही। उप विजेता परासी टीम रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिला परिषद सदस्य भवानी सिंह मुंडा, दिलीप सेठ, उप प्रमुख शकुंतला खंडित, मुखिया तमाड़ पश्चिमी, तमाड़ पूर्वी, आमलेसा, आराहंगा, पंचायत समिति सदस्य, रामकृष्ण महतो, बीपीएम जेएसएलपीएस रानी प्रवीण, शशिभूषण, शिव, सालू, पंचमी, पार्वती, सरिता समेत अन्य उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**तैमारा (आजाद सिपाही)।** रांची-टाटा पथ पर तैमारा घाटी में बीती रात लगभग 9.30 बजे मोटरसाइकिल डिवाइडर पर टकराने से सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक पारसनाथ सिंह, उम्र 24 वर्ष, पिता शिवनारायण बिंझिया तैमारा गांव के निवासी था। जानकारी के मुताबिक वह बीती रात लगभग 9.00 बजे घर से बुंडू जाने के लिए पल्सर मोटरसाइकिल से निकला था। दशम फॉल थानेदार प्रेम प्रकाश ने बताया कि डिवाइडर से टकराने के कारण मृत्यु हो गयी। दशम फॉल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार को रिम्स भेजा। मौत की खबर से गांव में शोक की लहर है।

### सतीघाट टुसू मेला को लेकर किया गया मंथन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** पांचपरगना के प्रसिद्ध सतिघाट टुसू मेला को लेकर मेला समिति की बैठक मेला परिसर में सत्यनारायण सिंह मुंडा की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि प्रशासन की अनुमति पर 16 जनवरी को टुसू मेला लगेगा। मेला लगने की स्थिति में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के कई पहलुओं पर चर्चा की गयी। मौके पर अशोक महतो, गौतम सिंह देव, प्रकाश चंद्र कर्मकार, विपिन बिहारी महतो, चंद्रकांत महतो, मुकुंद प्रमाणिक, तापस कर्मकार, राममोहन राय सहित अन्य उपस्थित थे।

### थानेदार के प्रमोशन पर दी बधाई

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडु थाना प्रभारी संजीव कुमार का डीएसपी पद पर पदोन्नति पर बुंडू जय हो सेवा संस्था ने बधाई दी। बधाई देनेवालों में संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष पवन महतो, समाजसेवी शत्रुघ्न महतो, समाजसेवी अनुप दत्ता, बबलू भगत, आकाश महतो, आकाश बीट, आशुतोष महतो, सुकसारण महतो, मो सेराज, अभिषेक गोराई, कवि नायक, संजय महतो, रवि महतो, दौलत महतो सहित अन्य शामिल थे।

### 13 एकड़ में लगी अफीम के खेती को किया नष्ट



**राहे (आजाद सिपाही)।** एसएसबी और अनगड़ा पुलिस ने क्षेत्र कोंताटोली,गांव के आसपास जंगल में अभियान चलाकर 13 एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट किया। एसएसबी 26वी बटालियन के ए कंपनी के जवान और राहे पुलिस के संयुक्त रूप से अभियान चलाकर पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया है। इस अभियान में ए कंपनी के निरीक्षक शशि कुमार, सहायक उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुंअर, हरदीप सिंह, मयांग मेरेन, अनगड़ा के सहायक उपनिरीक्षक अमर सिंह, इस अभियान में शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में प्रो मुक्त बारला की मौत

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर जोजोडीह के निकट सोमबार की सुबह सड़क दुर्घटना में महिला कालेज की प्रोफेसर मुक्त बारला की मौत हो गयी। वह स्कूटी से गुमला जा रही थी कि एक स्कॉर्पियो की चपेट मे आ गयी पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया।

### सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में लपरा पंचायत अंतर्गत चट्टी नदी गांव में डीएमएफटी फंड से लाखों रुपये की लागत से बन रहे पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। जिसे लेकर स्थानीय रौशन उरांव, जट्टू उरांव, राम भगत, रंथु उरांव संजू उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि पीसीसी ढलाई में प्राक्कलन के अनुसार निर्माण सामग्रियां नहीं दी जा रही है। ढलाई के मिश्रण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। छरी व बालू की मात्रा अधिक है। जबकि सीमेंट प्राक्कलन के अनुसार नहीं दिया जा रहा है। वहीं सड़क की ढलाई छः इंच के जगह पर कहीं पांच तो कही दो इंच तीन इन्च किया जा रहा है। इतना ही नहीं मानक चौड़ाई से भी कहीं कहीं सड़क की ढलाई कम किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में स्थानीय के द्वारा जा कर कहने पर कोई कुछ नहीं सुन रहा है। इधर संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों से पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन सम्पर्क नही हो पाया है।

### बस ऑनर्स एसोसिएशन की बैठक में कई मुद्दों पर हुआ विचार विमर्श



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय लोबिन बागान में हुई बैठक में रांची जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह के आक्समिक निधन पर संवेदना व्यक्त की गयी और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर एसोसिएशन को मजबूत बनाने और खूंटी स्टैंड के एजेंट से संबंधित समस्या का निपटारा किया गया। मौके पर बस मालिकों की समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श किया गया और समस्याओं के निपटारे के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गौरी ओहदार और धन्यवाद ज्ञापन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरूण कुमार साबू ने किया। मौके पर सतीश कश्यप, बिनोद मिश्रा, असफाक आजम(शेरू) प्रवीण अग्रवाल, मुन्ना खान, हलेश ओहदार उपस्थित थे।

# 500 साल बाद श्रीराम मंदिर के दर्शन का लाभ मिल रहा है : कर्मवीर सिंह

**झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट को जीतने तथा विधानसभा में पूर्ण बहुमत की कार्ययोजना पर फोकस करें कार्यकर्ता : अमर बाउरी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के साल्हन गांव स्थित पतराटोली मैदान में मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का वनभोज सह आगामी कार्ययोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ, प्रदेश मंत्री बालमुकूंद सहाय, अनूसचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ जितुचरण राम, प्रदेश प्रभारी ब्रजमोहन राम, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रामचंद नायक, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जैलेंद्र कुमार, सरोज सिंह, सीताराम रवि, डॉ रिझू नायक, अशोक नायक, रंजन पासवान, रंजय भारती आदि उपस्थित हुए। इससे पहले दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को शुरू किया गया। मौके पर कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन की कार्ययोजना पर सिद्धत के साथ काम करने का आहवान करते हुए कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश पिछले साढ़े नौ वर्षों में परिवर्तन और विकास की एक सफल यात्रा पर चल पड़ा है। उन्होंनें मोदी जी के प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक प्रगति को सबसे अधिक वंचितों और वंचितों की प्रगति से हीं मापा जाना चाहिए। प्रतिपक्ष नेता अमर बाउरी ने कार्यकर्ताओं को झारखंड विधानसभा के सभी आरक्षित 9 सीटों तथा सभी लोकसभा क्षेत्र में दलित युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित करने, बस्ती संपर्क अभियान चलाने, सभी 81 विस क्षेत्र में अंबेडकर स्वाभिमान यात्रा करने, भारत संकल्प यात्रा करने, 22 दलित उपजातियों को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी में शामिल कराने, 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था करने, 10 प्रतिशत वोट का इजाफा करने के लक्ष्य पर काम करने, 13-14 जनवरी को मंदिरों की साफ सफाई करने, मोदी जी की विकसित भारत यात्रा को सभी दलित वस्तियों में घुमाने आदि मेगा प्लान के बारे में विस्तार से समझाया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर संजय नायक, शंकर बैठा, सिकंदर अंसारी, बनमाली महतो, रामनाथ महतो सहित झारखंड प्रदेश एसएसी मोर्चा के सभी पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्य, सोशल मीडिया प्रभारी, आइटी सेल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रखंड मुखिया संघ ने की पंचायत सचिव व रोजगार सेवक प्रतिनियोजन करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी ।** प्रखंड मुखिया संघ की बैठक पंचायत सचिवालय ओरमांझी में संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक बडाईक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें मुखिया का डिजिटल साईन जो अभी ब्लाक कोर्डिनेटर पीएचईडी मनरेगा के पास है उसे मुखिया के पास देने का निर्णय लिया गया । पंचायत में पदस्थापित कर्मचारियों को पंचायत सचिवालय में बैठने व पंचायत सचिव, रोजगार सचिव को बैठने का प्रस्ताव पास किया गया। प्रखंड में आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए एकलव्य विधालय बनवाने सहित ओरमांझी साप्ताहिक बाजार को डेली मार्केट बनवाने के लिए पहल करने का प्रस्ताव पास किया गया। जल्द ही इन मांगों को लेकर स्थानीय प्रशासन विधायक सांसद से लेकर राज्य व केंद्र के कृषि मंत्री से मिलकर आवेदन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बडाईक, चकला पंचायत मुखिया शिवनाथ मुंडा, चुटूपालु पंचायत मुखिया विरेंद्र मुंडा, गगारी पंचायत मुखिया धनराज बेदिया, ईचादाग पंचायत मुखिया रीना देवी, जयडीहा पंचायत मुखिया सावित्री देवी, बारीडीह पंचायत मुखिया पावती देवी, कुच्चु पंचायत मुखिया पुनम देवी, करमा पंचायत मुखिया सविता देवी, चाडू पंचायत मुखिया रोजलीन लकड़ा, पांचा पंचायत मुखिया सुफल महली सदमा पंचायत मुखिया सुनील उरांव, वरवे पंचायत मुखिया अनिता लिण्डा, हेंदेबिली मुखिया दशमी मिंज मौजूद थे।

## दर्जनों लोगों ने आजसू का दामन थामा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी महानगर इकाई की एक बैठक हरमु स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो थे। बैठक के दौरान आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह आजसू के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव और वरिष्ठ नेता सज्जाद आलम के नेतृत्व में वार्ड नं 12 कांटाटोली के दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं पारसनाथ उरांव नें सुदेश महतो को बुके देकर नव वर्ष की बधाई दी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से वासिद अहमद, मो हामिद, सहादत अंसारी, वसीम खान आदि शामिल थे।

## अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग में अयोध्या से पूजित अक्षत को युद्ध स्तर पर ग्यारह पंचायत के सभी गांवों में वितरित किया जा रहा है। लोगों में 22 जनवरी को राम मंदिर में पांच सौ वर्ष इंतजार के बाद भगवान राम घर में विराजमान हो रहे है। उसकी खुशी में देश के माने कोने में सनातनी भाइयो में खुशी से झूम उठे है। पूजित अक्षत और पत्रक साथ मे रस्म मन्दिर का चित्र घर घर तक पहुंचाया जा रहा है। ककरिया पंचायत के चम्पाडीह में अखिल भारतीय रैतिया समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामशंकर सिंह गांव के अपने दर्जनों समर्थकों के साथ समूह में अक्षत और पत्रक लिए। महुगाव, दानेकेरा, दाड़ी, मालगो, हुलसु, दानेकेरा, लतरातू, सापुकेरा, मालगो, महुगाव, दोलाईचा पंचायत के विभिन्न गांव में अक्षत वितरण किया गया। अक्षत वितरण में सत्संग समिति के सदस्य विश्राम प्रधान, किशवर साहू, घनश्याम साहू, शशि देवी, चरकु साहू, सत्यनारायन महतो, हरि साहू संदीप कुमार के अलावे अनेक सनातनी व विहीप व बजरंग दल के कार्यकर्ता सहयोग कर रहे है।03

## श्रीराम-जानकी-हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा 22 को



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही) ।** नगड़ी के कुम्हार टोली देवरी में श्री राम जानकी हनुमान मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसका प्राण प्रतिष्ठा का समय 22 जनवरी निर्धारित है। इस संबंध में जानकारी देते समिति के अध्यक्ष संजय महतो और सचिव अरुण प्रमाणिक ने बताया कि 20 जनवरी को कलश यात्रा 1501 महिलाओं और कन्याओं द्वारा मंदिर प्रांगण से निकाली जायेगी और 21 जनवरी को देवताओं का नगर भ्रमण और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा और विशाल भंडारा का कार्यक्रम है इस अनुष्ठान को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने मे समिति के संरक्षक: शशिभूषण भगत, प्रेमसागर केशरी,मनोज कुमार, सुधाकर बैठा, मंटु महतो, जालेश्वर महतो, दिनेश महतो, सुरेंद्र इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, एक रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर मंगलवार की रात लगभग आठ बजे करांजी गांव स्थित देवी मंडप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 22 वर्षीय नितेश तिर्की पिता स्वर्गीय बुद्धु उरांव और 24 वर्षीय जकरियस लकड़ा पिता स्वर्गीय सुलेमान लकड़ा दोनों बेड़ो खत्री खटंगा गांव निवासी है। जिन्हें ग्रामीणों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ सुमन ने दोनों घायल युवकों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल नितेश तिर्की को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों स्कूटी सवार युवक रांची से अपने गांव बेड़ो खत्री खटंगा जा रहे थे।

## मृतक के परिजनों को आजसू नेता ने की आर्थिक मदद



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बीसा पंचायत के गोंदलीटोला निवासी धनीराम पाहन एवं लुपूंग पंचायत निवासी यशोदा देवी की मृत्यु विगत दिनों गंभीर बीमारी की वजह से हो गयी थी। दोनों मृतक बेहद गरीब परिवार से हैं। उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। मंगलवार को सूचना पाकर आजसू के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव मृतकों के घर पहुंचे तथा पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने मौके पर मृतकों के दशकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री तथा नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मौके पर बीसा पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र महतो, करमी देवी, शर्मिला देवी, कृष्ण कन्हैया, दिलेश्वर बेदिया, मुनी देवी, शंभु बड़ाईक, दिलीप पहान आदि मौजूद थे।

# छह लाख के साथ नाबालिग का अपहरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के एक नबालिक युवती को शादी का झांसा देकर साजीद अंसारी नामक युवक ने अपहरण कर लिया है। घटना 19 दिसंबर करीब ग्यारह बजे दिन की है। मामले को लेकर सात जनवरी को नाबालिग के पिता ने आरोपी साजीद अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामला में नबालिग के पिता ने आरोप लगाया है कि साजीद अंसारी ने मेरी नाबालिग पुत्री को शादी करने की झांसा देकर किसी और गलत नियत से बहला फुसला कर 19 दिसंबर को ले भागा है। साथ ही मेरे घर रखें छह लाख रुपया को भी ले गया है। काफी खोजबीन के बाद भी मेरी पुत्री का पत्ता नही चल पाया है। आरोपी के पिता एकबाल अंसारी से मेरी बेटी को वापस लाने का गुहार लगाया किन्तु वह भी टालमटोल करते रहे। युवती के पिता ने अपाहरण में अभियुक्त साजीद अंसारी के भाई राजीक अंसारी पर भी साजिस रचने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अभियुक्तो के विरुद्ध 363/366 (ए) धारा लगाकर मामला दर्ज किया है। इधर पुलिस ने अप्रहित नबालिक के बरामदगी के लिए कई ठिकानों पर छापामारी अभियान चला रखा है। थाना प्रभारी अमित प्रशांत ने कहा जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

## अबुआ आवास का नया फार्म जमा करने के लिए मांगा एक मौका

**कांके।** प्रखंड कांग्रेस कमिटि के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने मंगलवार को अबुआ आवास का फार्म जमा करने से वंचित लोगों की मांग को देखते हुये मुख्यमंत्री और कांके बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। संजर खान ने दिये ज्ञापन में बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिये कई गरीब लाभुक धान कटनी और अन्य कई कारणों से फार्म जमा करने से वंचित रह गये थे। गरीब जनता मुख्यमंत्री से उम्मीद करती है कि उन्हें नया फार्म जमा करने एक मौका दिया जाये।

# सीआइटी में पुण्यतिथि पर गर्म कपड़ों का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** कैंब्रिज ग्रुप के दिवंगत मुख्य सलाहकार और पूर्व प्रसाशनिक अधिकारी स्व.बी के चांद की पांचवी पुण्यतिथि के मौके पर सीआईटी में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के बीच गर्म कपड़े का वितरण किया गया। मौके पर स्व चांद के पुत्र कौशिक चांद कैंब्रिज ट्रस्ट के प्रसाशनिक निदेशक नवनीत सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ पल्लवी चौहान, वित्त निदेशक पी के सेन, प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डॉ भट्टचार्य, मनीष नाथ आदि ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर जरूरतमंदो को गर्म कपडे का वितरण किया। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष स्व चांद कि पुण्यतिथि पर संस्थान में गर्म कपड़ों का वितरण किया जाता है। स्व बी के चांद के पुत्र कौशिक चांद ने बताया कि इस वर्ष भी गर्म कपड़े के रूप मे दर्जनों जरुरतमंदो के बीच शाल, जैकेट, स्वेटर, चादर आदि का वितरण किया गया है।

## मृतक के स्वजनों को विधायक ने किया आर्थिक सहयोग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवर को प्रखंड के जरिया सरना टोली गांव निवासी 10 पड़हा राजा कोमल उरांव के परिवार व स्वजनों से मिली और अपनी संवेदना व्यक्त की। पड़हा राजा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में मैं आपके परिवार के साथ हूं। इस दौरान विधायक ने स्वजनों को आर्थिक सहयोग किया साथ ही अनाज भी उपलब्ध कराया। विधायक ने स्वजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर करमा उरांव,सुलेमान तिर्की, संतोष उरांव, गोवर्धन महतो, देवनाथ गोप सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## अयोध्या के पूजित अक्षत का पंचायत में किया वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण मंगलवार को नामकुम प्रखंड के बरगावां पंचायत अंतर्गत त्रिलोकी नगर और शिव नगर के सैकड़ों घरों में किया गया। अक्षत वितरण कार्यक्रम में शामिल मुन्नी देवी ने बताया कि पूजित अक्षत कलश राम जन्मभूमि अयोध्या से आया है। जिसे घर-घर जाकर वितरण करना है और कहा कि रामजी का भव्य मंदिर का दर्शन करना है। भानुमति देवी ने कहा कि 22 जनवरी के दिन पंचायत के सभी मंदिर प्रांगण में महा आरती करनी है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक स्वर्गीय सावना लकड़ा की पत्नी माता सीता लकड़ा, मुन्नी देवी, भानुमति देवी, पार्वती देवी, सुषमा देवी, शकुंतला देवी, रेखा देवी, राजू गोप, विनोद सिंह आदि शामिल थे।

# मुसलमानों में शिक्षा की कमी, बच्चों को दे दिनी तालीम: कमरुल हक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** प्रखंड के फुटकलटोली स्थित जामिया अहले सुन्नत हज्जन समीरनलील बनात मे मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह को श्रधांजलि अर्पित कर शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर आयोजित कांफ्रेंस में अलकमर एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष कामरुल हक ने शहीदो को नमन करते हुये लोगों से उनके आदर्शों पर चल समाज को दिशा देने का आह्वान किया। साथ ही समाज से दहेज प्रथा की कुरीतियों से बचने हेतू इसे समाप्त करने की बात कहा। उन्होंने शिक्षा में जोर देते हुये कहा कि मुसलमानों में शिक्षा की घोर कमी है। अभिभावक अपने बच्चों को दिनी तालीम दें। मदरसा जामिया अहले सुन्नत हज्जन समीरनलील बनात व के संस्थापक व एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक ने 12 सौ लाचार, वृद्ध महिला-पुरुष को कंबल व गरम वस्त्र प्रदान किया व सैकड़ो बच्चों के बीच जैकेट का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजमुल हक, गुलजार अंसारी, रिजवान अंसारी, सैयद फिरोज, हसिबुल हक, नवाजिसुल हक मदरसा के शिक्षक शिक्षिकाएं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# झारखंड स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स में ज्ञान सहगल ने जीता कांस्य पदक

**74 वर्ष की उम्र में 1500 मीटर की दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** इंसान में अगर जज्बा और हौसला हो तो वह कुछ भी हासिल कर सकता है, चाहे वह उम्र के किसी भी पड़ाव पर क्यों न हो। जिस उम्र में लोग खटिया पकड़ लते हैं, उस उम्र में ये बुजुर्ग दूसरों की खाट खड़ी करने में लगे हैं। जी हां, उम्र 74 की, लेकिन इनकी हौसलों की ना पुछियें जनाब। इस उम्र में भी 20 साल के युवाओं जैसा जोश बरकरार है। 1500 मीटर दौड़ में जब ज्ञान सहगल ने दौड़ लगायी, तो दर्शकों के मुंह से बरबस ही निकल पड़ा-वाह बाबा, क्या फरार्टा लगाया है। इनकी उम्र पर जज्बा भारी है। कहते हैं, जब मन में लगन हो तो इंसान किसी भी चुनौती को पार कर सकता है। इसे साकार कर दिखाया है बेड़ो प्रखंड के खत्री खटंगा गांव निवासी एक 74 वर्षीय बुजुर्ग सह सेवानिवृत्त शिक्षक ज्ञान राम सहगल ने। उन्होंने 7 जनवरी को जेआरडी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स जमशेदपुर में आयोजित थर्ड स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 1500 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया है। जो आज युवा पीढ़ी व बुर्जुगों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। यह आयोजन 70 वर्ष से ऊपर के बुर्जुगों के बीच किया गया था। जिसमें उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया। इस सफलता ने पूरे प्रखंडवासियों के साथ साथ युवा पीढ़ी को चौंकाने का काम किया है। इन्होंने 17 दिसंबर 2023 को विशाखापत्तनम में आयोजित 10 किलोमीटर के मैराथन दौड़ में भी तीसरा स्थान प्राप्त किया था। लोग कह रहे हैं कि सफलता हाथ की लकीर से नहीं अपितु समुचित प्रयास, नियमित अभ्यास, लगन, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से ही मिलती है। 74 वर्ष के इस पड़ाव में दो बार यह सम्मान मिलने से उनके स्वजनों में खुशी का माहौल व्याप्त है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दिया है।

## रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन केंद्र का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के परिसर में मंगलवार को रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन केंद्र का आयोजन किया गया। रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन जेएसएलपीएस के द्वारा दीनदयाल ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत की किया गया। कैंप का उद्घाटन बीडीओ संग्राम मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, विधायक प्रतिनिधि प्रो करमा उरांव, बीपीओ संजय तिर्की, मनरेगा ट्राई के सचिन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेला में 18 साल से 35 वर्ष तक के 105 युवक-युवतीयों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को नर्सिंग, कंप्यूटर हार्डवेयर, लॉजिस्टिक सेल्समेन, बागवानी प्रशिक्षण, गाय पालन, मुर्गी, सिलाई, मधुमक्खी पालन की प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण की अवधि, प्रशिक्षण करने के उपरांत जॉब की गारंटी सहित अन्य जानकारी विस्तार से दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के संकुल समन्वयक फील्ड थेमेटिक कोऑर्डिनेटर ट्री के सीएफ और संकुल से जुड़ी सक्रिय दीदीयों ने सहयोग किया।

## विद्यार्थी परिषद ने मांडर कॉलेज के नये प्राचार्य और नये बर्सर का किया स्वागत




**मांडर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांडर इकाई के कार्यकर्ताओं ने मगंलवार को महाविद्यालय मांडर में नये प्राचार्य प्रो फैयाज अहमद जहांगीर और नये बर्सर प्रो नाथू गाड़ी का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने आशा जतायी कि इन दोनों के कार्यकाल में विद्यार्थी परिषद की जो प्रमुख मांगे रहती है ठीक करेंगे। प्रवेश परीक्षा, पाठ्यक्रम और परिणाम को सुदृढ़ किया जायेगा। इस पर प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि छात्र हित में नये कदम उठायें जायेंगे। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी सहित विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद, विक्रम, शिवेंद्र सौरभ सहित समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कंजिया में सड़क दुर्घटना में चार घायल

**मांडर (आजाद सिपाही) ।** मांडर प्रखंड अंतर्गत कंजिया पेट्रोल पंप के निकट मगंलवार को हुए सड़क दुर्घटना में धरम उरांव 17 वर्ष महुवाजाड़ी, राजेंद्र उरांव 25 वर्ष, सोनल टोप्पो 32 वर्ष ग्राम खिरिस्त कॉलोनी मिसन और लेलीना खलखो 65 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी का ईलाज मांडर रेफरल अस्पताल में करने पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सोनल टोप्पो अपनी बाइक से दादी को लेकर गोरे जा रहा था। कंजिया पेट्रोल पंप से तेल लेकर निकलने के क्रम मे टांगरबसली की ओर से आ रहे मोटर साइकिल ने उसे धक्का मार दिया।

## 4 की आदिवासी रैली का करेंगे विरोध



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** जन जाति सुरक्षा मंच के पदाधिकारियों और ग्रामीणों की एक बैठक नगड़ी के चेटे बांदू बेड़ा गांव में हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश सह संयोजक हिंदवा उरांव ने की। बैठक में सभी ने एक स्वर में आगामी 4 फरवरी को रांची में होने वाले ईसाई आदिवासी रैली का विरोध करते हुए इसमें आदिवासी समाज के लोगों को शामिल नहीं होने का आग्रह किया गया। मौके पर हिंदवा उरांव ने कहा कि हमलोगों के द्वारा रांची में कुछ दिन पूर्व की गयी डीलिस्टिंग रैली के सफल आयोजन और आदिवासी समाज की भारी भीड़ से घबराकर इस तरह की रैली की जा रही है जिसे कभी सफल नहीं होने दिया जायेगा। अपने हक और अधिकार के लिए और इसे कानूनी रूप से मान्यता दिलाने को लेकर झारखंड के आदिवासी किसी भी हद तक आंदोलन करेंगे जरूरत पड़ी तो झारखंड और भारत बंद की भी घोषणा की जायेगी। बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश सहसंयोजक हिंदवा उरांव, प्रखंड सह संयोजक विकास उरांव, बंधु बेड़ा गांव के सुमन मिंज, माधो कच्छप, बंधन कच्छप, सीरिल उरांव, बुधुवा लोहार, संदीप उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अयोध्या से आये अक्षत का घर-घर वितरण



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी के भाजपा मंडल की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या से आये पुनीत अक्षत को क्षेत्र के घर-घर पहुंच कर वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष हाथ में कलश, पताका (झंडा ) शंख और पिटा घंट बजाते हुए भजन करते महतो टोली से अक्षत वितरण शुरू की। जो झखरा, तेली टोली, महुवा टिकरा, दरहाटाड़, सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को अभिमंत्रित अक्षत दिया। अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन दिन पर घरों की सफाई कर दिपोत्सव मनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राज कुमार तिर्की, कृष्णा राम तिवारी, राजकुमार महतो, पुनम देवी, सुजंती देवी, सीता देवी, राहुल सिंह, उज्वल केशरी सहित दर्जणों लोग शामिल थे।

# प्रशासन पर विश्वास, बागेश्वर सरकार आयेंगे पलामू : अरुणा





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया बुधवार को पलामू डीसी द्वारा उपायुक्त कार्यालय में 11:30 बजे हनुमंत कथा कराने हेतु एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक रखी गयी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिला प्रशासन हम सब को बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री को पलामू में कथा कराने की अनुमति समीक्षा उपरांत अवश्य देगी। प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री जी के दर्शन और कथा सुनने के लिए पूरे राज्य के लोगों में उत्सुकता है, सभी की निगाहें कल के होने वाले जिला प्रशासन की बैठक के निर्णय पर लगी रहेगी।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है केंद्र की योजनाओं का लाभ : विधायक



**पांकी (पलामू)।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत सकलदिपा और ताल पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता मौजूद रहे। विधायक दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना हमारा संकल्प विकसित भारत का लाइव कार्यक्रम को सभी ने देखा और जोरदार स्वागत किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। योजनाओं का लाभ देने के लिए केंद्र सरकार उनके द्वारा तक पहुंच रही और केंद्र की योजना का लाभ उठाने को लेकर जागरूक कर रही है। जरूरतमंद लोगों तक केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रो. बच्चन ठाकुर, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, सकलदिपा पंचायत के मुखिया, ताल पंचायत के मुखिया अनीता लोहरा, बीडीओ, नोडल पदाधिकारी, प्रखंड के सभी पदाधिकारी और स्वयं सहायता की महिलाएं, स्वास्थ्य विभाग और आंगनवाड़ी सेविका, मधु, भाजपा की रीमा शर्मा, उप मुखिया और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## सतबरवा में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र



सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सतबरवा के छात्रावास प्रांगण में मंगलवार को धान अधिप्राप्ति खरीफ केंद्र का उद्घाटन बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, कमलेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि किसान यहां सरकारी दर बोनस समेत 23 रुपया किलो में अपनी धान बेच सकेंगे। यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष समय पर धान अधिप्राप्ति केंद्र खुल गया है। किसान अपने धान को सरकारी दर पर बेचने के लिए पैक्स में आएं। महाजनों से ओने पौने दाम में धान बेचने की जरूरत नहीं है। सरकार आपके हित के लिए लगातार काम कर रही है। पैक्स अध्यक्ष कमलेश प्रसाद ने कहा कि बुधवार से धान की खरीदारी शुरू हो जायेगी, जहां आप अपने धान को सेंटर पर लाएं। इस मौके पर बीस सूत्री सदस्य दीपक, योगेंद्र भुईयां, मुस्ताक, कौशल, मुकेंद्र, राजेंद्र, विनोद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम



नीलांबर पितांबरपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक की गयी। जिसमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह सीओ आशीष कुमार साहू ने की।खासकर नये मतदाताओं को जोड़ने पर बल दिया गया। और निर्वाचन से संबंधित कार्यों की प्रगति एवं समीक्षा की गयी। बैठक में सुनिश्चित किया गया की पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल और प्रभावी बनाया जा सके। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष नावलेश मेहता, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, राजद अध्यक्ष तनवीर आलम, बसपा से विश्वनाथ राम, बीपीआरओ विनय शर्मा, अंचल निरीक्षक महेंद्र राम उपस्थित रहे।

# पीडीएस डीलरों की हड़ताल मांगे पूरी होने तक जारी रहेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के समीप गोदाम परिसर में फेयर प्राइस डीलर्स एशोसिएशन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने किया। प्रखंड पीडीएस डीलर संघ के महासचिव बिमलेश कश्यप ने बताया कि सरकार डीलरों के प्रति नाइंसाफी कर रही है। वर्षों से लंबित मांगों को आज तक पूरा नहीं किया गया। हर बार केवल आश्वासन मिल रहा है। उन्होंने बताया की संघ के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर अपनी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में एक जनवरी से जारी अनिश्चित कालीन हड़ताल मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण चौधरी ने कहा, सरकार पीडीएस डीलरों का उत्पीड़न ना करें, हमारी मांगे जायज है। मौके पर मुख्य रूप से संघ के उपाध्यक्ष शंभू सिंह, सूर्यनाथ पासवान, उदय यादव, जमील अहमद, उमेश पासी, मिथलेश राम, पिंटू गुप्ता, रजनीश, विश्वनाथ, रमेश आदि मौजूद थे।

# अवैध खनन, भंडारण और परिवहन की रोकथाम को लेकर डीएमओ ने की कार्रवाई

**क्रशर सील, क्रशर संचालक मनोज कुमार पर लेस्लीगंज थाने में डीएमओ ने कराया प्राथमिकी दर्ज**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू)।** डीसी शशि रंजन द्वारा अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के रोकथाम को लेकर दिये गये निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी का एक्शन जारी है। लेस्लीगंज थाना अंतर्गत चक इलाके में अवैध रूप से संचालित किया जा रहे क्रशर को सील कर दिया, साथ ही क्रशर के अंदर रखे गये 2400 सीएफटी बोल्डर, 2340 सीएफटी चिप्स और 260 सीएफटी डस्ट जब्त करते हुए क्रशर संचालक मनोज कुमार पर लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई:** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि अतिसुदूरवर्ती चक गांव में अवैध तरीके से क्रशर का संचालन किया जा रहा है, जिसके पश्चात उन्होंने लेस्लीगंज थाना के चक गांव पहुंच कर मेसर्स सुपर स्टोन वर्क्स, प्रोपराइटर मनोज कुमार के संचालित क्रशर में छापेमारी की, डीएमओ व पुलिस बल को आता देख क्रशर के सभी श्रमिक भाग गये, जबकि वहां मौजूद क्रशर के एक कर्मी अरूण कुमार पाया गया। जिससे क्रशर संचालन को लेकर कागजात की मांग की गयी तो अरूण कुमार द्वारा कागजात के नाम पर सीटीओ नवीकरण के लिए भेजे गये कागजात दिखा गया और इसके अलावा कोई भी अन्य कागजात प्रस्तूत नहीं किया गया। जांच में पाया गया कि क्रशर सीटीओ 31 दिसंबर 2023 तक ही है। वहीं अन्य कागजात भी नियमानुसार नहीं पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए डीएमओ आनंद कुमार के द्वारा अवैध रूप से क्रशर रखे बोल्डर, चिप्स और डस्ट जप्त करते हुए क्रशर संचालक मनोज कुमार पर लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। इस कार्रवाई में डीएमओ के साथ लेस्लीगंज थाना के एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी के साथ पुलिस बल मौजूद थे।

## जेएमएम नेताओं ने एसडीओ से की मुलाकात



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में जेएमएम का एक शिष्टमंडल हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जेएमएम नेताओ ने हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के जनहित की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिस पर एसडीओ श्री गंगवार ने प्राथमिकता के आधार पर जनहित की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। मौके पर जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, प्रखंड सचिव राजेश सिंह, बिजय पासवान, बिससुत्री सदस्य पिंटू गुप्ता आदि मौजूद थे।

## कंचन बांध प्राथमिक स्कूल में पोशाक का वितरण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कंचन बांध में उप मुखिया श्रीमती कुसुम देवी की उपस्थिति में बच्चो को पोशाक वितरण किया गया। मौके पर पूर्व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लखदेव यादव, रामलखन यादव, सकुंतला देवी, नीतू देवी, माधुरी देवी, नरेश यादव, संतन कुमार, चिंता देवी, प्रधानाध्यापक बलिराम यादव, सहायक अध्यापक अनिल समेत सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सिंगल विंडो ने किया 45 किसानों के बीच स्वचालित स्प्रे मशीन का वितरण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित सिंगल विंडो कार्यालय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत अनुदानित मूल्य पर 45 किसानों के बीच स्वचालित स्प्रे मशीन वितरण किया गया। इस मौके बीटीएम जय गोविंद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत कृषि क्षेत्र का विस्तार और उत्पादकता बृद्धि के माध्यम से फसलों के उत्पादन में बृद्धि,किसानों की शुद्ध आय में बृद्धि व व्यतिगत कृषि स्तर पर मिट्टी की प्रजनन क्षमता को बढ़ाना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर सिंगल विंडो के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## बाइक की चोरी, मामला दर्ज

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर से फिर बाइक चोरी का मामला सामने आया है।चार दिन पूर्व भी अनुमंडल मैदान से बाइक चोरी हुई थी। दूसरी घटना भी शहर निवासी विजय प्रसाद गुप्ता की सोमवार की शाम करीब साढ़े सात बजे अपने बाइक जेएच 03आर 3229 से स्टेशन रोड स्थित अपने दोस्त मनोज कुमार गुप्ता के घर के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया, जब करीब सवा आठ बजे बाहर निकला तो देखा कि बाइक गायब हैं। इस संबंध में विजय प्रसाद गुप्ता ने बाइक चोरी के मामले में लिखित सूचना हुसैनाबाद थाना को दी है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

# प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ धर्म है इस्लाम धर्म : कौशल किशोर

**अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म अपनाने से ही खुलेगा जन्नत का दरवाजा: पर्यावरण धर्म गुरु**



**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत मुख्यालय स्थित आजाद नगर में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला के साथ ड्राई फूड और थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम का पौधा देकर उन्हें सम्मान पूर्वक रवाना किया। पर्यावरणविद ने सभी अकीदतमंदों की सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इतिहास गवाह है कि मक्का मदीने का रोजा का गुंबद 14 सौ वर्ष से हरा है। जिसके रंग में कोई बदलाव आज तक नही हुआ है। पूर्व उपमुखिया अफजल अंसारी ने कहा कि धन्य है डाली बाजार की धरती जहां के विश्वस्तरीय पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल उनकी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल व पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल जैसे लोग सबके सुख दुःख में यहां के हर समुदाय के लोगों के साथ खड़े रहते हैं। जो हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियों में पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया नगीना बीवी, जुबेर, शहाबुद्दीन, जहरू, करीमन, शाहजहां, बड़ा यासीन, शमीम, असलम, परवेज आलम, इदरीशी, सरताज, रजि अहमद, नुरुल हुदा, मकबूल अंसारी आदि शामिल थे।

# जनता की समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाये: बिट्टू पाठक

**सरकार आपके द्वार कार्यक्रम और 14 जनवरी से प्रारंभ होने वाले भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर किया गया बैठक**




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू के द्वारा किया गया। समीक्षा बैठक पंचायत स्तरीय सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम और 14 जनवरी से प्रारंभ होने वाले भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों ने अपने समस्याओं का निराकरण करने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लिया, लेकिन बहुत सारी समस्याएं जिनका समाधान नहीं हो पाया है, चाहे वह अबुआ आवास का हो जमीन, ऑनलाइन, राशन कार्ड संबंधी हो उन समस्या का समाधान करने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने बीडीओ से संपर्क बनाएं और आम अवाम की जन समस्याओं का समाधान कराये। जिस प्रकार राहुल गांधी 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारंभ कर रहे हैं इस यात्रा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पलामू जिला के सभी पंचायत में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आयोजन किया जायेगा और जन-जन के नेता हम सभी के नेता राहुल गांधी के संदेशों को पलामू जिला के हर घर तक पहुंचाने का काम किया जायेगा।

बैठक में ईश्वरी प्रसाद सिंह, सिद्धनाथ गुप्ता, जितेंद्र कमलापुरी, आशीष शुक्ला, महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, रविंद्र तिवारी, प्रमोद यादव, रंजीत पासवान, परवेज आलम, खुर्शीद आलम आदि लोग मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



अर्जुन अवॉर्ड प्राप्त करने वाले 33 साल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शानदार प्रदर्शन किया था।

# 26 खिलाड़ियों को अर्जुन, 5 कोच को द्रोणाचार्य पुरस्कार:क्रिकेट में शमी शूटिंग में ऐश्वर्य प्रताप अर्जुन अवॉर्डी; सात्विक और चिराग को खेल रत्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रपति भवन में मंगलवार 9 जनवरी को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए गए। इसमें 5 कोच को द्रोणाचार्य तो 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। 3 लोगों को लाइफ टाइम सम्मान से नवाजा गया।

सबसे पहले कोच को द्रोणाचार्य, फिर लाइफ टाइम और इसके बाद खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले फास्ट बॉलर मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। यह जोड़ी फिलहाल मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेल रही है, इसलिए सेरेमनी में शामिल नहीं हुई।

सात्विक-चिराग को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। चिराग और सात्विक के लिए 2023 यादगार रहा। उन्होंने एशियन गेम्स में गोल्ड जीता (एशियन गेम्स के बैडमिंटन इवेंट में भारत का पहला गोल्ड) और एशियन चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस जोड़ी ने इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500 और स्विस सुपर 300 के खिताब भी जीते।

सात्विक-चिराग वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडल विनर हैं और 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी गोल्ड जीतकर लौटे थे। दोनों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड दिया गया, जो भारत में खेलों का सर्वोच्च सम्मान है।

भारतीय विमेंस खो-खो टीम की कप्तान नसरीन शेख को भी अर्जुन अवॉर्ड से नवाजा गया। नसरीन पिछले 25 सालों में अर्जुन अवॉर्ड पाने वाली दूसरी खो-खो खिलाड़ी बनी है। इससे पहले 2020 में सरिका काले सुधाकर ने यह अवॉर्ड जीता था। नसरीन का जन्म दिल्ली के शकूरपुर में हुआ था। उनके पिता, मोहम्मद गफूर, बर्तनों को पॉलिश करके बेचा करते थे। नसरीन ने भारतीय टीम की कप्तानी की और 2019 में टीम को साउथ एशियन गेम्स में गोल्ड जिताया था।

### शमी ने वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लिये



अर्जुन अवॉर्ड प्राप्त करने वाले 33 साल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शानदार प्रदर्शन किया था। टूनार्मेंट में भारत फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारकर उपविजेता रहा। टूनार्मेंट के शुरूआती 4 मैच नहीं खेलने के बावजूद शमी 24 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर रहे।

### लाइफ टाइम (ध्यानचंद अवॉर्ड)

कविता (कबड्डी), मंजूषा कंवर (बैडमिंटन) और विनीत कुमार शर्मा (हॉकी) को लाइफ टाइम (ध्यानचंद पुरस्कार) से नवाजा गया। इस पुरस्कार से उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है जो अपने प्रदर्शन से खेलों में विशेष योगदान दिए हैं। साथ ही जो रिटायरमेंट के बाद भी खेल आयोजन को बढ़ावा देने में अपना सहयोग जारी रखते हैं।

### महिला कांग्रेस कमेटी का मैत्री महासम्मेलन कार्यक्रम संपन्न

# मोदी सरकार में आर्थिक व्यवस्था चरमरायी : गुंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान, में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सीता राणा की अध्यक्षता में एमपीआइ हॉल में मैत्री महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, प्रदेश कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक कुमार सिंह, धनबाद जिला महिला कांग्रेस की प्रभारी प्रिया ओझा, वासुदेव गुप्ता सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस की पदाधिकारीगण एवं हजारों कार्यकर्तागण मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि देशहित व जनकल्याणकारी कार्यों में कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय योगदान रहा है देश में बड़े-बड़े उद्योग कल कारखाने कोलियरियों एवं बैंकों का राष्ट्रीयकरण लोगों के जीवन और जीविका के लिए विभिन्न संस्थाओं में रोजगार की व्यवस्था के साथ कांग्रेस पार्टी ने देश में एक मजबूत नींव रखने का काम किया है। देश में लोग मोदी के चला,चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है और आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने लगभग 4000 किलोमीटर भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में प्रेम भाईचारा और सद्भावना का संदेश देने का काम किया है भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में देश के लाखों लाख लोग जुड़े और राहुल गांधी के यात्रा का समर्थन किया राहुल गांधी ने इस यात्रा के माध्यम से उन्होंने आर्थिक विषमता के मुद्दे उठाया था सामाजिक ध्रुवीकरण के खिलाफ आवाज उठाई थी और राजनीतिक तानाशाही जो आदेश की हकीकत बन गयी है उसके बारे में लोगों को अवगत कराया था भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व में आगामी 14 जनवरी से 20 मार्च तक लगभग 6200 किलोमीटर लंबी भारत न्याय यात्रा जो 14 राज्यों के 85 जिलों से होकर गुजरेगी यह यात्रा आर्थिक न्याय के लिए सामाजिक न्याय के लिए और राजनीतिक न्याय के लिए है इसका उद्देश्य लोकतंत्र को बचाना है संविधान को बचाना है और महंगाई और बेरोजगारी से जो करोड़ों पीड़ित परिवार है उनमें उज्जवल भविष्य का भरोसा जगाना है! कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को शाल ओंढाकर एवं गुलदस्ता देकर धनबाद जिला महिला कांग्रेस पार्टी की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर धनबादं जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक,प्रदेश कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक कुमार सिंह, पिंकी सिंह धनबाद जिला कांग्रेस महिला प्रभारी, प्रिया ओझा, वासुदेव गुप्ता बोकारो महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष, अजंता झा, योगेंद्र सिंह योगी, पप्पू कुमार तिवारी, रीता सिंह, प्रमोद सिंह, बबीता शर्मा, गंगा वाल्मीकि, दुलारी देवी, गुड़िया देवी, सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।




### कैलूडीह आउटसोर्सिंग में वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त

# हड़ताल समाप्त होने से मजदूरों में खुशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया 3 के अंतर्गत कार्यरत कैलूडीह स्थित एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग में सोमवार देर रात महाप्रबंधक कार्यालय में 15 दिनों से चली आ रही हड़ताल, वार्ता के बाद समाप्त हो गया है। उल्लेखनीय है कि यहां डेको में कार्यरत मजदूर एचपीसी मांग को लेकर हड़ताल पर थे। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी के नेतृत्व में रोजगार की मांग को लेकर लोग धरना पर बैठे थे। वार्ता के बाद दोनों का हड़ताल व धरना समाप्त हो गया है। पहली वार्ता विधायक ढुल्लू महतो के साथ महाप्रबंधक जीसी साहा एवं डेको के महाप्रबंधक वाई के सिंह के साथ हुई। जिससे तय हुआ कि अप्रैल माह से एचपीसी के तहत वेतन भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा अन्य मांगों पर भी सहमति बन गई इसी के साथ हड़ताल समाप्त कर दिया गया। वार्ता में विधायक ढुल्लू महतो महाप्रबंधक जीसी साहा डेको के महाप्रबंधक वाई के सिंह, मजदूर नेता छोटे लाल यादव, विक्रम यादव, सुजीत यादव, सनी यादव, संजय भुइयां, त्रिपुरारी चौहान शामिल थे. वहीं दूसरी वार्ता महाप्रबंधक जीसी शाह डेको के महाप्रबंधक ए के सिंह, मधु सिंह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी से वार्ता की सफल वार्ता के बाद अजमूल ने हड़ताल समाप्त कर दिया। अजमूल अंसारी ने बताया कि प्रबंधन ने वादा किया है कि अप्रैल माह से एचपीसी के तहत मजदूरों का भुगतान किया जाएगा साथ ही 75 % स्थानीय नियोजन भी दी जायेगी। इसके अलावे आसपास के क्षेत्र में पानी, बिजली एक माह के अंदर मुहैया कराई जायेगी। इसी आश्वासन के साथ धरना समाप्त कर दिया गया है। अजमूल ने बताया कि 40 कमेटी को प्रबंधन ने भंग कर दिया है और अब जो भी कमेटी बनेगा,उसका देखरेख स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग प्रबंधन करेगी।

## बस्ताकोला में नौवीं की नाबालिग छात्रा ने की आत्महत्या

धनसार (आजाद सिपाही )। झरिया थाना अंतर्गत बस्ताकोला में रहने वाले नौवीं के नाबालिग छात्र ने अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस बस्ताकोला पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हांलाकि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। मृतक के बुआ गायत्री देवी ने पुलिस को बताया कि मृतक के पिता कपिल पासवान एक निजी कंपनी में गार्ड का काम करता है। वहीं मृतक की मां अपने बड़ा पुत्र को लेकर सिंदरी मैयके गयी थी। इधर वह घर मे अकेला था। पिता कपिल रात ड्यूटी कर घर लौटा तो देखा कि उसके घर का दरवाजा अंदर से बंद है। काफी आवाज देने के बाद दरवाजा नहीं खुला। दरवाजे के छिद्र से देखा कि उसका छोटा पुत्र साड़ी से घर के सीलिंग मे फांसी लगा ली है।

# निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**निरसा।** मंगलवार की अहले सुबह निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतुलिया मोड़ के समीप स्थित सेवा क्लिनिक नर्सिंग होम नामक एक गैर मान्यता प्राप्त निजी अस्पताल में एक प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में तूल पकड़ लिया। इसके बाद आसपास की सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण तथा परिजन इकट्ठा हो गये। मामला एक दिन पूर्व की रात का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरसा प्रखंड अंतर्गत बड़ाईगड़ा की महिला लुगुमनी मरांडी को प्रसव पीड़ा होती है और इस 22 वर्षीय महिला को उक्त अस्पताल में भर्ती कराया जाता है जिसका बीती देर रात के 2:00 बजे ऑपरेशन कर-के बच्चा होता है और ठीक 1 घंटे बाद उसकी तबीयत बिगड़ जाती है और देखते ही देखते महिला की मौत हो जाती है। इसके बाद ग्रामीण तथा परिजन को सूचना मिलने के बाद वहां जुटते हैं और डॉक्टर द्वारा इलाज में लापरवाही का कारण बताते हुए हंगामा करते हैं। उक्त अस्पताल बिना किसी समुचित व्यवस्था जो स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी की जाती है बिना उसके निर्देश गाइडलाइन का पालन करते हुए अस्पताल चलाए जा रहा था जहां यह घटना घटी । घटना के बाद जन प्रतिनिधियों तथा परिजन और ग्रामीण अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर मामला को रफा दफा करने का प्रयास में जुट गयी बाद में मृतक के परिजनों को लिखित रूप से चार लाख मुआवजा की तौर पे राशि देकर मामला को रफा दफा कर दिया गया। वहीं इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार पासवान ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है और इसकी जांच कर दोषी व्यक्ति को कानूनी कार्रवाई की जायेगी किसी भी हालत पर ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे ही झोलाछाप डॉक्टरों के चलते आम लोगों की जिंदगी चली जाती है स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्देश भी है कि ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित कर उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाए ।

## बंद घर से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



धनबाद (आजाद सिपाही)। जिले में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है ।चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। ताजा मामला धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र के जगजीवन नगर न्यू कॉलोनी का है जहां एक बंद घर का ताला तोड़ कर लाखो की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद पड़ोसियों द्वारा घर के मालिक अरुण कुमार को सूचित किया गया। अरुण कुमार जो एचईसी से रिटायर होने के बाद रांची में ही रहते है और बीच बीच में धनबाद आ कर घर की साफ सफाई कर चले जाते थे। वहीं मीडिया से बात करते हुए अरुण कुमार ने बताया कि पड़ोस के लोगो ने फोन कर जानकारी दी थी की घर का ताला टूटा हुआ है फिर हमने यहां रहने वाले रिश्तेदार को भेजा था। वहीं आज धनबाद पहुंचे तो देखा की घर के अंदर दोनो रूम का ताला टूटा हुआ और घर का समान बिखरा हुआ है

**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक–1317 / दिनांक– 05.01.2023 के द्वारा राज्य में पूर्व से संचालित सभी आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने नव स्वीकृत आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए प्रशिक्षुओं का चयन हेतु प्रमण्डल स्तर पर तदोपरान्त राज्य स्तर पर **बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची में दिनांक– 10.01.2024 एवं 11.01.2024 तक** प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभावान प्रशिक्षुओं (एथलेटिक्स (बालक), हॉकी (बालक एवं बालिका),तीरंदाजी (बालक एवं बालिका), फुटबॉल (बालक एवं बालिका), बैडमिन्टन (बालक) ) का चयन किया जाना निर्धारित है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR315467 (Simdega)23-24*D

## तस्कीन ने क्लैट की परीक्षा में पाया दसवां स्थान



झरिया (आजाद सिपाही)। डिगवाडीह की तस्कीन ने संयुक्त विधि प्रवेश परीक्षा में दसवां स्थान प्राप्त किया है। फिलहाल वे कार्मेल स्कूल से वह अपनी 12वीं की पढ़ाई कर रही हैं। उनकी इस सफलता पर पिता जावेद अख्तर और माता डॉ मीनू अख्तर ने हर्ष जताया है। तस्कीन ने बताया कि उन्होंने अपनी दसवीं की पढ़ाई कार्मल डिगवाडीह से पूरी कर चुकी हैं। क्लैट में दसवां स्थान मिलने पर वे अब नेशनल ला यूनिवर्सिटी रांची में नामांकन लेंगी। उनकी इच्छा जज बनने की है। बताया कि पिता व्यवसायी हैं और मां बोकारो स्टील सिटी कालेज में प्रोफेसर हैं। उनकी मां मीनू अख्तर को राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त हुआ और इंडिया प्राइम व्यूमन आइकान अवार्ड 2022 से सम्मानित किया जा चुका है। यह भी कहा कि उन्हें माता–पिता से शिक्षा को लेकर काफी प्रेरणा मिली है।

# डीसी रेल लाइन पर डीजीएमएस षड्यंत्र रचना बंद करें : ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कतरास रेलवे स्टेशन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीजीएमएस के निदेशक प्रभात कुमार द्वारा डीसी रेल लाइन को खतरा बताए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। विधायक ने कहा कि अगर रेल मार्ग को खतरा है तो सरकार डीजीएमएस को किस बात के लिए रखी है। कहीं खतरा है तो डीजीएमएस उसे दुरुस्त करे। विज्ञान का युग है कोई काम असंभव नहीं है, डीजीएमएस को आग बुझाने के दिशा में बड़ा कदम उठाना चाहिए। डीजीएमएस का पूरे देश में नाम है ऑफिस में बैठकर षड्यंत्र ना रचे डीसी लाइन को अगर बंद करने का सोचा भी गया तो एरिया 1 से लेकर एरिया 12 तक का बीसीसीएल का चक्का जाम कर देंगे। बीसीसीएल तथा रेल प्रबंधक 24 घंटा इस रेल लाइन पर नजर रखे हुए हैं कहीं कोई खतरा नहीं है, ढुल्लू महतो ने बीसीसीएल प्रबंधन से भी रेल मार्ग को बचाने में पहल करने की अपील की है।

मौके पर मुकेश झा, शैलेश बर्मन, महेश पासवान, भरत शर्मा, सुर्यदेव मिश्रा, बब्लू बनर्जी, प्रकाश राम गुमा, श्याम किशोर, कुंदन सिंह, दिनेश उपाध्याय, बलबीर सिंह, सुरेश शर्मा, विजय शंकर चौहान, बबलू बर्मन, अनिल पाडेय, रामकुमार साहु, चंदन चौहान, निलेश सिंह, राकेश हजारी, प्रदीप गुप्ता, संतोष चौधरी, गौतम गोस्वामी, गिता शर्मा, राजेश चौहान, आनंद यादव आदि उपस्थित थे।

## टुसू पर्व झारखंड प्रदेश का मुख्य पर्व है : मंटू महतो




**तोपचांची।** मंगलवार को तोपचांची प्रखंड युवा एकता मंच की ओर से टुसु शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। यह 'टुसू शोभा यात्रा' स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो एवं स्वर्गीय टेकलाल महतो के स्टैचू मानटांड से शुरू हुआ जो तोपचांची, जीटी रोड,हटिया मैदान, तोपचांची थाना, सुभाष चौक, वाटर बोर्ड मोड होते हुए लीची बगान के लिए आगे बढ़ा। इसमें डीजे की धुन पर एवं परंपरागत ढोल मांदर के थाप पर बच्चा–बच्ची, महिला–पुरुष, युवा पारंपरिक टुसू गीत संगीत पर जमकर नाच गान करते हुए नजर आए। जगह–जगह लोग शोभा यात्रा में जुटते चले गए ।

# कल से चलेगा इवीएम अभियान : डीइओ

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 10 जनवरी से आगामी 28 फरवरी तक जिले में ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (इवीएम) एवं वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसकी जानकारी मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीइओ) कुलदीप चौधरी ने दी। वह समाहरणालय सभागार में संवाददाताओं को जानकारी दे रहें थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने बताया कि हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कैप सर्वे कराया गया था। जिसमें यह तथ्य सामने आया था कि आम लोगों में ईवीएम और वीवीपैट को लेकर जो जागरूकता का स्तर होना चाहिए था वह नहीं है। इसलिए आयोग ने पूरे देश में इवीएम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में पूरे जिले में भी इवीएम जागरूकता अभियान आयोजित होगा।

उन्होंने जिले के मतदाताओं के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों से भी अपील की है मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, आयुक्त कीर्ती जी, अपर नगर आयुक्त सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मेनका, अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, डीएलएमटी सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह एवं आजसु, झामुमो, कांग्रेस, भाजपा, राजद, सीपीआइ पार्टी के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा।**
(खनन शाखा)

**बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति– अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना।**

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | | प्लॉट नम्बर | रकबा (हे0 में) | Yearly Excavation in Tonnes | e- Tender Reference No :- | बेवसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई– निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं शर्त्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dudhi 01 | Jainagar | Jamkati | 1 | 0.38 | 3534 | Dudhi01/01/23-24 | 09.01.2024 | 16.01.2024 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 17.01.2024 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| | | Chandwara | Kanko | 135 | | | | | | | | |
| | | Chandwara | Pokdanda | 987 | | | | | | | | |
| 2 | Dudhi 02 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.09 | 837 | Dudhi02/02/23-24 | | | | | |
| 3 | Dudhi 03 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.16 | 1488 | Dudhi03/03/23-24 | | | | | |
| 4 | Dudhi 04 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.18 | 1674 | Dudhi04/04/23-24 | | | | | |
| 5 | Dudhi 05 | Chandwara | Garaindih | 373 | 0.08 | 744 | Dudhi05/05/23-24 | | | | | |
| 6 | Dudhi 06 | Chandwara | Garaindih | 699 | 0.65 | 6045 | Dudhi06/06/23-24 | | | | | |
| | | Chandwara | Garaindih | 373 | | | | | | | | |
| | | Chandwara | Majhgaon | 799 | | | | | | | | |
| 7 | Akto 01 | Jainagar | Gopaldoh | 1361 | 0.74 | 6970.8 | Akto01/07/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Kakarcholi | 1 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Kakarcholi | 307 | | | | | | | | |
| 8 | Akto 02 | Jainagar | Gopaldoh | 1361 | 0.63 | 5934.6 | Akto02/08/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Kakarcholi | 1 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Kakarcholi | 307 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Santh | 731 | | | | | | | | |
| 9 | Akto 04 | Jainagar | Behradih | 1586 | 0.49 | 4615.8 | Akto04/10/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 1700 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 753 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 1468 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Mandaria | 843 | | | | | | | | |
| 10 | Akto 05 | Jainagar | Behradih | 1586 | 0.76 | 7159.2 | Akto05/11/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 1700 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 753 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 1468 | | | | | | | | |
| 11 | Akto 06 | Jainagar | Behradih | 1586 | 0.94 | 8854.8 | Akto06/12/23-24 | 09.01.2024 | 16.01.2024 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 17.01.2024 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| | | Jainagar | Jogiatila | 1700 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 753 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 1468 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Tilokri | 1502 | | | | | | | | |
| 12 | Akto 08 | Jainagar | Jogiatila | 1700 | 1.69 | 15919.8 | Akto08/14/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 753 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Jogiatila | 1468 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Tilokri | 1502 | | | | | | | | |
| 13 | Keso 01 | Markacho | Birajpur | 1 | 0.89 | 16767.6 | Keso01/16/23-24 | | | | | |
| | | Domchanch | Nimadih | 1066 | | | | | | | | |
| | | Markacho | Bansdih | 911 | | | | | | | | |
| | | Markacho | Bansdih | 1129 | | | | | | | | |
| | | Markacho | Bansdih | 1 | | | | | | | | |
| | | Markacho | Bansdih | 1132 | | | | | | | | |
| | | Markacho | Bansdih | 2 | | | | | | | | |
| 14 | Keso 07 | Markacho | Nagirto | 391 | 0.6 | 11304 | Keso07/22/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 1 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 286 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 925 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 916 | | | | | | | | |
| 15 | Keso 08 | Markacho | Nagirto | 391 | 0.33 | 6217.2 | Keso08/23/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 1 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 286 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 925 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 916 | | | | | | | | |
| 16 | Keso 09 | Markacho | Nagirto | 391 | 1.24 | 23361.6 | Keso09/24/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 1 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 286 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 925 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 916 | | | | | | | | |
| 17 | Keso 10 | Jainagar | Badulia | 1 | 0.39 | 7347.6 | Keso10/25/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 286 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 925 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 916 | | | | | | | | |
| 18 | Keso 11 | Jainagar | Badulia | 1 | 0.95 | 17898 | Keso11/26/23-24 | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 286 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 925 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 916 | | | | | | | | |
| | | Markacho | Chopnadih | 289 | | | | | | | | |
| 19 | Keso 13 | Jainagar | Badulia | 1 | 1.74 | 32781.6 | Keso13/28/23-24 | 09.01.2024 | 16.01.2024 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 17.01.2024 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| | | Jainagar | Badulia | 286 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 925 | | | | | | | | |
| | | Jainagar | Badulia | 916 | | | | | | | | |
| | | Markacho | Beladih | 1 | | | | | | | | |
| | | Markacho | Beladih | 904 | | | | | | | | |
| 20 | Keso 16 | Markacho | Dasaro Khurd | 2263 | 1.00 | 18840 | Keso16/31/23-24 | | | | | |
| | | Markacho | Dasaro Khurd | 1890 | | | | | | | | |

नोट :– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत यचनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी
कोडरमा।

अपर समाहर्त्ता
कोडरमा।

उपायुक्त
कोडरमा।

PR 315501 (Mines and Geology) 23-24 (D)

# जिंदल ने 250 एकड़ के संयंत्र में 1000 करोड़ निवेश के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ किया एमओयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** जिंदल एडवांस्ड मटीरियल्स ने दक्षिण भारत में लगभग 1,000 करोड़ रुपये के रणनीतिक निवेश के साथ अपना पहला संयंत्र स्थापित करने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। अत्याधुनिक संयंत्र त्रिची के 250 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया जायेगा और इससे लगभग 3,000 नौकरियां सृजित होंगी। चेन्नई में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में जेएएम के निदेशक सीपी अग्रवाल और तमिलनाडु सरकार के मार्गदर्शन, उद्योग, निवेश संवर्धन एवं वाणिज्य विभाग के एमडी एवं सीइओ, वी विष्णु ने संयुक्त रूप से सहमति पत्र परसोमवारको हस्ताक्षर किये। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन,



तमिलनाडु के उद्योग राज्य मंत्री डॉ टीआरबी राजा और तमिलनाडु सरकार के मुख्य सचिव शिव दास मीणा सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के समय मौजूद रहे। जेएएम संयंत्र में नवीन मिश्रित सामग्री का उत्पादन किया जायेगा। यह पूरे भारत में कंपनी का चौथा संयंत्र होगा और अगले सात वर्षों में चरणबद्ध तरीके से चालू होगा। एमओयू के अनुसार तमिलनाडु सरकार ने आवश्यक बुनियादी ढांचे और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अटूट समर्थन देने का वादा किया है।

इस अवसर पर जेएएम के निदेशक सीपी अग्रवाल ने कहा कि यह सहमति पत्र दक्षिण में हमारे ग्राहक सेवा अनुभव को बेहतर बनाने में सहायक होगा। तमिलनाडु का मजबूत बुनियादी ढांचा, बेहतर व्यापार अवसरों के लिए त्रिचीकीबंदरगाह से निकटताऔर बुनियादी ढांचे व एयरोस्पेस क्षेत्रों में मौजूदा पारिस्थितिकी तंत्र हमारे लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को और अधिक विस्तार देने के लिहाज से लाभदायक है। हमारा ध्यान अपनी पेशकशों के माध्यम से सतत विकास और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने पर है। तमिलनाडु सरकार के मार्गदर्शन, उद्योग, निवेश संवर्धन और वाणिज्य विभाग के एमडी और सीइओ वीविष्णु ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मैं हमारे दृष्टिकोण को समझने के लिए निवेशकों, विचारकों, नीति निर्माताओं और शिक्षा जगत का आभारी हूं। यह तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 की सफलता में परिलक्षित होता है। तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा पहले से ही मौजूद है और यह इन्फ्रा व एयरोस्पेससे जुड़े उद्योगों को मजबूत करेगा, जिस पर जेएएम का भी ध्यान है। दक्षिण भारत के बाकी हिस्सों से तमिलनाडु की केंद्रीय कनेक्टिविटी को देखते हुए, जेएएमके साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर से शहर के औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। विश्व स्तर पर, मिश्रित सामग्री को उनके विशिष्ट फायदों जैसे कि तीन गुना हल्के वजन, दोगुनी मजबूती, जंग प्रतिरोधी और गैर-सुचालक होने के कारण प्राथमिकता मिली है।




## गीताज्ञान यज्ञ 11 से

**भुवनेश्वर।** 11 से 13 जनवरी तक प्रज्ञान मिशन भुवनेश्वर में बीएमसी कल्याण मंडप धमणा चौंक चंद्रशेखरपुर भुवनेश्वर के पास गीताज्ञान यज्ञ होगा। सत्संग में गुरुजी परमहंस प्रज्ञानानंद श्रीमद्भागवत गीता के चौथे अध्याय ज्ञान, कर्म और संन्यास योग पर आश्रि बच्चन देंगे। शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे तक भक्ति संगीत कार्यक्रम और 6:30 बजे से 8:30 बजे तक सत्संग कार्यक्रम होगा।

## मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया मालकानगिरी हवाई अड्डे का उद्घाटन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मालकानगिरी ने हवाई मार्ग से जुड़ कर इतिहास रचा दिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को मालकानगिरी में हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। इससे मालकानगिरी का सपना पूरा हो गया है। मालकानगिरी को हवाई मार्ग मानचित्र पर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इससे मालकानगिरी जिले और आसपास के क्षेत्रों में संचार, पर्यटन और व्यापार में बड़े पैमाने पर वृद्धि होगी। उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री के साथ 5टी और नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष वी कार्तिक पांडियान भी उपस्थित थे।

# पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने अंडर 17 बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने छह और सात जनवरी को रेलवे इंडोर स्टेडियम के परिसर में अंडर 17 बास्केटबॉल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें कुल 18 स्कूल टीमों (10




लड़कों की टीमों और 8 लड़कियों की टीमों) ने भाग लिया है। बालिका वर्ग में किस स्कूल और बालक वर्ग में मदर्स पब्लिक स्कूल ने जीत हासिल की है। समापन समारोह में पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा मुख्य अतिथि थे।

# वेदांता एल्यूमिनियम इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट में शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादकों में शामिल वेदांता एल्यूमिनियम इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट (आइएआइ) में नया सदस्य बन गया है। यह कंपनी भारत में एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक है। इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट एकमात्र संगठन है, जो वैश्विक प्राइमरी एल्यूमिनियम उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है। वित्तीय वर्ष 2023 में कंपनी ने 22.9 लाख टन एल्यूमिनियम का उत्पादन किया,



जो देश के कुल एल्यूमिनियम उत्पादन का तकरीबन 60 प्रतिशत है। इस उत्पादन के साथ कंपनी दुनिया की 10 सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादकों में शामिल हो गयी है। एल्यूमिनियम को भविष्य की धातु कहा जाता है। यह धातु ऊर्जा के मामले में परिवर्तन हेतु सहायक होने के साथ ही महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकियों और सस्टेनेबल अनुप्रयोगों में योगदान कर रही है।

वेदांता एल्यूमिनियम दुनिया भर के बाजारों में प्रचालन करती है और 60 से अधिक देशों में इसके ग्राहक हैं। इनके उत्पादों का प्रयोग ऑटोमोटिव, बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रिकल्स, कंज्यूमर गुड्स व पैकेजिंग तथा नये उभरते क्षेत्र जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय, हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग, एयरोस्पेस एवं रक्षा आदि उद्योगों में होता है।

इस सदस्यता पर वेदांता एल्यूमिनियम के सीइओ जॉन स्लेवन ने कहा कि इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट में शामिल होकर हम बहुत रोमांचित हैं। हम एल्यूमिनियम उद्योग के भीतर सस्टेनेबिलिटी को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।










# भारत की संस्कृति और जीवन शैली को समृद्ध करने में जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली के योगदान पर संगोष्ठी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत की संस्कृति और जीवन शैली को समृद्ध करने में जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली के योगदान पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसर में किया गया। संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा नयी दिल्ली में जनजातीय ज्ञान अनुसंधान केंद्र (टीकेआरसी) और ओड़िशा में वनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से किया जा रहा है। दो दिवसीय संगोष्ठी का औपचारिक उद्घाटन ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर ट्राइफेड के उपाध्यक्ष पवित्र कहार मुख्य अतिथि थे और टीकेआरसी के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य डॉ विनोद कुमार सम्मानित अतिथि थे।

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागूनाथ भोई ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के वरिष्ठ सदस्य गिरीश कुबेर, आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता श्याम प्रसाद और ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर एवं संगोष्ठी के आयोजक डॉ कपिला खेमुंडू भी उपस्थित थे।




सेमिनार का उद्घाटन करते हुए प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि आदिवासियों की जीवन शैली अनूठी है और सभी लोगों को इसका पालन करना चाहिए। आदिवासियों की खुशी का स्तर अद्भुत है और उन्हें भौतिक जरूरतों के लिए कभी लालच नहीं होता है। वे अपने जीवन में जो कुछ भी कमाते हैं उससे खुश होते हैं। हम शिक्षित हैं, लेकिन हम पश्चिमी संस्कृति का पालन करके अपनी संस्कृति को भूल गये हैं। इसलिए अगर हम इस दुनिया में खुशी चाहते हैं, तो हमें आदिवासी संस्कृति का पालन करना चाहिए। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों से आग्रह किया कि वे छात्रों को किसी भी दिन कम से कम 10 घंटे के लिए आदिवासियों के साथ रहने के लिए ले जायें।

श्री कुबेर ने भारत के विकास में जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली के योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की वास्तविक समस्याओं को उजागर करने के लिए उचित शोध की आवश्यकता है और नीति निर्माताओं से तदनुसार योजना बनाने का आग्रह किया।

डॉ कपिला खेमुंडू ने स्वागत भाषण दिया और संगोष्ठी के उद्देश्य के बारे में बताया।

इस अवसर पर प्रख्यात हस्तियों ने प्रोफेसर शिव रामकृष्ण द्वारा लिखित पुस्तक 'द हेल्थ ऑफ हिल्स इज द वेल्थ ऑफ प्लेन्स' का विमोचन किया। इस अवसर पर, जनजातीय संस्कृति और विकास के प्रति योगदान के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी के सह-संयोजक डॉ बीके श्रीनिवास ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि एसोसिएट प्रो डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

उद्घाटन सत्र में बड़ी संख्या में प्रख्यात हस्तियों, वनवासी कल्याण आश्रमों और अन्य आदिवासी संगठनों के संकाय सदस्यों, छात्रों और विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर पद्मश्री गोवर्धन पनिका, वनवासी कल्याण आश्रम के संगठन मंत्री जयशंकर प्रसाद खड़ंगा, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विभाग के प्रो शरत कुमार पालिता, शिक्षा विभाग के प्रो भरत कुमार पांडा, प्रख्यात प्रो शिवा रामकृष्ण, एसजे विश्वामित्र उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलपति और गणमान्य व्यक्तियों ने बीसीएनआर विभाग के डॉ देबब्रत पांडा द्वारा आयोजित पारंपरिक भोजन और बाजरा उत्सव का उद्घाटन किया।













वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**